kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-202 | मंगलवार, 26 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना चाहिए कि विधायी निकायों में विचारों की स्पष्ट अभिव्यक्ति जारी रहे, तथा सहमति और असहमति दोनों के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत किया जाए। **ओम बिरला**

चुनाव पारदर्शिता पर आयोग की ओर से छह माह में दलों के साथ 4700 से अधिक बैठकें 11

पंजाब में आतंकी साजिश नाकाम, चार हथगोले दो किलो आरडीएक्स युक्त आईईडी बरामद 12

# जो मोमेंटम हमने बनाया है, वह हमारी स्पेस जर्नी को आगे बढ़ाने में बहुत मदद करेगाः शुभांशु

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**गौरवगाथा**

- मुख्यमंत्री योगी से मिले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला
- चुनौतियों से घबरायें नही, यह न सोचें होगा या नहीं : शुभांशु

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफल मिशन पूरा कर लौटे लखनऊ के गौरव, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। शुभान्शु शुक्ला हाल ही में भारत लौटे हैं और पहली बार सोमवार को अपने गृह प्रदेश उत्तर प्रदेश आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें मिशन की सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री आवास पर पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा करते हुए शुभांशु शुक्ला ने कहा, ''जिस तरह का उत्साह और जिस तरह का एक्साइटमेंट मुझे देखने को मिला है, उससे मैं सच में बहुत कृतज्ञ महसूस कर रहा हूँ।

ऐसा लग रहा है जैसे मैं घर वापस आया हूँ, और यह बहुत अच्छा लगा। यहां आकर जिस तरह का एक्साइटमेंट देखने को मिला और जिस तरह का प्यार व सपोर्ट लोग दिखा रहे हैं, उससे मैं बहुत खुश हूँ। मुझे गर्व है कि मेरे एक मिशन के जरिए इतना उत्साह क्रिएट हो पाया है। इस बात से मैं और भी प्रोत्साहित हूं कि जो मोमेंटम हमने बनाया है, वह हमारी स्पेस जर्नी को और आगे बढ़ाने में, जहां हम पहुंचना चाहते हैं वहाँ पहुंचने में, निश्चित ही बहुत मदद करेगा। अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करके लौटे पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को छात्रों को सलाह देते हुये कहा कि चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका डट कर सामना करने से सफलता शत प्रतिशत



मिलती है। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) विस्तार की शाखा में अपने अभिनंदन समारोह के दौरान उन्होने युवा छात्रों से कहा जब भी कोई नई चुनौती आपके सामने आए, तो आप उसे हाथ में लीजिए। यह मत सोचिए कि वह होगा या नहीं होगा। आप जब उस काम को आगे बढ़ाएंगे तो सफलता आपको निश्चित मिलेगी। उन्होने कहा कि वर्ष 2040 में चांद पर जाने की बात हो रही है। वह चाहते हैं कि बच्चे इतनी तैयारी करें कि उनके साथ आए। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि मेहनत से पढ़ाई करें, अनुशासन और ● शेष पेज 11 पर

### अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शुभांशु प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस अभियान से पूरी दुनिया ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ताकत देखी है। इस अनुभव का हमें भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति की योजना शुरू करेगी जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चार दशक बाद भारत को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला। हर भारतवासी शुभांशु की यात्रा को विश्वास के साथ देख रहा था। उन्होंने कहा कि शुभांशु के पिता सचिवालय प्रशासन के कर्मचारी रहे हैं। उनके संस्कारों के कारण ही भारत का सम्मान बढ़ा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। अंतरिक्ष यात्रा के दौरान 18 दिनों में शुभांशु ने 300 से भी अधिक बार पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की है। ऐसे बहुत सारे लोग लखनऊ में रहते हैं जो कि अपने पूरे जीवन में पूरा लखनऊ भी नहीं घूम पाते हैं। शुभांशु ने पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की। यह अद्भुत है। सीएम योगी ने कहा कि ये हमारे देश के लिए आज की ही सफलता नहीं है बल्कि उस विरासत का हिस्सा है जो कि हमारे जीन्स में पहले से ही मौजूद है। ये हमारे देश की अविश्वविसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन है। शुभांशु का अनुभव हमारे देश के अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े अन्य मिशन में मदद करने वाला साबित होगा। उनके अनुभवों से हमारी नई पीढ़ी सीखेगी।

## संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस विपुल पंचोली को पदोन्नत करने की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 25 अगस्त 2025 को हुई बैठक में दो वरिष्ठ हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीशों को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की सिफारिश की है। कोलेजियम ने बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आलोक अराधे और पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली के नाम प्रस्तावित किए हैं। अगर केंद्र सरकार इस सिफारिश को मंजूरी देती है, तो सुप्रीम कोर्ट अपने 34 न्यायाधीशों की स्वीकृत पूर्ण संख्या तक पहुंच जाएगा। यह निर्णय पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने लिया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में वर्तमान में रिक्तियां हैं, जिन्हें भरना न्यायालय की पूर्ण कार्य क्षमता बनाए रखने और लंबित मामलों के निस्तारण में मदद के लिए आवश्यक है। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया कॉलेजियम द्वारा शुरू की जाती है। 'मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर' के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश प्रस्ताव आरंभ करते हैं और कॉलेजियम से परामर्श करते हैं। इसके बाद यह सिफारिश केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री को भेजी जाती है, जो इसे प्रधानमंत्री के माध्यम से राष्ट्रपति को सलाह के लिए अग्रेषित करते हैं, और अंततः राष्ट्रपति नियुक्ति करते हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 25 अगस्त 2025 को जारी बयान में इन दोनों मुख्य न्यायाधीशों की पदोन्नति की सिफारिश औपचारिक रूप से घोषित की गई।

### 'रण संवाद' में युद्ध और रण कौशल पर गहन मंथन करेंगे शीर्ष सैन्य कमांडर

**नयी दिल्ली।** तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडर महू स्थित 'आर्मी वॉर कॉलेज' में दो दिन तक चलने वाले विशेष सेमिनार 'रण संवाद 2025' में युद्ध, युद्ध कला और युद्ध संचालन पर गहन मंथन करेंगे जिसके बाद एक संयुक्त सिद्धांत और सैद्धांतिक एवं क्षमता रोड़मैप जारी किया जायेगा। सेमिनार के अंतिम दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कमांडरों को संबोधित करेंगे जबकि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान उद्घाटन भाषण देंगे। यह आयोजन अपनी तरह की एक अनूठी पहल है जिसमें हर विषय पर सत्र का नेतृत्व करने वाले सेवारत अधिकारी आधुनिक युद्धक्षेत्रों में अपने प्रत्यक्ष संचालन अनुभव और विचार साझा करेंगे। इसका आयोजन रक्षा स्टाफ मुख्यालय और संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र द्वारा किया गया है। रण संवाद-2025 का उद्देश्य सभी सशस्त्र बलों के बीच बातचीत, संपर्क और तालमेल को बढ़ाना है। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ-साथ प्रसिद्ध रक्षा विशेषज्ञ और रक्षा उद्योग के प्रमुखों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें सार्थक संवाद के माध्यम से सूचना युद्ध और 'ग्रे ज़ोन आइकॉन' से लेकर 'ऑपरेशन फ्यूचर' और युद्ध तकनीक के विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# दुनिया में हर कोई आर्थिक हितों पर राजनीति कर रहा

## टैरिफ पर ट्रम्प को मोदी का जवाब

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया में आज हम आर्थिक स्वार्थ वाली नीतियां देख रहे हैं। मैं अपने लघु उद्यमियों और किसानों से कहूंगा कि मैं आपको वादा करता हूं, मोदी के लिए आपके हित सबसे ऊपर हैं। मेरी सरकार लघु उद्यमियों और किसानों, पशुपालकों का कभी भी अहित नहीं होने देगी, दबाव कितना ही क्यों न आए, हम झेलने की अपनी ताक़त बढ़ाते जाएंगे। मैं आपसे बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है।'

उन्होंने ट्रम्प के टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- ''मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे।' अमेरिका भारत पर 27 अगस्त से 50% टैरिफ लगा रहा है। उन्होंने अपनी स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, कांग्रेस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया। गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम-इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में एक भव्य रोड शो किया, इस दौरान पूरे रास्ते भारी भीड़ उमड़ी रही। इसके बाद, प्रधानमंत्री ने 5,400 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने आगे कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत अभियान को गुजरात से बहुत ऊर्जा मिल रही है। आज की नौजवान पीढ़ी ने वो दिन नहीं देखे हैं, जब यहां आए दिन कर्फ्यू लगा रहता था। यहां व्यापार और कारोबार करना मुश्किल कर दिया जाता था। लेकिन आज अहमदाबाद देश के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है, और ये आप सभी ने करके दिखाया है। पीएम मोदी ने कहा, ''गुजरात में शांति और सुरक्षा के वातावरण के सुखद परिणाम हम चारों तरफ देख रहे हैं। पूरा गुजरात यह देखकर गर्व करता है कि कैसे हमारा सूबा मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। उन्होंने कहा कि मॉनसून के इस सीजन में गुजरात में भी कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। देश में भी जिस प्रकार से बादल फटने की एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं, जब टीवी पर विनाशलीला देखते हैं, तो अपने आप को संभालना मुश्किल हो जाता है। मैं सभी प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति का ये प्रकोप पूरे मानव जाति और देश के लिए चुनौती बना हुआ है। केंद्र सरकार सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर राहत और बचाव के काम में जुटी हुई है।



- दवाब कितना भी आए, हम रास्ता निकालेंगे, छोटे उद्यमी-किसान सर्वोपरि

नरेंद्र मोदी ने कहा, ''गुजरात की ये धरती दो मोहन की धरती है। एक सुदर्शन चक्रधारी मोहन यानी हमारे श्रीकृष्ण, दूसरे चरखाधारी मोहन यानी साबरमती के संत पूज्य बापू। भारत आज इन दोनों के दिखाए रास्ते पर चल करके निरंतर सशक्त होता जा रहा है। सुदर्शन चक्रधारी मोहन ने हमें सिखाया है कि देश और समाज की रक्षा कैसे करते हैं। उन्होंने सुदर्शन चक्र को न्याय और सुरक्षा का कवच बनाया है, जो दुश्मन को पाताल में भी खोजकर सज़ा देता है। और यही भाव आज भारत के फैसलों में भी देश अनुभव कर रहा है, दुनिया भी अनुभव कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''आज आतंकवादी और उनके आकाओं को हम छोड़ते नहीं, चाहे वो कहीं भी छुपे हों। दुनिया ने देखा है कि पहलगाम का बदला भारत ने कैसे लिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारे सेना के शौर्य का प्रतीक बन गया। उन्होंने आगे कहा कि चरखाधारी मोहन हमारे पूज्य बापू ने भारत समृद्धि का रास्ता स्वदेशी में बताया था। बापू का आश्रम इस बात साक्षी है कि जिस पार्टी ने उनका नाम लेकर दशकों तक सत्ता का सुख भोगते रहे, उसने बापू की आत्मा को कुचल दिया और स्वदेशी के बापू के मंत्र के साथ क्या किया। नरेंद्र मोदी ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रेजुएशन की डिग्री का विवरण पब्लिक करने के लिए बाध्य नहीं है। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयुक्त के डिग्री जारी करने के आदेश को खारिज कर दिया है।

साल 2016 में, केंद्रीय सूचना आयोग ने 1978 में बीए का एग्जाम पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड की जांच की अनुमति दी थी, और कहा जाता है कि उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह एग्जाम पास किया था। दिल्ली विश्वविद्यालय ने सीआईसी के इस आदेश को चुनौती दी थी, जिस पर जनवरी 2017 में पहली सुनवाई के दिन रोक लगा दी गई थी। सुनवाई के दौरान, विश्वविद्यालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि 'निजता का अधिकार' 'जानने के अधिकार' से ज़्यादा अहम है। हालांकि, विश्वविद्यालय ने अदालत को बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री रिकॉर्ड ● शेष पेज 11 पर



- हाई कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग पैनल के आदेश को किया खारिज

# भूस्वामियों को झुग्गी-झोपड़ियों के पुनर्विकास का पहला अधिकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि महाराष्ट्र झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अधिनियम, 1971 के तहत,अधिसूचित भूमि के पुनर्विकास का पहला अधिकार भूस्वामी को है और राज्य ऐसी जमीन के अधिग्रहण के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकता जब तक भूस्वामी का अधिकार खत्म ना कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के कुर्ला में भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक विवाद का निपटारा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) को अनिवार्य रूप से भूस्वामी को झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास योजना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए नोटिस जारी करना आवश्यक है। इसके बाद भूस्वामी को ऐसी योजना उचित अवधि के भीतर प्रस्तुत करनी होगी। न्यायालय ने ● शेष पेज 11 पर

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेनाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों का पूरा साथ मिला : राजनाथ

एजेंसी

जोधपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने सेनाओं का पूरा साथ दिया जिससे यह साबित होता है कि देश का हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक और समर्पित है। श्री सिंह ने सोमवार को यहां रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि संकट के समय यदि नागरिक विशेष रूप से युवा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे तो देश इस तरह की स्थिति का मजबूती से सामना करा सकता है। उन्होंने कहा ,ह्लऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों ने सशस्त्र बलों को पूर्ण समर्थन दिया, जो इस



बात का प्रमाण है कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सरकार या सेना की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि नागरिक विशेषकर युवा, अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहें, तो देश किसी भी कठिनाई का सामना कर सकता है और मजबूत बन सकता है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युवाओं के उत्साह और दृढ़ संकल्प की सराहना की। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का करारा जवाब दिया और निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ हासिल किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की धर्म के आधार पर उनकी हत्या की, वहीं भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वालों का उनके कर्मों के आधार पर खात्मा किया। उन्होंने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान ● शेष पेज 11 पर

# बुलंदशहर में सड़क हादसे में नौ मरे, 42 घायल

एजेंसी

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी जबकि 42 अन्य घायल हो गये जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुयी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों का उपचार सरकार के खर्चे पर किया जायेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ़्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर




मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरों थाना क्षेत्र के रफयादपुर गाँव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। घटाला गांव के पास पहुँची, तेज़ रफ़्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। इस हादसे में करीब 43 लोग घायल हो गये जबकि आठ की मृत्यु हो गयी। ● शेष पेज 11 पर

## राहुल ने संसद में लालू को बचाने वाला अध्यादेश फाड़ा था, सरकार गई तो सुर बदले

# जेल से सरकार चलाना लोकतंत्र के लिए अपमानजनक : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जेल से सरकार चलाना लोकतंत्र के लिए अपमानजनक है। देश में लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि कोई भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री जेल में रहकर शासन न चलाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस प्रावधान को 130वें संविधान संशोधन में शामिल कराया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि सत्ता का कोई भी पद कानून से ऊपर नहीं है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, अमित शाह ने एक मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 130वें संविधान संशोधन विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी गंभीर आरोप में गिरफ्तार होते हैं और उन्हें 30 दिनों तक जमानत नहीं मिलती है, तो वे स्वतः पदमुक्त हो जाएंगे। यदि बाद में जमानत मिलती है, तो वे पुनः शपथ लेकर पदभार संभाल सकते हैं। इस कानून का उद्देश्य लोकतांत्रिक मर्यादा और शासन की नैतिकता को बनाए रखना है।

गृहमंत्री ने कहा कि संसद में किसी विधेयक या संविधान संशोधन पर असहमति दर्ज कराने का पूरा अधिकार विपक्ष को है, किंतु उसे सदन की कार्यवाही बाधित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हमने इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव दिया है, ताकि सभी दल अपने विचार और सुझाव रख सकें, लेकिन विपक्ष का रवैया यही रहा है कि स्वस्थ बहस ही न होने दी जाए। जनता यह सब देख रही है। शाह ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कई नेता आरोप लगने पर नैतिकता के आधार पर इस्तीफ़ा देते रहे हैं। लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस, येदियुरप्पा, ईश्वरप्पा और हाल ही में हेमंत सोरेन जैसे नेताओं ने यही परंपरा निभाई, लेकिन हाल के वर्षों में कुछ नेताओं ने जेल में रहते हुए भी इस्तीफ़ा न देकर लोकतांत्रिक परंपरा को आघात पहुंचाया है। उन्होंने सवाल उठाया, क्या सचिव, मुख्य सचिव या डीजीपी जेल में जाकर आदेश लेंगे? क्या यह लोकतंत्र के लिए उचित होगा? उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून किसी एक दल या व्यक्ति के खिलाफ नहीं बल्कि सभी पर समान रूप से लागू होगा। विपक्ष का आरोप है कि यह विधेयक 'राजनीतिक हत्या' का औज़ार है। शाह ने जवाब दिया कि अदालतों की निगरानी में हर प्रक्रिया होती है और यदि आरोप फ़र्ज़ी होंगे तो उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट राहत देंगे। उन्होंने कहा, ह्लअगर कोई गहरे भ्रष्टाचार में फंसा है और 30 दिन तक जमानत नहीं मिलती, तो वह व्यक्ति पद से क्यों चिपका रहे? बाद में बेल मिल जाए तो वह फिर से पद संभाल सकता है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मनमोहन सिंह सरकार ने लालू यादव को बचाने के लिए अध्यादेश लाया था, तब राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से उसे फाड़ दिया और नैतिकता की दुहाई दी, लेकिन आज वही राहुल गांधी लालू यादव के साथ सत्ता में साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, क्या यह दोहरा मापदंड नहीं है? कांग्रेस की नैतिकता चुनावी लाभ-हानि पर आधारित है। गृहमंत्री ने विपक्ष के इस आरोप को भी खारिज किया कि भाजपा शासित राज्यों के नेताओं पर कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय की निगरानी में कोई भी नागरिक जनहित याचिका दाखिल कर सकता है और यदि आरोप सही होंगे, ● शेष पेज 11 पर



### जेपीसी का बहिष्कार होने पर भी संविधान संशोधन विधेयक पर आगे बढ़ेगी सरकारः गृहमंत्री

नयी दिल्ली। कुछ राजनीतिक दलों के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें पदमुक्त किये जाने के प्रावधान वाले विधेयक के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में शामिल नहीं होने की अटकलों के बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को स्पष्ट किया कि यदि कोई पार्टी जेपीसी का बहिष्कार करती है तो सरकार के पास विधेयक पर आगे बढने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। श्री शाह ने यह भी साफ किया कि यह विधेयक केवल विपक्ष के लिए ही नहीं बल्कि सत्तारूढ पार्टी के मुख्यमंत्रियों के लिए भी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह कहकर जनता को गुमराह कर रहा है कि सरकार के लोगों के खिलाफ प्राथमिकी नहीं होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह विधेयक पारित हो जायेगा। ● शेष पेज 11 पर

# परिवहन मंत्री ने किया सिविल लाइन बस स्टेशन प्रयागराज पर ओमेक्स साइट ऑफिस का उद्घाटन

**इस परियोजना के माध्यम से यात्रियों को आधुनिक और उच्चस्तरीय सुविधाओं से युक्त बस टर्मिनल उपलब्ध कराए जाएंगे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मा0 परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सोमवार को सिविल लाइन बस स्टेशन पर ओमेक्स लिमिटेड के साइट ऑफिस का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्रियों, अधिकारियों, परियोजना टीम और स्थानीय गणमान्यों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एवं ओमेक्स लिमिटेड के नए ब्रांड बीटूगेदर के बीच आपसी सहमति से पीपीपी मॉडल (क्क्क्क्क) पर छह प्रमुख बस स्टेशनों– पुराना बस स्टेशन गाजियाबाद, गोमती नगर लखनऊ, अयोध्या धाम, सिविल लाइन प्रयागराज, अमौसी लखनऊ और कौशांबी गाजियाबाद–का आधुनिकीकरण प्रस्तावित है।उद्घाटन के अवसर पर मा0 परिवहन मंत्री ने कहा कि ङ्घप्रदेश सरकार आम जनता को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस परियोजना के माध्यम से यात्रियों को आधुनिक और उच्चस्तरीय सुविधाओं से युक्त बस टर्मिनल उपलब्ध कराए जाएंगे।ङ्कओमेक्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड श्री सुनील कुमार सोलंकी ने कहा कि ङ्घयह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम प्रयागराज के सिविल लाइन बस स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त परियोजना विकसित कर रहे हैं। इस परियोजना से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी योगदान होगा।ङ्कइस शुभ अवसर पर ओमेक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी, परिवहन निगम प्रयागराज क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक, अन्य अधिकारी, परियोजना टीम, स्थानीय गणमान्य और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

कोराव, प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव में स्थित सेंट मेरिज स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के निर्देशानुसार ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार कोरांव रणविजय सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 100 से अधिक बच्चों ने अपनी माताओं के साथ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। वक्ताओं ने अपने भाषण में समाज में माताओं की महत्ता को पौधों से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जार्ज मेडेपल्ली ने अधिक से अधिक पौधों को लगाने के लिए जागरूक किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंहफादर मेलविन विल्सन डिसूजा (शिक्षा अधिकारी, इलाहाबाद धर्म प्रांत) फादर जार्ज (स्कूल के मैनेजर) फादर जार्ज मेडेपल्ली (विद्यालय के प्रधानाचार्य) मौजूद रहे इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और माताओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

## फ्लर्टिंग कर भूमाफिया ने बेची करोड़ की कुर्क जमीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज/ कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले से सनसनीखेज़ खुलासा सामने आया है, जिसने प्रशासन की कार्यशैली और ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों की माने तो मामला गैंगस्टर खुशी केसरवानी की करोड़ों की कुर्क ज़मीन से जुड़ा है, जिसे 2020 में गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रशासन ने कुर्क किया था। नियमों के मुताबिक, कुर्क की गई ज़मीन पर खरीद-फरोख्त, प्लॉटिंग या किसी भी तरह का लेन-देन पूरी तरह प्रतिबंधित होता है। बावजूद इसके, अब आरोप सामने आए हैं कि प्रशासन की मिलीभगत से इस ज़मीन की प्लॉटिंग की गई और करोड़ों रुपये में बिक्री कर दी गई।कुर्क की गई ज़मीन पर हुआ बड़ा खेलवर्ष 2020 में जिला प्रशासन ने गैंगस्टर खुशी केसरवानी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी दो महत्वपूर्ण संपत्तियाँ कुर्क की थीं–गाटा संख्या 935 (भड़ेसर)गाटा संख्या 1123क (कोरी)इन दोनों संपत्तियों को सिराथू और मंझनपुर तहसील प्रशासन की निगरानी में सुरक्षित रखा गया था। इसके बावजूद, अब जो तथ्य सामने आए हैं, उनसे प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि भूमाफियाओं ने प्रशासनिक संरक्षण में इन ज़मीनों की प्लॉटिंग कर दी और खुलेआम करोड़ों रुपये में बिक्री की।प्रशासन की भूमिका संदिग्ध, ज़ीरो टॉलरेंस नीति पर सवालस्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण में तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग, पुलिस और भूमाफियाओं की मिलीभगत रही है। जमीन की बिक्री में शामिल प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की आवाज़ बुलंद हो रही है। साथ ही, गैंगस्टर खुशी केसरवानी पर भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जरूरत बताई जा रही है।यह मामला न सिर्फ कौशाम्बी प्रशासन की साख पर चोट करता है, बल्कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था और शासन पर भी गहरे सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह है कि शासन इस पूरे प्रकरण पर कितनी गंभीरता से कदम उठाता है और क्या इसमें उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए जाते हैं।

# पूर्वोत्तर रेल महाप्रबंधक ने किया वाराणसी मण्डल नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने सोमवार को वाराणसी मण्डल के नवीनीकृत मण्डल नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मंडल नियंत्रण कक्ष के बनने से रेलवे की गतिविधियों को मजबूती और तेजी मिलेगी। रेलवे कर्मचारी समय का पालन करें और ईमानदारी से ड्यूटी करें।

इससे पहले महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने बनारस रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। तदोपरांत उन्होंने 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्टेशन प्रांगण में पौधा रोपण किया। उन्होंने एक पौधा पर्यावरण के नाम लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके बाद पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने वाराणसी मण्डल कार्यालय के भारतेन्दु सभागार में शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक की और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

## गंगानगर में कानून व्यवस्था ध्वस्त, सर्राफा व्यापारी से लूट

प्रयागराज। गंगानगर जोन के फूलपुर थानाक्षेत्र में देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी शिव शंकर सोनी को तमंचा सटाकर लूट लिया। बदमाश व्यापारी से आभूषण और नकदी लूटकर फरार हो गए।सूत्रों के अनुसार, व्यापारी ने लूट का विरोध किया तो बदमाशों ने उनकी पिटाई कर दी। घायल व्यापारी को पुलिस ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं से क्षेत्र में खौफ का माहौल है, जबकि पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## मोबाईल कोर्ट एप के माध्यम से 40 मामलों का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज । मोबाइल कोर्ट ऐप के माध्यम से सोमवार को कोराव इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस व तराव में लगभग 40 मामलों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में घरेलू हिंसा, दुर्घटना और विभिन्न धाराओं के तहत मामले शामिल थे, जैसे कि धारा 337, 338, 323, 352 और 504 दंडाधिकारी अभय दिप विश्वकर्मा ने इन मामलों का निस्तारण किया, जिसमें कोर्ट के स्टेनो अवनीश त्रिपाठी व थाना कोराव का पुलिस बल समेत अन्य सहयोगी स्टाफ ने सहयोग किया।मोबाइल कोर्ट ऐप एक उपयोगी साधन है जो वादकारियों को सहूलियत प्रदान करता है। यह ऐप न्यायालय प्रणाली में लंबित मामलों से संबंधित आंकड़ों को पुनः प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है और कोर्ट के आदेशों को एक्सेस करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, यह ऐप वादकारियों और अधिवक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, जो वादों की स्थिति और वाद सूची को ट्रैक करने में मदद करता है।मोबाइल कोर्ट के लाभः- *त्वरित न्याय*: मोबाइल कोर्ट के माध्यम से मामलों का निस्तारण तेजी से किया जा सकता है, जिससे वादकारियों को समय पर न्याय मिल सकता है।- *सुलभता*: मोबाइल कोर्ट ऐप वादकारियों को घर बैठे अपने मामलों की जानकारी प्राप्त करने और न्यायालय की प्रक्रिया को समझने में मदद करता है। मोबाइल कोर्ट ऐप के माध्यम से वादकारियों को कोर्ट के आदेशों और वाद की स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सकती है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है।मोबाइल कोर्ट ऐप की उपयोगिता और लोकप्रियता को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह ऐप न्यायालय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## अपराधियों की अधिक गिरफ्तारी पर दें जोर : राजेश कुमार



वाराणसी। अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) कमिश्नरेट वाराणसी राजेश कुमार सिंह ने अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री शरवणन टी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज, और काशी जोन के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ एक गोष्ठी आयोजित की। इस गोष्ठी में निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई: लूट, नकबजनी, चोरी, हत्या व अन्य एसआर केस के निस्तारण की समीक्षा: गंभीर अपराधों जैसे लूट, नकबजनी, चोरी, और हत्या से संबंधित मामलों के साथ–साथ अन्य एसआर (स्पेशल रिपोर्ट) केसों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई। इन मामलों में प्रगति और लंबित मामलों के निपटारे पर विशेष ध्यान दिया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत वांछित अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए गए। इस कार्य में तेजी लाने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अपराध रोकने के लिए निरोधात्मक कार्यवाहियों की स्थिति की समीक्षा की गई। अपराध नियंत्रण के लिए विभिन्न उपायों और रणनीतियों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश शामिल थे। सीएम डैशबोर्ड और जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निपटारे के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए, ताकि जनता का विश्वास पुलिस व्यवस्था पर बना रहे। गस्त, पिकेट, और बैंक चेकिंग की प्रभावशीलता पर चर्चा की गई। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए इन गतिविधियों को और सुदृढ़ करने हेतु निर्देश जारी किए गए। यह गोष्ठी अपराध नियंत्रण, पुलिस कार्यप्रणाली में सुधार, और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## अंडर ट्रांसफर पुलिसकर्मियों का जलवा बरकरार

प्रयागराज। कमिश्नरेट प्रयागराज में अंडर ट्रांसफर पुलिसकर्मियों का जलवा बरकरार है। यमुनानगर चौकी इंचार्ज आकाश राय ट्रांसफर आदेश के बावजूद अब भी चौकी पर अंगद की तरह जमे हुए हैं। वहीं, औद्योगिक थाना प्रभारी विपिन कुमार पाल की तैनाती भी पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बनी हुई है। लगातार उठ रहे सवालों के बावजूद इन अधिकारियों की कार्यशैली और मौजूदगी पर प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## बारा थाना पुलिस ने वांछित वारंटी ननकू को किया गिरफ्तार

प्रयागराज। यमुनानगर के बारा थाना प्रभारी विनोद सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वांछित वारंटी ननकू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## सरकारी भूमि से नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण



**लखनऊ।** लखनऊ मण्डल में सोमवार को प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। यह कार्रवाई मण्डलायुक्त एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में और अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह के नेतृत्व में की गई। अभियान ग्राम मस्तेमऊ, तहसील मोहनलालगंज में चलाया गया, जहाँ नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम और तहसील प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जा हटाया। इस दौरान लेखपाल राकेश कुमार, लालू प्रसाद, सुभाष कौशल, तहसील लेखपाल प्रवीण कुमार तथा थाना सुशांत गोल्फ सिटी से पहुंचे पुलिस बल ने सहयोग किया।अधिकारियों के मुताबिक खसरा संख्या868 की भूमि, जो खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है, पर करीब 3000 वर्गफुट क्षेत्रफल में अस्थायी अतिक्रमण किया गया था। भूमि का कुल क्षेत्रफल 0.152 हेक्टेयर है जिसका बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ रुपये आँका गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध भी जताया, लेकिन पुलिस बल और प्रशासनिक सख्ती के चलते अभियान शांतिपूर्वक पूरा हुआ। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बड़हलगंज दुर्गावती हॉस्पिटल पर बच्चेदानी के आपरेशन में लापरवाही का आरोप

**इलाज के नाम पर बर्बादी: अस्पताल की लापरवाही से महिला हुई असमर्थ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। गोरखपुर जिले के दक्षिणांचल बड़हलगंज बाईपास रोड पर स्थित दुर्गावती हॉस्पिटल पर भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। यह लापरवाही 5 महीने पहले एक इलाज के दौरान हुई थी, जिसके कारण एक महिला की जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।

दोहरीघाट थाना क्षेत्र के रहने वाले रामायन गुप्ता ने गोरखपुर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अस्पताल व संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है.दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 5 महीने पहले अप्रैल माह में अपने पत्नी की बच्चेदानी का इलाज के लिए उन्होंने बड़हलगंज स्थित दुर्गावती अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन अस्पताल की लापरवाही ने उनके पत्नी के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर दी। रमायन गुप्ता निवासी कमला तिवारीपुर थाना दोहरीघाट जनपर मऊ का निवासी है दिनांक 17 अप्रैल 2025 को अपनी पत्नी विन्दू देवी का बच्चेदानी का आपरेशन बड़हलगंज बायपास रोड पर स्थित दुर्गावती हॉस्पिटल की डा0 रोली पुखार ने दूरबीन विधि से ऑपरेशन किया.बाद में मेरी पत्नी बिंदु देवी के पेट में दर्द होने लगा.डा.रोली पुखार के पास गई वह देख कर के कही की तुम्हारे पेट से पानी भरा है। जिससे वह अपने यहा हास्पीटल पर निकाली और कहीं की यह दवा लीजिए महीने दिन में ठीक हो जाएगा. लेकिन मेरे पेट का दर्द अभी भी ठीक नहीं हुआ. इसके बाद गोरखपुर जाच कराया तो पता चला मी बच्चेदानी के बगल में पेशाब की नली कट गयी है।पीड़ित का आरोप है, दुर्गावती हॉस्पिटल की डॉ रोली पूखार के द्वारा बच्चेदानी ऑपरेशन के जगह,पेशाब की नली काट दी.गलत सर्जरी से हालत बिगड़ी. स्थिति इतनी खराब हो गई कि इस अस्पताल में डॉक्टरों को उनका 3 बार ऑपरेशन करना पड़ा। इसके बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ. जिससे उनकी पत्नी चलने-फिरने में असमर्थ हो गई है।लाखों रुपए खर्च के बाद भी स्थिति मे कोई सुधार नहीं है.। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कमला तिवारीपुर निवासी रामायन गुप्ता ने अपनी पत्नी की इंसाफ पाने के लिए कई कोशिशें कीं। उन्होंने स्थानीय स्तर पर शिकायतें कीं, लेकिन अस्पताल की ऊंची पहुंच से उन्हें शिकायत के बाद भी कोई राहत नहीं मिली। यहां तक कि सीएमओ कार्यालय की जांच में भी अस्पताल पर कोई कार्रवाई नजर नहीं आ रही है.निराश होकर रामायन गुप्ता ने सोमवार को जिलाधिकारी गोरखपुर को प्रार्थना पत्र सौप कर दुर्गावती अस्पताल के संचालक व डॉक्टर के विरुद्ध जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. जिसके बाद उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन मिला है। गोरखपुर सीएमओ ने जांच का निर्देश दिया है अस्पताल में कोई भी चिकित्सीय गतिविधि मिली, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों को शिक्षित जरूरी : नरेन्द्र कश्यप

वाराणसी । भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि समाज के लोग भले ही आधा पेट भोजन करें, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न आने दें। उन्होंने कहा कि ''शिक्षा ही भाग्य की कुंजी है'' और इससे ही समाज का वास्तविक उत्थान संभव है।कश्यप सोमवार को केसरीपुर, रोहनिया स्थित पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र की गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछड़ा वर्ग के सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वह संगठित रहे और अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करे। गोष्ठी की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। गोष्ठी में विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के वाराणसी जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने भी विचार प्रकट किया।

# नगर विकास मंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आए लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने विद्युत, जल निकासी, नगर निकाय सेवाओं एवं विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव प्रस्तुत किए।इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का निस्तारण शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।श्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक समस्या का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाए साथ ही गंभीर एवं प्राथमिकता वाली शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा एवं मॉनिटरिंग की जाए एवं समाधान के बाद संबंधित शिकायतकर्ता को सूचना अवश्य दी जाए।जनता दर्शन के दौरान का माहौल बेहद संवादात्मक रहा। उपस्थित नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे मंत्री श्री शर्मा के सामने रखीं और उन्हें त्वरित संज्ञान में लिए जाने पर संतोष व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि मंत्री जी की संवेदनशीलता एवं तत्परता से आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है। कई नागरिकों ने अपनी बात सुने जाने और समाधान के प्रति आश्वासन मिलने पर आभार भी व्यक्त किया। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सरकार की जिम्मेदारी है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 22490/22489 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को दिनांक 27.08.2025 से वाराणसी स्टेशन तक बढ़ाया जा रहा है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

22490/22489 मेरठ सिटी - वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 22490 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22489 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:35 | मेरठ सिटी | 21:05 | – |
| 07:08 | 07:10 | हापुड़ | 20:10 | 20:12 |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद | 18:50 | 18:55 |
| 10:04 | 10:06 | बरेली | 17:13 | 17:15 |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ जं. | 13:40 | 13:50 |
| 15:53 | 15:55 | अयोध्या धाम जं. | 11:40 | 11:42 |
| 18:25 | -- | वाराणसी जं. | -- | 09:10 |

चलने की तिथिः 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी से दिनांक 27.08.2025 से प्रतिदिन मंगलवार छोड़कर।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

2578/25

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जब भगवान की कृपा होती है, तभी कोई संत बनता है : ज्ञानेश त्रिपाठी

## हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने तीसरे दिन कथा श्रवण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निगोहां, लखनऊ। कर्म का फल प्रारब्ध बनकर मनुष्य के पीछे पड़ा है , जन्म जन्म के पुण्य उदय हो,भगवान की कृपा हो तब कोई संत बनता है। जो स्वयं भगवत पदारविंद से जुड़ा है, वह दूसरे को भी भगवत चरण से जोड़ देता है, यह उक्त विचार उतरावां गाँव में चल रही श्री रामकथा तृतीय दिवस में कथा व्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी ने कहा । उन्होंने नारद मोह, भगवान के अवतार के कारण क्या है इस पर अनेक प्रसंगों पर भाव व्यक्त किए , व्यास जी ने कहा जब कोई भगवान के पास जाता है, प्रणाम करता है,तो भगवान पूछते है कि बताओ क्या चाहिए, माया या भक्ति ,भक्त पूछता है कि इन दोनों में अंतर क्या है, प्रभू कहते है कि यदि तुम्हे नाचना हो तो माया ले जाओ और यदि मुझे नचाना हो तो भक्ति ले जाओ , जीव जिसके वश में है उसका नाम माया है, और भगवान जिसके वश में है उसका नाम भक्ति है नारद जी सुंदर बनने आए थे , प्रभू ने बंदर बना दिया क्योंकि नारद जी ने कहा जेहि विधि होई नाथ हित मोरा , हित तो बंदर बनाने में ही था, भगवान ने नारद जी के अभिमान को नष्ट किया , भक्त के अभिमान को भगवान ही दूर कर सकते हैं।। अनेक कथा प्रसंगों से समाज में नाम की महिमा व भगवत शरणागति पर जोर दिया यही जीवन का वास्तविक आनंद है।

# डॉ. डी.एम. पांडेय बेस्ट लाइब्रेरियन अवार्ड हेतु चयनित हुए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के पुस्तकालयाध्यक्ष एवं डालीगंज, लखनऊ निवासी डॉ. डी. एम. पांडेय को मद्रास लाइब्रेरी एसोसिएशन (माला) द्वारा पुस्तकालय क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए ह्लबेस्ट लाइब्रेरियन अवार्ड ह्व हेतु चयनित किया गया है। उक्त समारोह चेन्नई की प्रसिद्ध अन्ना सेंटेनरी लाइब्रेरी में आयोजित हुआ। इस अवसर पर तमिलनाडु ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अरुमुगम , पेरियार यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एम. थंगरासु तथा माला एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. के. नित्यानंदम सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। विदित हो कि माला एसोसिएशन की स्थापना भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन द्वारा वर्ष 1928 में की गई थी। डॉ रंगनाथन का जन्मदिन पुस्तकालयाध्यक्ष डे के रूप बनाया जाता है । यह कार्यक्रम उनके 133वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। डॉ. डी. एम. पांडेय को हाल ही में लाइब्रेरी प्रोफ़ेशनल एसोसिएशन, दिल्ली द्वारा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एल पी ए एक्सीलेंस अवार्डऽ2025 भी प्रदान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (एन डी एल आई) परियोजना के अंतर्गत आई आई टी खड़गपुर द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा गठित एमएमएमयूटी एनडीएलआई क्लब को उत्तर प्रदेश राज्य में बेस्ट अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस वाराणसी स्थित आईआईटी (बी एच यू) में आयोजित केंद्रीय कार्यशाला में प्रदान किया गया। पुस्तकालय क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठनों एवं पुस्तकालय प्रोफ़ेशनल्स ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

# निगोहां: तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बनी कहर, चार बाइकों के उड़े परखच्चे, बाल-बाल बचे लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जनपद रायबरेली निवासी दो युवक लखनऊ से रायबरेली लौट रहे थे, तभी उनकी स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।जानकारी के मुताबिक रायबरेली शहर के घंटाघर निवासी करण लोधी अपने साथी रामदुलारे के साथ स्कॉर्पियो से लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी मस्तीपुर गांव के पास पहुंची, तभी अचानक स्कॉर्पियो का स्टेरिंग रॉड टूट गया। वाहन अनियंत्रित होकर श्रीराम ऑटो सर्विस के बाहर खड़ी चार मोटरसाइकिलों से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो करीब पचास मीटर तक सड़क पर घिसटती हुई पलट गई।हादसे के समय आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी, और यदि समय रहते लोग हटते नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवासी रामसजीवन ने कहा कि ''गांव से गुजरने वाले बड़े वाहन अकसर तेज रफ्तार से निकलते हैं। यह किसी भी दिन बड़ा खतरा बन सकते हैं। प्रशासन को सख्ती करनी चाहिए।''सूचना पाकर निगोहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क से हटवाया गया और यातायात बहाल कराया गया। जांच के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि स्कॉर्पियो के पीछे 'विधायक' लिखा हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शराब की दुकान से लाखों की चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली गांव में शनिवार की देर रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने यहां स्थित कंपोजिट अंग्रेजी और बियर की दुकान का शटर तोड़कर नकदी और शराब की बोतल उड़ा दीं। रविवार सुबह जब सफाईकर्मी ने टूटा शटर देखा तो उसने तत्काल दुकान मालिक को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि यह दुकान परेहटा निवासी राधा अवस्थी के नाम से लाइसेंस प्राप्त है, जबकि संचालन उनका पुत्र आदित्य अवस्थी करते है। दुकान के सेल्समैन अनिल जायसवाल ने बताया कि वह रात करीब 10 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब सूचना मिली तो दुकान से लाखो रुपये नकद और शराब ।स्थानीय लोगों के मुताबिक, चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से शटर तोड़ा और अंदर घुसकर रैक व काउंटर से नकदी व शराब की बोतल समेट लीं। चोरी की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।सूचना पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की बात कही। इसके साथ ही एसीपी रजनीश वर्मा भी मौके पर पहुंचे और चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।हालांकि, क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से मोहनलालगंज व आसपास के इलाकों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस किसी भी मामले का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। बवाल इस बात को लेकर भी है कि शराब की दुकानों पर रात में अक्सर संदिग्ध लोगों की आवाजाही रहती है, इसके बावजूद पुलिस गश्त नदारद रहती है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस गश्त और सक्रियता सही होती तो इस तरह की घटनाएं रुक सकती थीं। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस चोरी का खुलासा कर पाती है या यह मामला भी पहले की घटनाओं की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# सैरपुर व माल में 4 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, तीन अवैध निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने सोमवार को अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1, जोन-4 और जोन-7 की टीमों ने अभियान चलाते हुए सैरपुर व माल क्षेत्र में 4 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दीं। वहीं गोमतीनगर, गोसाईंगंज और चिनहट में तीन अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-1 के अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि गोमती नगर के विराज खंड में 200 वर्गमीटर भूखंड पर हो रहे व्यावसायिक निर्माण को रोका गया। इसी तरह चिनहट के आनंद लोक कॉलोनी में 150 वर्गमीटर भूखंड पर अपार्टमेंट निर्माण और गोसाईंगंज के अहिमामऊ चौराहे के पास 500 वर्गमीटर भूखंड पर बहुमंजिला भवन निर्माण को सील कर दिया गया। जोन-4 की अधिकारी संगीता राघव के अनुसार, सैरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पलहरी में 20 बीघा में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। मौके पर बनी सड़क, नाली और बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कर दिया गया। जोन-7 के अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि माल के काकराबाद में कैलाश मिश्रा द्वारा 6 बीघा, बाबू चन्द्र द्वारा 5 बीघा और खान प्रॉपर्टीज के राजू खान व अरुण कुमार द्वारा 2 बीघा क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

# नगराम में खूनी संघर्ष आधा दर्जन घायल, पुलिस ने दोनों तरफ से दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के करोरा गांव में रविवार देर शाम व सोमवार सुबह दबंगई और हमले की दो अलग-अलग घटनाओं ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। दोनों पक्षों की ओर से थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पहली बीते रविवार शाम की बताई जा रही है। पीड़ित राम सुमेर पुत्र श्रीवत्स निवासी करोरा ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही आधा दर्जन से अधिक विपक्षीगण अचानक उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में श्रद्धकुमार, जगवत, संवेग, भगवान, रामदुलारे, भारतपाल, फूलकुमारी व श्रीकंात समेत कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। दूसरे पक्ष ने उसी दिन सुबह की है पीड़ित धीरज कुमार पुत्र राजाराम निवासी करोरा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि विपक्षी डब्बू पाल, होरीलाल प्रजापति समेत आधा दर्जन दबंगों ने उनके पिता को गाली-गलौज देने के बाद लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। इस हमले में उनकी मां, भाभी, भतीजी समेत कई महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। धीरज का कहना है कि हमला करने वालों ने जान से मार डालने की धमकी भी दी।इस संबंध में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोशालाओं में समस्त आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए: धर्मपाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश की सभी गोशालाओं में गोवंश संरक्षण के लिए समस्त आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने एवं अद्यतन स्थिति से शासन को अवगत कराने के लिए टीम-9 का गठन किये जाने के निर्देश दिए हैं। यह समिति 01 सितम्बर से 12 सितम्बर तक प्रदेश के 18 मण्डलों में सभी गोशालाओं का निरीक्षण कर अपनी तथ्यामक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

सिंह ने निर्देश दिये हैं कि बाढ़ प्रभावित जनपदों में गोशालाओं में संरक्षित गोवंश भीगे नहीं, उनके सूखे में बैठने की उचित व्यवस्था, चारा, भूसा, प्रकाश, पेयजल एवं औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कोई भी गोवंश भूखा न रहे और उनके टीकाकरण व औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गौवंश संरक्षण की अद्यतन स्थिति एवं प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने के संबंध में आहूत बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । धर्मपाल सिंह ने गोवंश संरक्षण के संबंध में जनपद बरेली के वृहद गोसंरक्षण केन्द्र अधकटा नजराना एवं मधुनगला में प्राप्त शिकायतों की जांच कराने एवं लापरवाही करने वाले संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोसंरक्षण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने रेडियम बेल्ट अभियान में भी निरन्तर सक्रियता एवं तेजी बरतने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश में 7624 गोआश्रय स्थलों में 1236217 गोवंश संरक्षित हैं। मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत अब तक कुल 177083 गोवंश पात्र लाभार्थियों को सुपुर्द किये गये हैं।

पशुधन मंत्री ने कहा कि टीम-9 द्वारा जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण से संबंधित समस्त 6 विभागों (राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग एवं पशुपालन विभाग) की गठित समितियों (जिला स्तर, तहसील स्तर ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर) की बैठक आयोजित की जायेगी। प्रत्येक जनपद के गोशालाओं में भ्रमण के दौरान संज्ञान में आने वाले तथ्यात्मक वस्तु स्थिति से भी समितियों को अवगत कराया जायेगा।

टीम-9 में प्रमुख सचिव, पशुधन, विशेष सचिव, पशुधन, निदेशक, प्रशासन एवं विकास, निदेशक, रोग नियन्त्रण एवं प्रक्षेत्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दुग्ध आयुक्त, विशेष सचिव, दुग्ध, प्रबन्ध निदेशक, पी0सी0डी0एफ0, अपर निदेशक, गोधन तथा संयुक्त निदेशक, प्रशासन होगे।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्रा तथा पशुधन विभाग के निदेशक रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र डा. राजीव कुमार सक्सेना एवं दुग्ध एवं पशुधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नशे की हालत में तालाब में नहा रहा था व्यक्ति, अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । सोमवार को काकोरी थाना क्षेत्र में घुरघूरी तालाब चौकी के पास एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिश्चंद्र रावत (60) पुत्र स्वर्गीय हीरालाल रावत के रूप में हुई है, जो इब्राहिम गंज गांव का रहने वाला था। यह घटना सोमवार शाम करीब 5:30 बजे की है, जब हरिश्चंद्र रावत नशे की हालत में तालाब में स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और नजदीकी प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए शव गृह भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मौके पर परिजन मौजूद थे और कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं हुई। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## पंखे के हुक से लटककर युवक ने की आत्महत्या

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में रविवार की रात पारिवारिक कारणों से तंग आकर एक युवक ने पंखे के हुक से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के भदोही निवासी कमल किशोर पुत्र राधेश्याम उम्र 38 वर्ष पेशे से किसान थे बताते हैं कि काफी दिनों से उनकी पत्नी ममता से विवाद चल रहा था जिसके चलते पत्नी और बच्चे अलग रहते हैं। अनुमान है कि इसी कारण से कमल ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। मृतक के दो बच्चे हैं। पिता राधेश्याम के मुताबिक कमल किशोर रविवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए और जब वह सोमवार देर सुबह तक सोकर नहीं उठे तो उन्हें जगाने के लिए जब वह कमरे में गए तो देखा कि पंखे के हुक से कमल किशोर का शव लटक रहा है इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

# नरनी गाँव पहुँचे धौरहरा सांसद, परिजनों को दी सांत्वना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विगत दिनों तहसील महोली के नरनी गांव में खेत देखनें गये एक युवक को बाघ ने अपना निवाला बना लिया था।जिसके बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों का जमावड़ा लगा हुआ है।परिजनों का दर्द बाटने के लिये धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया नरनी गांव पहुँचे। सांसद के द्वारा मृतक सौरभ के परिजनों को 50 हजार की सहायता धनराशि दी गयी। सांसद आनन्द भदौरिया ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कई वर्षो से हमारे लोकसभा क्षेत्र व विधानसभा महोली में कई वर्षो से बाघ का आतंक हैं।दर्जन भर जानवर इसके शिकार हो गए लोग अपने खेत नही जा पा रहे है लोकसभा में हमारे द्वारा एक वर्ष पूर्व बाघ का मुद्दा उठाया गया था। मैंने लोकसभा इस समस्या को गंभीरता से उठाया था।मैंने कहा था अगर बाघ संसद भवन के अंदर घुस आये तो क्या होगा। केवल गांव के गरीब किसान



**विधायक ने परिजनों को सौपी सहायता राशि चेक**

**जिलाधिकारी व विधायक ने वन विभाग के कमाण्ड सेंटर का किया निरीक्षण**

ही इसका शिकार होते हैं।लेकिन देश की सर्वोच्च पँचायत से भी इस समस्या का निस्तारण नही हो पाया।घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उस नौजवान का कसूर क्या था वो खेत मे काम करने गया था। जिसको बाघ ने अपना निवाला बना लिया। मैं किसी सरकार जनप्रतिनिधि पर कोई आरोप नही लगाना चाहता जब पता था इस इलाके में बाघ है किसी न किसी को अपना निवाला बनायेगा ही तो क्या सरकार की जिम्मेदारी नही थी क्या जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी नही थी। क्या विधानसभा में इस मुद्दे को नही गूंजना चाहिए था। सरकार ने आखिर क्यों टॉस्क फोर्स नही बनाकर समस्या से क्षेत्रीय लोगो को मुक्त कराया।हम लोगो की जिम्मेदारी अधिकारियों से इस घटना को लेकर बात हुई डीएफओ पूरी टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं गांव वाले भी उनका सहयोग कर रहे हैं। हमे उम्मीद हैं कि जल्दी ही वो बाघ पकड़ा जाएगा। सरकार को भी पूरी ताकत लगाकर उसको पकड़ना चाहिए। हजारो जनता आज दहशत में है बच्चे विद्यायल नही जा पा रहे किसान अपने खेतों में काम करने नही जा पा रहे।मन मे डर बैठा हुआ है।हम सब की यही इच्छा है कि आदमखोर बाघ पकड़ा जाए। डीएफओ से बात हुई हैं उन्होंने कहा हैं सभी संसाधन उनके पास उपलब्ध हैं जल्द ही आदमखोर बाघ पकड़ा जाएगा । मेरी भी अपील हैं जिम्मेदारों से की जल्द से जल्द बाघ पकड़ा जाए जिससे जनता में डर का माहौल खत्म हो।बाघ आधा दर्जन से ज्यादा लोगो को घायल कर चुका हैं। सैकड़ो मवेशी मर गए है।अधिकारियों का हम लोगो ने मनोबल बढ़ाया हैं। जल्द से जल्द बाघ पकड़ा जाएगा। मुआवजा राशि बहुत कम है सरकार को सहायता राशि बढ़ाकर 10 लाख करनी चाहिये। विधायक ने परिजनों को सौपी सहायत राशि की चेक क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी एसडीएम महोली के साथ परिजनों के घर आकर सहायता राशि की चेक सौपी साथ वन विभाग को जल्द से जल्द पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के लिए निर्देशित किया।

डीएम व विधायक ने किया वन कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व विधायक शशांक त्रिवेदी के द्वारा वन विभाग के द्वारा आदमखोर बाघ को पकड़ने के लिए बनाये गये कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही सभी वनकर्मियों व वन अधिकारियों को बाघ को जल्द पकड़ने के लिये निर्देशित किया।

# प्रधान प्रत्याशी आसिफ़ अंसारी ने चहेल्लुम पर ठंडा पानी पिलाकर जीते दिल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद। चहेल्लुम के मौके पर जब उमस और भीड़ से लोग परेशान थे, तब प्रधान पद प्रत्याशी आसिफ़ अंसारी ने इंसानियत की शानदार मिसाल पेश की। समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता आसिफ़ अंसारी ने 24 अगस्त को अपने सहयोगियों संग लोगों को ठंडा पानी पिलाया। उनकी इस सेवा भावना से राहगीर और श्रद्धालु न केवल राहत महसूस कर रहे थे बल्कि जमकर उनकी सराहना भी कर रहे थे। लोगों का कहना है कि राजनीति में असली नेता वही है, जो चुनाव से पहले भी जनता की सेवा को अपना धर्म समझे। आसिफ़ अंसारी ने इस पहल से जनता के बीच अलग ही पहचान बना ली है।

# पहले रेप फिर गिरफ्तारी के डर से घर में रखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । उन्नाव की एक अनाथ युवती को लखीमपुर खीरी के युवक ने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया। आरोप है कि युवक ने उसे घर ले जाकर एक महीने तक लिव-इन रिलेशनशिप में रखा। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। जब उसने शादी की बात कही तो युवक और उसके घरवालों ने मारपीट कर 10 अगस्त को उसे घर से निकाल दिया। अब पीड़िता होटल और फुटपाथों पर रात गुजारने को मजबूर है।

पीड़िता का आरोप है कि जब वह 15 अगस्त को निघासन कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने गाली देकर थाने से भगा दिया। इसके बाद उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और 18 अगस्त को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर भी गुहार लगाई। युवती ने बताया कि करीब पांच साल पहले उसके माता-पिता की मौत हो गई थी। उसका एक



भाई है, जिसकी शादी हो चुकी है और वह पत्नी के साथ बाहर कमाने चला गया। अकेली रह गई युवती ने लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में मजदूरी कर गुजर-बसर शुरू कर दी। इसी दौरान एक साल पहले लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना क्षेत्र के ओरीपुरवा गांव निवासी संजय यादव से उसकी जान-पहचान हुई। वह उसके कमरे पर आने-जाने लगा और मदद करने का भरोसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया। संजय ने युवती से कहा कि वह उसे पत्नी का दर्जा देगा और धूमधाम से शादी करेगा। युवती

**निघासन में गर्भवती होने पर घर से भगाया, पुलिस नहीं कर रही सुनवाई**

उसकी बातों में आकर एक माह पहले उसके साथ घर चली गई।युवती का कहना है कि संजय यादव और उसके घरवालों ने गर्भवती होने पर उसे पीटा और घर से निकाल दिया। अब उसके पास न रहने के लिए छत है और न खाने के लिए पैसे। वह लोगों से मदद मांगकर किसी तरह पेट भर रही है और होटल, बस अड्डे और फुटपाथों पर रात गुजार रही है।युवती ने बताया कि मेरे माता पिता की मौत हो चुकी है। मैं पेट पालने के लिए लखनऊ में मजदूरी कर रही थी, निघासन इलाके के ओरी पुरवा गांव निवासी संजय यादव उसके कमरे में आकर चाकू दिखाकर उसके साथ गलत काम किया फिर। जेल जाने के डर से बोला मै शादी कर लूंगा, और घर ले आया अब घर से भगा दिया, वह भटक रही है, थाने गई तो पुलिस ने भगा दिया उसके पास खाने पीने के लिए कोई पैसे नहीं है वह परेशान है।

# साहित्यकार कमलेश मौर्य 'मृदु' को मिला काव्यधारा साहित्य भूषण सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । जनपद के विख्यात साहित्यकार, राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम कमलेश मौर्य मृदु को काव्य धारा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा काव्यधारा साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। एस आर ग्लोबल इंस्टीट्यूट के कम्यूनिटी हाल में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान सदस्य विधानपरिषद सीतापुर द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु दुबे अमृत व उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग जवाहर भवन में कार्यरत सुशील कुमार बच्चा विशिष्ट अतिथि भी सम्मानित करने वालों में सहभागी थे। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि





अटल नारायण अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम काशी प्रांत ने किया। इस अवसर पर गीतकार संजय सांवरा, हास्य कवि संदीप अनुरागी, व्यंग्यकार विजय तन्हा, ओज कवि कमल आग्नेय, कवयित्री वंदना विशेष व अल्का आस्थाना की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

काव्य धारा साहित्य भूषण सम्मान के लिए क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, साहित्यकार संदीप सरस, घनश्याम शर्मा, पद्म कांत शर्मा प्रभात, रामकृष्ण पांडे संजय, अरुणेश मिश्र, अतुल बाजपेई, राजेश बाजपेई प्रसून, शायर इकबाल बिसवानी, अरविन्द सिंह मधुप, धर्मेन्द्र धवल, डा सरला अवस्थी, कु अनामिका वर्मा ज्योत्स्ना, विजय रस्तोगी, अधिवक्ता अशोक पुष्प, कमलेंद्र बाजपेई, संतोष कठेरिया, श्रीमती रुचि अग्रवाल, नीरज श्रीवास्तव, सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री के मुख्य अधिशासी आर सी संगल, गन्ना प्रबंधक डा अनूप सिंह सहित तमाम लोगों ने श्री मृदु को इस सम्मान हेतु बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य व दीर्घायु होने की कामना की है।

## शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह

पूरनपुर। नगर में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूरनपुर में छात्र प्रधानमंत्री व सेनापति कन्या भारती की पदाधिकारी बहनों और 50 छात्र सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह मे मुख्य अतिथि अजीत प्रताप सिंह एसडीएम ने विद्यालय के उपप्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता , समाज सेवी हर्ष गुप्ता, अनूप गुप्ता व प्रधानाचार्य अजय गौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्रपट पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।नवनिर्वाचित छात्र प्रधानमंत्री कुशाग्र अवस्थी , कन्या भारती प्रधानमंत्री समीक्षा वर्मा, सेनापति निर्दोष भारती, न्यायधीश दिव्य चित्रांश,कन्या भारती की सेनापति विधि पांडे ,सेना पति निवेदिता को मुख्य अतिथि एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने अपने दायित्व के प्रति निष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। सभी नव निर्वाचित सांसदों को भी मुख्य अतिथि ने शपथ दिलाई और इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में छात्रों को अवगत कराया।

# निघासन में किसान संघ खण्ड प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। नगर पंचायत निघासन के झंडी स्थित मैरिज लॉन में भारतीय किसान संघ खण्ड प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में आए हुए पदाधिकारियों ने किसान के साथ हो रही समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए बताया कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि हम सभी संगठित होकर किसान की समस्याओं को हल करने में अपनी सहभागिता निभाए , किसानों को उनके हक को पहुंवाने के उद्देश्य से ही इस सभा का आयोजन किया गया, प्रांतीय प्रचार प्रमुख रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि सरकार ने किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है किंतु बिचौलियों के द्वारा बीच में ही उन सुविधाओं को किसानों तक न पहुंचाते हुए उनका शोषण किया जा रहा है समय पर खाद पानी की व्यवस्था नहीं पहुंच पा रही है, जिससे किसानों को अनेक प्रकार की समस्याओं



का सामना करना पड़ता है और इसके साथ फसल भी बाधित होती है जो कि मंशा के अनुरूप पैदावार नहीं होती है, इसके साथ ही प्रांतीय उपाध्यक्ष अमर जीत सिंह चीमा ने भी बताया कि किसानों के हित में जो भी व्यवस्था सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है उसे किसान तक न पहुंचा कर बीच में ही दलालों द्वारा बेच दिया जाता है।

इस किसान महासभा में जिला अध्यक्ष कृष्ण मोहन वर्मा ने संगठन को संगठित होकर एक साथ कार्य करने आग्रह किया,

इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष जय प्रकाश, निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, जिलामंत्री उपेंद्र पांडेय निघासन खण्ड अध्यक्ष डा. गणेश प्रसाद, खण्ड मंत्री रामकुमार गुप्ता, खण्ड युवा प्रमुख धनीराम मौर्या, खण्ड प्रचार मंत्री शिवम गुप्ता, खण्ड महिला प्रमुख सुशीला देवी, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्या, विनोद मौर्या, विपिन मौर्या सहित सैकड़ों क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे, कार्यक्रम में माइक संचालन जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर मौर्य ने किया।

# युवराज दत्त महाविद्यालय में छात्रों का फूटा गुस्सा खराब वाटर कूलर का किया श्राद्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । तराई के ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले युवराज दत्त महाविद्यालय में आज छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। कॉलेज परिसर में लंबे समय से खराब पड़े वाटर कूलर की मरम्मत न होने और शुद्ध पेयजल उपलब्ध न कराने पर विद्यार्थियों ने अनोखे अंदाज में विरोध जताया। छात्रों ने वाटर कूलर को फूलों की माला पहनाकर और अगरबत्ती जलाकर उसका 'श्राद्ध' किया। यही नहीं, वाटर कूलर पर ह्लटत्रः वाटर कूलरङ्क और ह्लनहीं रहा ऽ शुद्ध पानी महाविद्यालय का आधारङ्क जैसे तंज भरे पोस्टर भी चिपकाए। हाथों में खाली बोतलें लिए छात्र कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे। छात्रों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की।

छात्र सुधांशु प्रजापति ने कहा ऽ ह्लदेश को आजाद हुए 79 साल हो चुके हैं,



लेकिन हमारे कॉलेज में अब तक शुद्ध पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है, यह हमारे महाविद्यालय का दुर्भाग्य है।

छात्र ऐश्वर्य चौहान ने तंज कसते हुए कहा ऽ ह्लप्रिंसिपल सर तो बटन दबाते ही पानी पा जाते हैं, लेकिन विद्यार्थियों की प्यास उन्हें नजर नहीं आती। छात्र शिखर तिवारी ने भावुक होकर कहा ऽ ह्लतराई के ऑक्सफोर्ड की जो पहचान थी, आज उसकी स्थिति देखकर मन व्यथित होता है। यह महज श्रद्धांजलि नहीं, हमारी पीड़ा की पुकार है।ङ्क छात्र कृष्ण गुप्ता ने भी चेतावनी देते हुए कहा ऽ ह्लअगर प्रशासन ने अब भी शुद्ध पेयजल और अन्य शैक्षणिक समस्याओं का समाधान नहीं किया तो हमें और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस विरोध में सैकड़ों छात्र शामिल हुए, जिनमें आदित्य पांडे, रामजी मिश्रा, विकास वर्मा, करण, प्रिंस प्रजापति, प्रिंस गुप्ता, अभिनय, विनय गौतम, अरमान खान, शाद, बबलू, मयंक, विनीत, नितिन, तुषार, जसवंत सिंह, सचिन, संदीप, हर्ष सहित दर्जनों छात्र मौजूद रहे।

छात्रों ने साफ कहा ऽ अब केवल पानी ही नहीं, बल्कि सभी शैक्षणिक समस्याओं के समाधान तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

कॉलेज परिसर में आज का यह प्रदर्शन न सिर्फ व्यंग्यात्मक विरोध बना, बल्कि कॉलेज प्रशासन की लापरवाहियों पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर गया।

# केन्द्रीय पत्रकार परिषद की तहसील कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन-खीरी। केन्द्रीय पत्रकार परिषद की निघासन तहसील की कार्यकारिणी का पुनर्गठन जिलाध्यक्ष सहित जिले के पदाधिकारियों ने चयन कर दायित्व सौंपा और बधाई दी। रविवार को नगर पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में केन्द्रीय प्रमुख अनिल दुवे आजाद के निर्देशन में पहुंचे केन्द्रीय पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष इरफान अंसारी, जिला संरक्षक त्रिभुवन वर्मा, जिला प्रभारी हरीश पाण्डेय, जिला सचिव सोनू पटेल सहित जिले के पदाधिकारी रामनिवास गुप्ता,धर्मवीर गुप्ता आदि ने सर्वसम्मति से निर्वतमान तहसील अध्यक्ष राजू गिरि को जिला कार्यकारिणी में शामिल कर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए घोषणा की।तथा तहसील की पूरी कार्यकारिणी का गठन करने के उपरांत तहसील अध्यध दिवाकर त्रिपाठी, तहसील प्रभारी अभिषेक गुप्ता, तहसील संरक्षक केके मौर्या, श्रवण





सिंहव उद्देश्य गिरि, तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता,उपाध्यक्ष अख्तर अली, अफजल अली व बब्बू खां, तहसील महासचिव आनंद विनोद गुप्ता, तहसील सचिव आकाश गुप्ता, तहजूब अली व शहनूर अली, तहसील मीडिया प्रभारी सोएब अंसारी, तहसील संगठन मंत्री राजेश राजपूत, अब्दुल हसन,विधिक सलाहकार रमेश भारती, मीडिया सहप्रभारी राकेश कुमार मौर्य, आर.के. चौहान व संदीप शाक्य, कार्यकारिणी सदस्य रोहित कुमार पाल,विमल मिश्रा, शिव कुमार, चंदन सोनी, शिवम कश्यप, असगर अली, प्रमोद राठौर, मो0 युसुफ को नियुक्त कर घोषणा की और सभी को बधाई देते हुए पत्रकार हित में कार्य करने के लिए कहा इसके अलावा कहा कि पत्रकारो को अपनी कलम की ताकत को पहचानना होगा पत्रकार की कलम ही उसकी ताकत और पहचान होती है।वही बारी बारी कर जिले की मौजूद टीम ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार अपनी कलम की ताकत के साथ-साथ संगठन को मजबूत बनाये और एकजुट रहे। इस दौरान तमाम क्रांतिकारी पत्रकार मोजूद रहे।

# ईसानगर में इलाज के नाम पर मौत का धंधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला स्वास्थ्य विभाग ने घुटने टेके**

लखीमपुर धौरहरा (खीरी) । खीरी जिले के ईसानगर ब्लॉक में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलने वाला चौंकाने वाला मामला सामने आया है। खमरिया और आस-पास के गांवों में बिना डिग्री, बिना लाइसेंस और बिना किसी वैधानिक मान्यता के मेडिकल स्टोर और क्लीनिक खुलेआम चल रहे हैं। इलाज के नाम पर लोगों की जिंदगी से खेला जा रहा है – और हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग चुप्पी साधे बैठा है। बरारी और बख्तियारपुर गांवों में अवैध क्लीनिक चलाने वालों – जैसे कि तथाकथित 'डॉ.' राहुल कुमार और उपेंद्र वर्मा – के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों का दावा है कि विभागीय अधिकारियों को हर महीने 'नजराना' पहुंचाया जाता है, जिसके एवज में ये अवैध धंधे बिना रोकटोक के चलते रहते हैं। खजुहा बना अवैध चिकित्सा कारोबार का केंद्र खजुहा सेंटर बाजार अब झोलाछाप डॉक्टरों और फर्जी मेडिकल दुकानों का गढ़ बन चुका है। इलाके की भौगोलिक चुनौतियाँ – जैसे बाढ़ग्रस्त इलाका, जर्जर सड़कें और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपलब्धता – ग्रामीणों को मजबूर करती हैं कि वे इन फर्जी डॉक्टरों के पास जाएं। जान के बदले इलाज पाने की मजबूरी में लोग खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। एक स्थानीय मेडिकल संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से पैसा पहुंचाया जाता है, ताकि जांच और कार्रवाई से बचा जा सके। सरकारी सिस्टम की नाकामी ने खोले भ्रष्टाचार के दरवाज़े इलाके के सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी, उपकरणों का अभाव और बुनियादी सुविधाओं की गैरमौजूदगी ने झोलाछापों के लिए रास्ता साफ कर दिया है। विभाग की निष्क्रियता और शासन की लापरवाही इस 'मौत के कारोबार' को लगातार संरक्षण दे रही है।

# प्रदेश का निवेश मित्र पोर्टल उद्योग एवं व्यवसाय में सुगमता ला रहा है

**उत्तर प्रदेश को वर्ष 2022 में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर तथा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में अचीवर्स के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समग्र सुधारों, डिजिटलीकरण एवं निवेशकों के अनुकूल नीतियों के माध्यम से व्यवसायों एवं निवेशों को सुगम बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2022 में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर तथा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में अचीवर्स के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। साथ ही राज्य को वर्ष 2021 के गुड गवर्नेस इंडेक्स में प्रथम स्थान एवं एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे उत्तर प्रदेश भारत के सबसे सुरक्षित एवं निवेशक अनुकूल गतव्यों में से एक के रूप में स्थापित हुआ है। उत्तर प्रदेश का समर्पित ऑनलाइन पोर्टल शिनवेश मित्रश सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम, 45 विभागों की सेवाओं को एकीकृत करता है, जो अनुमोदन, लाइसेंस एवं अनापत्ति प्रमाणपत्र हेतु 525 से अधिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह पोर्टल आवेदन प्रस्तुत करने एवं ट्रैकिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे विलम्ब एवं प्रशासनिक समस्याओं का न्यूनीकरण सुनिश्चित होता है। गत वर्ष में चिकित्सीय प्रतिष्ठान, कृषि, उद्यान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम फिल्म एवं मनोरंजन, आबकारी, फार्मास्यूटिकल तथा भू-विज्ञान एवं खनन जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अनुमोदन सेवाए भी निवेश मित्र पोर्टल में एकीकृत की गई है। निवेश मित्र पार्टल देश के उन अग्रणी पोर्टल्स में से एक है. जिन्हें नेशनल सिंगल विण्डो सिस्टम में एकीकृत किया गया है। निवेश मित्र में निरंतर अन्य सेवाएं भी जोड़ी जा रही है तथा सभी प्रकार की स्वीकृतियों/अनापत्तियों को एक ही स्थान पर (वन-स्टॉप सॉल्यूशन) उपलब्ध कराने हेतु कार्य किया जा रहा है।

उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत लाइसेंसिंग आवेदनों के 97 प्रतिशत से अधिक का निस्तारण किए जाने के साथ, निवेश मित्र पोर्टल वर्तमान में देश के सबसे कुशल सिंगल विंडों पोर्टलों में से एक बन गया है। व्यवसाय में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) प्रदेश में मिनिमम गवर्नेस, मैक्सिमम गवर्नेस के सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए निवेश मित्र पार्टल में व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए है, जिनका उद्देश्य एक पारदर्शी, कुशल एव प्रभावी ऑनलाइन अनुमोदन प्रणाली की स्थापना है। समस्त आवेदन अनिवार्य रूप से केवल निवेश मित्र के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं. भौतिक रूप से या विभाग के स्तर पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जाते हैं। संबधित विभागों द्वारा प्राप्त किए गए आवेदनों एवं समस्त स्वीकृतियों से संबधित पृच्छाएं आवेदन प्राप्त होने के बाद केवल 07 दिनों के भीतर एक बार की जा सकती है। अब तक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 19 लाख से अधिक अनुमोदन डिजिटल रूप से निर्गत किए जा चुके हैं। पोर्टल पर उपलब्ध उपयोगकर्ता फीडबैंक प्रणाली के अनुसार, 96 प्रतिशत उपयोगकर्ता निवेश मित्र से 'संतुष्ट' है।नियामक अनुपालन भार (रेग्यूनेटरी कम्प्लायंस बर्डन) को कम करने की दिशा में किए गए कार्य इस पोर्टल को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु सक्रिय रूप से प्रदेश सरकार इसका पुनर्विकास कर रही है, जिसमें सिंगल विंडो अधिनियम 2024 को लागू करना भी सम्मिलित है।

नियामक अनुपालन जटिलताओं को कम करने के प्रयासों के दृष्टिगत, उत्तर प्रदेश में लगभग 65 विभागों में कुल 4,675 अनुपालन कम किए गए है। कुल 4,098 अनुपालनों को सुगम बनाया गया एवं डिजिटल रूप प्रदान किया गया है, जिनमें से 2,512 अनुपालनों को जी2बी श्रेणी के अंतर्गत कम किया गया है एवं 1,586 अनुपालनों को जी2सी श्रेणी के अतर्गत कम किया गया है। इसके अतिरिक्त अब तक कुल 577 अनुपालनों को निरपराधीकरण (डिक्रिमिनलाइजेशन) श्रेणी के अतर्गत लाया गया है। इसके साथ ही कुल 948 अधिनियम/नियम/विनियम आदि को समाप्त किया जा चुका है। अब उत्तर प्रदेश में व्यापार करने के लिए उ.प्र. दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 के अंतर्गत पंजीकरण पर्याप्त है तथा ट्रेड लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में व्यापार करने के लिए उ.प्र. दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अतर्गत पंजीकरण के नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। यदि दुकान में शून्य कर्मचारी है तो उ.प्र. दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अतर्गत पंजीकरण की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। उद्यमों से संबंधित अनुपालनों के उल्लंघन के अपराधों के निरपराधीकरण (डिक्रिमिनलाइजेशन) के लिए अग्निशमन विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग व विधिक माप विज्ञान विभाग के कानूनों के अंतर्गत अपराधों की कम्पाउंडिंग कर दी गई है।

## ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय के लिये पुस्तकों के चयन की प्रक्रिया शुरू

बदायूँ। जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किये जाने हेतु ग्राम पंचायतों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पाठ्य समाग्री व पुस्तकों के चयन हेतु 50 प्रतिशत पुस्तकों के चयन शासकीय प्रकाशकों द्वारा व 50 प्रतिशत चयन अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों के द्वारा, जिसमें स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्र नायकों एवं शहीदों की जीवनी क्षेत्रीय लेखकों, प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों, कवियों की पुस्तकें, सांस्कृतिक साहित्य से सम्बन्धित हो, को भी सम्मिलित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसके सम्बन्धित प्रकाशकों की पुस्तकें जनपद स्तरीय समिति पुस्तकों का चयन करेगी जिसमें जनपद स्तरीय समिति सामर्थ्य व मूल्य निर्धारण और समझने में आसान भाषा व सामग्री पर विचार करते हुए पुस्तकों का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि 07 दिवस के अन्दर सभी प्रकाशक अपनी पुस्तकें जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सूची एवं दर विषय एवं भाषावार उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों के चयन हेतु आप सभी को अवगत कराना हैं कि जो भी व्यक्ति, फर्म, संस्था इन विषय-वस्तु को ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किये जाने हेतु उपलब्ध कराने के इच्छुक हो अपनी पुस्तकों के प्रकाशन व लेख से सम्बन्धित विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 210 विकास भवन में अथवा जनपद की ई-मेल आई0डी0- कचतवइक.नच/दपबण्पद पर विवरण उपलब्ध करा सकते हैं, साथ ही जो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जो पाठ्य सामग्री व पुस्तक अपनी ग्राम पंचायत की डिजिटल पुस्तकालय में पढ़ना चाहते हैं वो भी पाठ्य सामग्री व पुस्तक की सूची विवरण इस ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

## 16 नलकूपों से कीमती सामान चोरी

बदायूँ। एक ही रात में 16 नलकूपों से कीमती सामान चोरी कर लिए गए। इससे पहले किसान परेशान हैं। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर निवासी रघुवीर यादव, धर्मेंद्र सिंह, बेचे सिंह, किशन लाल यादव, लाल बहादुर, आवेश सिंह, पप्पू, जसवीर आदि 16 लोगों के नलकूपों से चोरी हुई है। बताया कि बीती रात चोरों ने नकब लगाकर व ताले तोड़कर नलकूपों में लगे मोटर, स्टार्टर, केबल हेल्पर आदि उपकरण चोरी कर ले गए। इससे सिंचाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। किसानों का कहना है कि आसपास गांव शिकारपुर, दहेमी, सलारपुर आदि गांवों में करीब सौ किसानों के नलकूपों से चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने आजतक एक भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं किया है। इससे किसानों में रोष है। चौकी इंचार्ज नवादा संजीव कुमार ने बताया कि नलकूपों में चोरियां के खुलासा में हमारी टीम लगी हुई है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## छात्र प्रियांशु वार्ष्णेय ने प्राप्त की यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता

चंदौसी/नगर। के प्रियांशु वार्ष्णेय ने शिक्षा में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट जून 2025 में शानदार प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कुल 96 परसेंट अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर पूरे नगर का नाम रौशन किया है। प्रियांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां बहनों व शिक्षकों व कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने पहले ही एम एड में मेडल और एमएस सी गणित की उपाधि प्राप्त कर ली है। इसके अलावा वे यूपी टीईटी सीटीईटी जैसी परीक्षाएँ पहले ही उत्तीर्ण कर चुके हैं।वर्ष 2023 में केंद्रीय विद्यालय संगठन में अंतिम चयन होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण वह बाहर हो गए थे।अब उनका लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना है।परिवार और मित्रों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।

## तेंदुआ की आहट से ग्रामीणों में दहशत

अनूपशहर। गांव एंचोरा के जंगल में तेंदुआ की आहट से ग्रामीणों के मन में डर पैदा हो गया है। सीसीटीवी में दिखने के बाद भी वन विभाग तेंदुआ की मौजूदगी को नकार रहा है।गांव एंचोरा के जंगल में ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ होने की बात कही जा रही है। कैलाश तोमर के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने पर तेंदुआ निकलता दिखाई दिया है। ग्रामीणों ने रात्रि में ही वन विभाग को सूचित किया, अगले दिन वन विभाग कर्मचारी तथा ग्रामीणों ने एंचोरा, रूपवास, राजौर के जंगल में कई स्थानों पर तेंदुआ की पंजों के चिन्ह को देखा भी है। राजौर के बाद कहीं भी पंजों के चिन्ह दिखाई नहीं दिए। जिससे स्पष्ट होता है, कि संभवत तेंदुआ अनूपशहर अलीगढ़ मार्ग को पार कर मखैना की ओर चला गया होगा। किंतु ग्रामीणों में तेंदुआ की मौजूदगी को लेकर डर पैदा हो गया है। ग्रामीण अकेले खेत पर जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं और लगातार तेंदुआ होने का दावा भी कर रहे हैं। दूसरी ओर वन विभाग के रेंजर प्रवेश कुमार ने तेंदुआ होने की बात को नकार दिया है। उनका कहना है कि सीसीटीवी में स्पष्ट रूप से तेंदुआ दिखाई नहीं दे रहा है। और उसके पंजे भी कहीं स्पष्ट नहीं दिखे हैं। वन विभाग के अधिकारी की बात में झोल नजर आ रहा है। ग्रामीणों की मांग है, कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तेंदुआ की मॉनिटरिंग कराई जानी चाहिए और जल्द से जल्द पिंजरे लगाकर पकड़वाया जाए।

## प्रशिक्षु आईपीएस ने ग्राम प्रधानों संग की बैठक



गोरखपुर। थाना परिसर हरपुर-बुदहट में सोमवार को क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं बीडीसी सदस्यों के साथ प्रशिक्षु आईपीएस ने बैठक की। उन्होंने कहा कि गांवों में किसी प्रकार की समस्या व शिकायत के लिए पुलिस से संपर्क करें, जिससे शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण किया जा सके। बैठक का उद्देश्य थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाना ही पहली प्राथमिकता होगी। ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए उन्होंने कहां कि वे अपने ग्राम पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरा को समय-समय पर रिचार्ज करते रहें। इसके अलावा अगर किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई देती हो तो तुरंत 112 पर सूचना दें या थाने पर सूचित करें उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा की अपराध को रोकने में उनका सहयोग करें। प्रधानों से गांव में जुआ और शराब के विरुद्ध अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में कई प्रधानों ने अपनी-अपनी समस्या रखी। इस दौरान ग्राम प्रधान जोखू निषाद,रामानंद निषाद, प्रधान प्रतिनिधि जमुना यादव , संजय शुक्ला एडवोकेट ,जय श्री गुप्ता, सुशील सिंह, आनंद यादव, आनंद सिंह, सहित क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान एवं बीडीसी मौजूद रहे।

# सई नदी के उफान से टूटी सड़क अब नाव चलाने की उठी मांग

**एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने मौके पर पहुंच हालात और व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हसनगंज, उन्नाव। सई नदी के उफान से अकबरपुरऽरसूलपुर बकिया मुख्य मार्ग धंस जाने के बाद ग्रामीणों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सड़क पर बने 15 फीट गहरे गड्ढे ने गांव को मानो दुनिया से काट दिया है। इस बीच,प्रशासन ने हालात का जायजा लेना शुरू कर दिया है। तो वहीं उपजिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पाण्डेय सोमवार को रसूलपुर बकिया गांव पहुंचीं और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। तो वहीं ग्रामीणों की पीड़ाः ल्लबच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। वहीं गांव के लोगों ने बताया कि सड़क टूटने से सबसे ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा है। सैकड़ों बच्चे अब स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। बीमारों को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन गया है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी में नाव चलवाने की मांग रखी ताकि बच्चों और मरीजों को सुरक्षित आवाजाही मिल सके। हालांकि तहसील प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए नाव चलाने से साफ इंकार कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि नाव चलाने से हादसों का खतरा और बढ़ सकता है। इसके बजाय प्रशासन वैकल्पिक मार्ग तैयार कराने और सड़क की मरम्मत जल्द शुरू कराने पर विचार कर रहा है। सई नदी का उफान ग्रामीणों की मुश्किलें जरूर बढ़ा रहा है, लेकिन प्रशासन की सक्रियता से उम्मीद जगी है कि जल्द ही कोई ठोस समाधान निकलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सड़क की मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्था समय से हो जाए, तो उनका जीवन फिर से पटरी पर लौट सकता है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आसीवन, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे उन्नाव-सण्डीला मार्ग पर एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। वहीं नगर पंचायत हैदराबाद की कूड़ा गाड़ी पिकअप डाला को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चालक और दो सफाईकर्मी घायल हो गए। पिकअप चालक अजय सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है।वहीं एम,आर,एफ सेंटर की ओर जा रही पिकअप जैसे ही हनुमान मंदिर के पास पहुंचा,सामने से आ रहे ट्रक ने बेकाबू होकर टक्कर मार दी। एक पल में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। सड़क पर मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े।उन्होंने लहूलुहान हालत में तीनों घायलों को बाहर निकाला गया।वहीं घायलों में चालक अजय सिंह निवासी शेखूपुर तरइया हसनगंज सबसे ज्यादा गंभीर हैं। अजय सिंह नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग पर चालक हैं। हादसे के बाद उन्हें मियागंज सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तो वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अजय सिंह की पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों की मासूम आंखें पिता के जीवन की आस लगाए बैठी हैं। घर की आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है, ऐसे में इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे संकट में धकेल दिया है। वहीं घायलों में सफाईकर्मी राम औतार और रविंद्र नगर पंचायत हैदराबाद के इंद्रा नगर द्वितीय के निवासी हैं। तीनो की चोटें गंभीर हैं। उनके घरों में मातम का माहौल है। परिवार के लोग दहशत और चिंता में डूबे हैं। रोज़गार का सहारा टूटने के डर से बच्चों और पत्नियों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। चौकी प्रभारी हैदराबाद राम औतार ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

# महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष का मनाया गया जन्मोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बदायूं में प्रधानाचार्य जी के कुशल निर्देशन में महर्षि शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश चन्द्र वर्मा जी के जन्मदिन के उपलक्ष में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त विद्यालय में सामूहिक भावातीत ध्यान किया गया एवं छात्रों द्वारा भाषण और कविता का पाठ किया गया। इनके जन्मदिवस का कार्यक्रम आदर्श भारत निर्माण विषय पर आधारित था।इस प्रार्थना सभा का आयोजन विद्धयालय के शिक्षक कमल सर तथा मंजू सक्सेना के निर्देशन में हुआ। प्रधानाचार्य जी ने ब्रह्मचारी गिरीश चन्द्र वर्मा जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए लम्बी आयु की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मानवाधिकार एवं समावेशी विकास की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में सदस्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में जनपद सम्भल के आकांक्षी विकास खण्डों से संबंधित मानवाधिकार एवं समावेशी विकास की समीक्षा बैठक एवं बच्चों, युवाओं, छात्रों, पेंशन भोगियों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य सामुदायिक प्रतिनिधियों सहित संबंधित हित धारकों से भी संवाद किया गया। सर्व प्रथम माननीय सदस्य का जिलाधिकारी द्वारा पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया तथा विकासखण्ड बनियाखेड़ा खेड़ा के प्राचीन बेरनी मंदिर से प्राप्त प्राचीन भगवान? विष्णु जी की मूर्ति की प्रतिकृति भी माननीय सदस्य को उपहार स्वरूप प्रदान की गयी। बैठक के अन्तर्गत जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित 50 इंडीकेटर्स, बच्चों के इंडीकेटर्स एवं महिलाओं से संबंधित इंडीकेटर्स के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बैठक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में चर्चा की। जिला सेवा योजन अधिकारी द्वारा उनके विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों तथा रोजगार मेलों आदि कि विषय में बताया। मा. सदस्य द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किस प्रकार की स्किल्स से ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान किये जा सकते हैं तथा जनपद में किस किस ट्रेड में कितनी आवश्यकता है उस विषय पर विशलेषण करें। उन्होंने कहा कि सेवायोजन विभाग एवं आईटीआई तथा विद्यालय संयुक्त रुप से स्कूलों एवं संस्थानों मे जाकर बच्चों की रुचि को जाने कि वह किस क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों में स्टार्टअप की शुरुआत हो। मा. सदस्य ने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग पर कार्य किया जाए तो इससे स्थायी रोजगार में वृद्धि होगी। अनस्किल्ड रोजगार के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने मनरेगा के अन्तर्गत दिये जाने वाले रोजगार के अधिकार के विषय में बताया तथा जनपद में जॉब कार्ड धारकों एवं मानव दिवस सृजन के विषय में भी माननीय सदस्य को बताया। माननीय सदस्य ने दिव्यांगजनों, बुजुर्गों एवं महिलाओं आदि को काम दिया जाता है या नहीं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की तथा आंकड़े उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत क्या क्या कार्य किये जा रहे हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की बीसी सखी, बैंक सखी तथा जनपद में कितने स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि किस किस रोजगार में स्वयं सहायता समूह लगे हुए हैं उसकी सूची उपलब्ध कराएं तथा मूढा एवं मक्के के छिलके से बनाए उत्पादों के लिए ट्रेंड मार्क एवं जीआई टैग पर कार्य करें। कम से कम 10 -10 स्वयं सहायता समूहों को व्यापारियों से जोड़ें स्वयं सहायता समूहों द्वारा गौ कास्ट बनाने पर भी ध्यान दिया जाए। जिला प्रोबेशन विभाग के अन्तर्गत जनपद में चलायी जा रही योजनाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। पॉक्सो के लिए सपोर्ट पर्सन, तथा पॉक्सो के अन्तर्गत लंबित केस तथा कोबिड से संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण। रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष को लेकर चर्चा की गयी तथा इसके प्रचार प्रसार को लेकर भी निर्देशित किया।

# 6 व 7 सितम्बर को होगी जनपद में पीईटी-2025 परीक्षा

**जनपद के 24 केन्द्रों पर 39,360 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा पीईटी की परीक्षा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि पीईटी-2025 परीक्षा जनपद में 06 और 07 सितम्बर 2025 को दो-दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली की अवधि 120 मिनट निर्धारित है। जनपद में कुल 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहाँ लगभग 39,360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रति पाली 9,840 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रशासनिक और पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर स्थायी मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही निरीक्षण अधिकारी, पर्यवेक्षक और रूट मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी तथा ट्रैफिक नियंत्रण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और चिकित्सा सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर विशेष निगरानी दल गठित किए गए हैं, जो लगातार निरीक्षण करेंगे। उन्होंने परीक्षार्थियों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुँचे। प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी या अन्य वैध पहचान पत्र अवश्य साथ लाएं। परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच और अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को लाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अभ्यर्थियों को केवल ब्लैक या ब्लू बॉल पेन ही साथ लाने की अनुमति होगी। अनुशासन भंग करने या प्रतिबंधित सामग्री लाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है कि पीईटी-2025 परीक्षा जनपद बदायूं में शांति, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो।07--अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर सघन एड्स जागरूकता अभियान आयोजितबदायूँ। सोमवार को केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज टिकट गंज एवं राजकीय इंटर कॉलेज बदायूँ में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अमलेश एवं प्राचार्य गुल नवाज़ आलम द्वारा की गई।गोष्ठी में जिला कार्यक्रम अधिकारी (एड्स) डॉ. विनेश कुमार ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के फैलने के चार प्रमुख कारणों असुरक्षित यौन सम्बन्ध, एचआईवी ग्रस्त महिला से जन्मे बच्चे, संक्रमित व्यक्ति का रक्त दूसरे को चढ़ाना तथा संक्रमित सिरिंज से इंजेक्शन लगानेकृके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

## राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सम्भल, बहजोई। राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र चंदौसी द्वारा 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के लोगों के प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 8.2025 से दिनांक 2.12.2025 तक 100 दिन की कक्षा का लोकेश पार्षद गणेश कॉलोनी चंदौसी व सुरेंद्र कुमार जायसवाल प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर का उद्घाटन किया गया तथा लोकेश जी एवं सुरेंद्र कुमार जायसवाल जी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्कूल बैग, रजिस्टर एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित साहित्य का वितरण किया गया तथा प्रधानाचार्य द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के विषय में जानकारी दी । हुकम सिंह राणा सेवानिवृत सहायक प्रभारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण विषय पर व्याख्यान दिया । नौसिंह सहायक प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केंद्र चंदौसी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। मोहित कुमार गौड़ का सहयोग रहा तथा कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर की टीम ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।परिषद के साथ संबद्ध संगठन अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे से ड्यूटी हटाने की मांग संबंधी ज्ञापन भी जिलाधिकारी को दिया ।परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग किया है कि कर्मचारियों के कैशलेस इलाज की कमियों को दूर किया जाए उसके बजट को बढ़ाया जाए तथा अस्पतालों को निर्देशित किया जाए कि वह कैशलेस कार्ड पर इलाज करने से मना ना करें, सांची संस्थान के अप्रूवल तक मरीज भर्ती न होने की प्रक्रिया का सारणीकरण किया जाए। इसके साथ ही सिंचाई विभाग के ड्राइंग स्टाफ का संगणक से सहायक अभियंता पद पर प्रमोशन, संगणक कर्मियों को अवर अभियंता की भांति वेतन स्त्रोनयन अनुमन्य करते हुए 4800 ग्रेड पे करते हुए उन्हें राजपत्रित घोषित करने की मांग तथा ड्राइंग संवर्ग के कर्मचारियों की 1 जनवरी 1986 से वेतन विसंगति को दूर करने संबंधित ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन भी दिया गया जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया गया कि वह प्रत्येक माह में कर्मचारी संगठनों के नेताओं के साथ बैठक कर समस्याओं को सुने जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि मैं शीघ्र ही आप सभी लोगों के साथ एक बैठक करूंगा जिसमें स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव लिया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय बहुत ही खुशनुमा माहौल में कर्मचारी की समस्याओं संबंधी सारी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुई हैं तथा उन्होंने उनके समाधान का भरोसा दिया हैं। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक अशोक पांडे अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ला अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के अध्यक्ष जामवंत पटेल अनिल द्रिवेदी राजेश मिश्र अनूप कुमार इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव इजहार अली फुलई पासवान रामधनी पासवान सुशील कुमार गौड़ संतोष कुमार कुमुदिनी सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरयू घाट से जल भरने पहुंचे लाखों कांवरियों का सैलाब

## महादेव को जलाभिषेक करने निकले कांवरिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में कजरी तीज पर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए जल भरने के लिए सरयू पर कांवरियों का पहुंचना शुरू हो चुका था।जो देर रात तक लाखों में तब्दील हो गया।दिन हो या रात,धूप हो या हो बरसात रास्ता कैसा भी हो आस्था के इस सैलाब में कांवरियों के हौसले अपने चरम पर दिखाई दे रहे है।बोल बम-बोल बम,बाबा नगरिया दूर है-जाना बहुत जरूर है, जो बाबा को भूलेगा-वह रस्ते में झूलेगा.... जैसे गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा है।जलाभिषेक के लिए जल भरने के लिए सरयू तट पर कांवरियों का पहुंचना शुरू हो चुका था।कांवड़ यात्रा के अवसर पर जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए करनैलगंज के सरयू नदी से जल भरने के लिए दस लाख से ज्यादा कांवड़ियों का रेला सरयू तट पर उमड़ेगा।हालांकि प्रशासन ने चाक चौबंद इंतजाम करने का दावा किया है।खरगूपु र के पृथ्वीनाथ नाथ,शहर के दुखहरण नाथ औ र करनैलगंज के बरखंडी नाथ जिले के अन्य शिवालयों में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात किए गए हैं।शहर में दुखहरण नाथ मंदिर पर कजरीतीज मेले को प्रशासन ने मंदिर से लेकर एलबीएस चौराहे तक बैरिकेडिंग कराई है।महिला और पुरुष के लिए अलग लाइनें होंगी।मंदिर महंत राघवेंद्र मोहन ने बताया कि मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया।भीड़ को देखते हुए मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश बंद रहेगा।उन्होंने बताया कि सोमवार को शाम आठ बजे से बाबा भोलेनाथ की महाआरती के बाद जलाभिषेक के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे।जिससे किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत कांवड़ियों को ना आए।मंदिर के दोनों द्वार पर डोंगा लगाया गया है।जिसमे महिलाओं व पुरुषों की अलग लाइन में आकर जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई।वहीं,जिला प्रशासन ने कांवड़ियों की सेवा मे भीड़ को नियंत्रण को लेकर सामाजिक संगठ नों से सहायता मांगी है।व्यवस्था सम्भाल रहे क र्मी ने बताया कि पंद्रह हजार बल्ली लगाकर ए क किलोमीटर तक बैरिकेडिंग की गई है।एलबी एस चौराहे से मंदिर तक श्रद्धालुओं की चार ला इनों में श्रद्धालुओं को जलाभिषेक की व्यवस्था है। एक किलोमीटर कांवड़ियों के लिए सड़क की एक पटरी पर कालीन बिछाया गया है। उन्होंने बताया कि खरगूपुर के पृथ्वीनाथ नाथ मंदिर पर भी दस हजार बल्लियों से बैरिकेडिंग लगाई गई है।वही जिला प्रशासन कजरी तीज मेले को लेकर फुल एक्शन में नजर आ रहा है। पिछली बार कजरीतीज मेले मे चार घंटे बिज ली गुल रही थी।जिससे शहर की सड़कों पर अंधेरा छा गया था।झमाझम बारिश और अंधेरे के बीच लाखों कांवड़ियों का जत्था रुकने का नाम नही ले रहा था।अंधेरों में केसरिया रंग से लखनऊ हाईवे रंगा नजर आया था।जिसका फीडबैक मिलते ही डीएम प्रियंका निरंजन ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि जो भी व्यवस्था करनी हो कर लें।मेले के दौरान बिजली की कटौती नही होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मेले के दौरान अगर बिजली काटी गई तो जिम्मेदारों पर कार्य वाही की जाएगी।डीएम प्रियंका निरंजन ने स भी विभागों के अफसरों को निर्देश देते हुए क हा कि मेले में किसी प्रकार की कमी ना होने पाए।उन्होंने नगर पालिका परिषद से साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि कजरी तीज मेले मे तीसरी नेत्र से सरयू तट से लेकर मंदिर तक नजर रखी जाएगी। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा जवान लगाए गए हैं।

### दर्जनों से अधिक जगहों पर लगाए गए बैरियर

शहर के दुखहरन नाथ मंदिर पर लाखों की संख्या में कांवड़िए आज सुबह से जल भरने के रवाना होंगे।इसमें जानकारों के अनुसार दस लाख से अधिक कांवड़िए जलाभिषेक करेंगे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने शहर में दो दर्जन जगहों पर बैरियर लगाया। शहर के एलबीएस चौराहा, गुरुनानक चौराहा, बस अड्डा, झूलेलाल, सूरज होटल रोड, मिश्रौलिया, अम्बेडकर चौराहा, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी चौराहा, अफीम कोठी मार्ग,गायत्री पुरम मार्ग,मनकापुर बस अड्डा चौराहा से गुड्डूमल मार्ग पर, आईटी आई,पटेल नगर,डाकखाना चौराहा समेत शहर के छोटी गलियों पर बैरिकेड कर वाहनों का आवागमन सोमवार शाम को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इसमें केवल आपातकाल लोग और मेला ड्यूटी को जाने की अनुमति रहेगी।

### सरयू घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पुलिस अधीक्षक (गोण्डा), विनीत जायसवाल ने बताया कि वही सरयू घाट पर लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक,सीओ व पुलिसकर्मी तैनात है सरयू घाट पर पुलिस अधीक्षक,आईजी सहित जिले के अधिकारी कांवरियों की सुरक्षा व्यव स्था के लिए नाव पर बैठकर नदी में जायजा लिया है। कावड़ियों की सेवा में गोण्डा पुलिस मौजूद है किसी कावड़ियों कोई परेशानी हो तो अपने पास मौजूद पुलिसकर्मियों को सूचित करें। पुलिस मौजूद हैं,सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

# सड़कों पर आवारा कुत्तों के आतंक से चलना हुआ मुश्किल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ते आवारा कुत्तों के खतरे पर चिंता जताई है।शीर्ष अदालत ने निकायों को आदेश दिया है कि कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाए जाएं।लेकिन जिले में स्थित नगर निकायों में आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम की व्यवस्था नहीं है।जिले में एक नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतें है।नगर पालिका व नगर पंचायतों में कुत्तों के नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इनके पास शेल्टर के रूम तो छोड़िए कुत्तों को पकड़ने लिए एक प्रशिक्षित टीम तक नहीं हैं।शहरी इलाकों में घूमते कुत्तों के झुंड लोगों के लिए घातक बने रहते हैं।आए दिन किसी किसी पर हमलाकर लोगों को घायल कर देते हैं।आवारा कुत्ते शहर व ग्रामीण क्षेत्र की सड़को व गलियों में घूमते रहते हैं। अभी तक ग्रामीण देशी कुत्तों को पालते थे,लेकिन अब देशी कुत्तों को पालना लगभग बंद कर दिया।जिससे कुत्ते अपना रहने का ठिकाना सड़क व मोहल्लों को बना रहे हैं। झुण्ड में टहलने वाले कुत्ते सड़क पर गंदगी के साथ लोगों कों घायल कर रहे है।उसके बाद भी नगर निकाय के पास आवारा कुत्तों को पकड़ कर संरक्षित करने के लिए कोई सुविधा नहीं है।ऐसे में कुत्ते झुंड में दिन भर सड़क व सार्व जनिक स्थानों पर घूमते रहते हैं। हर महीने कुत्तों के काटने से दर्जनों लोग घायल हो जाते हैं। आवारा कुत्तों को लेकर नहीं उठाए गए ठोस कदम सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

# पूर्वोत्तर रेलवे के नवागत अपर महाप्रबंधक से प्रतिनिधि मंडल के साथ मिले पीआरकेएस महामंत्री विनोद राय

## अपर महाप्रबंधक ने कर्मचारी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन संघ को दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर श्री विनोद राय अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ नवागत अपर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे से शिष्टाचार मुलाकात किया एवं कर्मचारी समस्याओं को अपर महाप्रबंधक महोदय के संज्ञान में लाए। अपर महाप्रबंधक महोदय ने संघ का अभिवादन स्वीकार किया एवं सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा जी श्री दीपक चौधरी ,सतीश श्रीवास्तव, मुख्यालय मंडल मंत्री फिरोज़ उल हक लक्ष्मी श्रीवास्तव , जयप्रकाश सिंह, ,मुख्यालय मंडल अध्यक्ष श्री संजीवधर, , लेखा मंडल के श्री नवीन मिश्रा, शमशाद अहमद, सुबोध खरे, यांत्रिक कारखाना मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बृजपाल सिंह राकेश श्रीवास्तव, देवेश सिंह अंशुमल पाठक अभिषेक गुप्ताअनिल गौतम विनोद मिश्रा ,मनोज शुक्ला, , अभिषेक , अनिल गौतम, योगेंद्र पाल, राजकुमार गुप्ता,राजू रावत,नूर ए आलम, योगेंद्र पाल सिंह, शुभम, पॉइंट्स मैन संगठन के श्री दिनेश मल्ल इत्यादि पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

# कजरी तीज पर शान्ति व्यवस्था के लिए जारी किये गये दिशा निर्देश

बहराइच । अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार द्वारा नगर मजिस्ट्रेट सहित समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटों व पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देश दिया है कि शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कजरी तीज पर्व को सकुशल

## कजरी तीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराना शासन की प्राथमिकता

सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कॉवड़ यात्रा एवं नदियों के घाटों तथा शिव मन्दिरों में भीड़-भाड़ होने की सम्भावना को देखते हुए शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि बनाये रखें। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री कुमार ने जिला पंचायत राज अधिकारी व नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि नदियों के स्नान घाटों एवं मन्दिरों के आस-पास सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई एवं चूनाकारी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

# दर्शन सिर्फ शास्त्र नहीं, जीवन को दिशा देने वाला मार्ग : प्रो. द्वारकानाथ

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के सभागार में दर्शनः समग्र जीवन की आधारशिला विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज स्मृति सप्त दिवसीय व्याख्यानमाला तथा महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के चतुर्थ स्थापना दिवस सप्ताह समारोह के अंतर्गत सोमवार को गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के सभागार में दर्शनः समग्र जीवन की आधारशिला विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. द्वारकानाथ तिवारी ने कहा कि दर्शन केवल शास्त्र नहीं, बल्कि समग्र जीवन की दिशा प्रदान करने वाला मार्ग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय दर्शन हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों से ही सफल नहीं होता, बल्कि आत्मिक शांति, नैतिक आचरण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व ही उसकी असली पहचान है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गीता का कर्मयोग हमें कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है, उपनिषद आत्मा और परमात्मा के संबंध को समझाते हैं और जैन-बौद्ध दर्शन करुणा एवं अहिंसा के महत्व को स्थापित करते हैं। इसी प्रकार आज के तनावग्रस्त जीवन में यदि दर्शन और योग को व्यवहारिक जीवन में उतारा जाए तो यह मानसिक शांति, पारस्परिक सद्भाव और सामाजिक समरसता की नींव रख सकता है। प्रो. तिवारी ने कहा कि वेद मानव जीवन के लिए आचार संहिता प्रस्तुत करते हैं। यदि हम अपने ज्ञान एवं विवेक का समुचित प्रयोग करें तो न केवल व्यक्तिगत दुःखों का निवारण संभव है, बल्कि समाज में स्थायी शांति और सद्भाव भी स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने इस तथ्य पर बल दिया कि लोभ, अहंकार और वासनाएँ ही दुख का कारण हैं, जबकि संयम, साधना और आत्मचिंतन से जीवन में संतुलन संभव है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे वैदिक आदर्शों को आत्मसात कर आत्मोन्नति तथा राष्ट्रोत्थान में योगदान दें।

# अनामिका शुक्ला प्रकरण,बीएसए समेत आठ के खिलाफ प्राथमिकी

## फर्जी डिग्री लगाक़र पचीस लोगो को नौकरी देने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। जिले में चर्चित अनामिका शुक्ला मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने जिला बेसि क शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी समेत आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवे दी ने बताया कि आरोपियों में बीएसए के अला वा तत्कालीन वित्त एवं लेखा अधिकारी सिद्धा र्थ दीक्षित,लिपिक सुधीर सिंह, अनुपम पांडेय, अनामिका शुक्ला,भैया चंद्रभान दत्त मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक दिग्विजयनाथ पांडेय,स्कूल के प्रधानाचार्य,और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं।इस मामले में वादी प्रदीप कुमार पांडेय ने अदा लत में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया, है बेसिक शिक्षा विभाग में एक संगठित गिरोह काम रहा है,जो नौकरी चाहने वालों की शैक्षिक डिग्रियों का दुरुपयोग कर फर्जी नियुक्तियां कर ता है,उन्होंने दावा किया कि इस घोटाले में करो ड़ों रुपये का गबन हुआ है।याचिका के अनुसार, ‘‘अनामिका शुक्ला को वर्ष 2017 से नियमित वेतन मिल रहा था, लेकिन वर्ष 2020 में उसने दावा किया कि वह बेरोजगार हैं।जांच में यह सामने आया कि उन्हें कभी औपचारिक रूप से नियुक्त ही नहीं किया गया था,फिर भी उनके ना म पर वेतन भुगतान होता रहा।इससे पूर्व, अना मिका शुक्ला ने इससे पूर्व कोतवाली नगर में एक शिकायत दर्ज कराई थी,जिसमें उन्होंने अ पने दस्तावेजों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह बेरोजगार हैं और उनकी कहीं नियुक्ति नहीं हुई है।पुलिस ने बताया कि अदालत के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच उप-निरीक्षक शुभम दुबे को सौंपी गई है।उन्होंने बताया कि साक्ष्यों के आधा र पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एंटी क्रॉप्शन संगठन की हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। भ्रष्टाचार निरोधक संगठन ( एन्टी क्रॉप्शन संगठन ) की जिला स्तरीय बैठक पादरी बाजार क्षेत्र के मानस विहार कॉलोनी में संगठन के प्रदेश महासचिव संगठन वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम सागर गौरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सचिव रामहंस सिंह ने अपने मधुर गीत - संगीत के साथ किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महासचिव संगठन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम सागर गौरी ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना ही संगठन का उद्देश्य है। भ्रष्टाचार निरोधक संगठन दबे, कुचले, असहाय, गरीबो, शोषितों की आवाज बनेगा साथ ही संगठन को प्रत्येक ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिला महासचिव संगठन डॉ दीना नाथ सिंह ने कहा कि संगठन का विस्तार किया जायेगा, मासिक बैठक होगी, जनपद के सभी ब्लॉकों में बैठक ली जायेगी। सबके साथ आत्मीयता विस्तार करते हुए जन जन को जागरूक करते हुए संगठन का विस्तार जनपद के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर जन जन को जोड़ने का कार्य किया जायेगा।

# जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला रास्ट्रीय स्तर का भारत गौरव सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शान्ती फाउंडेशन अशोकपुर टिकिया,वज़ीरगं ज गोण्डा में आयोजित सम्मान समारोह में गोण्डा के शहशांह इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को उनके राष्ट्र उत्थान,समाज सेवा और कला के क्षेत्र में योगदान के लिए ल्लभारत गौरव सम्मान 2025ङ्क से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंकी देवी (अध्यक्ष, शान्ती फाउंडेशन)ने की जबकि विशिष्ट अतिथि स्टेट अवार्डी शिक्षक सुनील कुमार आनन्द रहे।सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रधानाचार्य रमेश आनन्द (शान्ती मेमोरियल स्कूल)व गया प्रसाद आनन्द (सचिव, शान्ती फाउंडेशन) द्वारा प्रदान किया गया।इनसेट जादूगर मिस्टर इंडिया की जीवन यात्राजादूगर मिस्टर इंडिया का जन्म जनपद गोण्डा के विकास खण्ड परसपुर अंतर्गत ग्राम सीर पुरवा हरदिहा सपौर निवासी एक साधारण किसान परिवार में हुआ।बचपन से ही उन्हें जादुई कला में विशेष रुचि थी।इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे अपने सपनों को साकार करने के लिए गुरु की तलाश में निकल पड़े।अंततः उनकी भेंट ऐसे गुरु से हुई जिन का नाम सोमैया देव था,जिन्होंने उन्हें जादुई कला में निखार लाने का प्रशिक्षण दिया।आज वे जादुई कला में अंतरराष्ट्रीय पहचान रखते हैं और सूचना विभाग उत्तर प्रदेश से पंजीकृत हैं। उनकी प्रस्तुतियों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना भी है।अतिथियों ने कहा कि ल्लमिस्टर इंडिया ने अपने अद्वितीय कला-प्रदर्शन और सेवा-भाव से न केवल जनपद, बल्कि प्रदेश और देश का भी नाम रोशन किया है।

# जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्धः जिला कृषि अधिकारी

बहराइच । जनपद में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया है कि वर्तमान में जनपद में 5003 मैट्रिक टन यूरिया, 5286 मैट्रिक टन डीएपी, 2789 मैट्रिक टन एनपीके एवं 11510 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 31412 बोतल नैनो डीएपी एवं 18247 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। जिले की सभी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरक वितरण की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अभी तक जनपद में 56430 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को 701 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को जनपद में 1239 मैट्रिक टन यूरिया बफर गोदाम में उपलब्ध है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, ए.आर. को-आपरेटिव के साथ प्रतिदिन जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं है। जनपद को लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है, प्राप्त उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। उन्होंने कहा कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जायेगी।

# मुंबई में रक्षा स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद रवि किशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद और लोकसभा सदस्य रवि किशन शुक्ला ने मुंबई में आयोजित रक्षा संबंधी स्थायी समिति की बैठक में भागीदारी की। इस अवसर पर रक्षा उत्पादन क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी तकनीक के विकास और भविष्य की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।बैठक के बाद सांसद रवि किशन ने कहा–> ल्लयह अध्ययन दौरा न केवल ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी है, बल्कि आने वाले समय की रणनीतियों को दिशा देने में भी उपयोगी साबित होगा। देश की सामरिक स्वायत्तता के लिए स्वदेशी तकनीक और उद्योग सहयोग को प्राथमिकता देना समय की मांग है।ङ्कसमिति का यह अध्ययन दौरा बेंगलुरु से शुरू हुआ, जहाँ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (क्त्क) के शीर्ष अधिकारियों ने समिति को महत्वपूर्ण परियोजनाओं और अपग्रेडेशन प्रोग्राम्स की जानकारी दी। इसके बाद दौरा मुंबई और पुणे में आयोजित बैठकों के साथ आगे बढ़ा। इस दौरान रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने समिति को मेक इन इंडिया से जुड़ी परियोजनाओं, उभरती तकनीकों, साइबर सुरक्षा, एवियोनिक्स और एयरोस्पेस से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना , आधुनिक तकनीक आधारित रक्षा प्रणालियों का विकास, सामरिक दृष्टि से अहम परियोजनाओं पर समीक्षा, भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रक्षा नीति को और मजबूत बनानारवि किशन ने कहा कि यह दौरा रक्षा मंत्रालय के लिए नीति-निर्माण और भविष्य की रणनीतियों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी और उपयोगी बताया।

# नानपारा पुलिस टीम ने एक वांछित को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नानपारा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने शाम के समय नवाबगंज मोड़ के पास स्थित कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी के पास से एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की पहचान उस्मान पुत्र जलील (उम्र लगभग 21 वर्ष), निवासी ग्राम गड़रहा, थाना विशेश्वरगंज, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल राम प्रताप सिंह व महिला कांस्टेबल आभा देवी आदि शामिल रहे।

# राजकीय इन्दिरा उद्यान का उपनिदेशक देवीपाटन मण्डल ने किया निरीक्षण

## उपनिदेशक ने राजकीय इन्दिरा उद्यान, बहराइच एवं कृषक प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि उप निदेशक उद्यान, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा श्रीमती गीता त्रिवेदी द्वारा राजकीय इन्दिरा उद्यान, बहराइच एवं कृषक प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता, ग्राम सोहरवा, वि.ख. चित्तौरा, बहराइच के ताईवान अमरूद, किन्नों का निरीक्षण किया गया। साथ ही लालजी व कल्लूराम, ग्राम-रायपुर के मचान विविध से लौकी, खीरा एवं मिर्च प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय किसानों से उत्पादन, विपणन आदि से सम्बन्धित जानकारियों को साझा किया गया। निरीक्षण के समय दिनेश चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच, पंकज वर्मा, योजना प्रभारी, जितेन्द्र सिंह, व.स. का.उ.नि.उ., देवीपाटन मण्डल गोण्डा व अन्य उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि चौक निर्माण हेतु नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।महाऋषि वाल्मीकि युवा समिति, कायस्थान वार्ड नं. 01, पूरनपुर द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें नगर में महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण कराकर महर्षि जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की गई। समिति के अध्यक्ष अमन वाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि महान ऋषि एवं आदिकवि थे। समाज के लिए उनके योगदान को देखते हुए नगर में उनकी प्रतिमा स्थापना आवश्यक है। इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और समाज में जागरूकता व एकता को बढ़ावा मिलेगा।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर में विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं, किंतु अब तक महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा नहीं लगाई गई है। अतः नगर के सम्मान और सांस्कृतिक गौरव की दृष्टि से जल्द से जल्द चौक का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही पूरे समाज ने मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना में नगर पालिका पूरनपुर को मिले 3.30 करोड़ रुपये से अम्बेडकर पार्क एवं स्टडी सेंटर बनाये जाने के लिए स्वीकृत धनराशि हेतु नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता को पगड़ी पहनाकर उनको सम्मानित किया एवं उनका आभार व्यक्त किया।चेयरमैन पूरनपुर ने भी ज्ञापन को सहर्ष स्वीकार करते हुए पूरे समाज को एक भव्य महर्षि वाल्मीकि चौक जो कि प्रदेश का नम्बर एक चौक होगा के निर्माण का आश्वासन दिया। इस प्रमुख मौके पर उनके साथ नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, भाजपा नेता मनोज पासवान एवं सभासद सौरभ सक्सेना 'राशु' एवं सभासद प्रतिनिधि हनीफ, विवेक तिवारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में संरक्षक निशु वाल्मीकि, अध्यक्ष अमन वाल्मीकि,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग राज एवं अभिषेक वाल्मीकि, उपाध्यक्ष जितेंद्र वाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि, सूर्या वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि,सचिव अजय वाल्मीकि,अर्पित वाल्मीकि,हिमालय वाल्मीकि, कोषाध्याय ऋतिक वाल्मीकि, संगठन मंत्री हिमांशु वाल्मीकि,सुमित वाल्मीकि,अज्जू वाल्मीकि तथा श्यामा चरण वाल्मीकि,हरिओम वाल्मीकि,सोनू वाल्मीकि,आंनद वाल्मीकि,राममूर्ति वाल्मीकि,विनय वाल्मीकि,ज्ञानेंद्र वाल्मीकि, शिवा वाल्मीकि, डबलू वाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, अमर वाल्मीकि, श्याम बाबू , राहुल, महेंद्र ,अजय , राजा, अंकित सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे और ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# बारहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता में अमेठी की टीम ने मारी बाजी

## डीएम और एसपी ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में लखनऊ जोन के दो दिवसीय बारहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा प्रतियोगी खिलाड़ियों का परिचय लिया गया तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लखनऊ जोन की मलखम्भ की विजेता टीम व खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। समापन दिवस पर छह सदस्यीय



निर्णायक मण्डल के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निर्णय के उपरान्त टीम प्रतिस्पर्धा में जनपद अमेठी की टीम छब्बीस अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही।जनपद अम्बेडकरनगर की टीम सोलह अंकों के साथ द्वितीय व जनपद सुलतानपुर की टीम दस अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।एकल प्रतिस्पर्धा में आरक्षी प्रमोद कुमार जनपद अमेठी प्रथम स्थान पर, आरक्षी आकाश यादव जनपद अम्बेडकरनगर द्वितीय स्थान पर तथा आरक्षी ओमजी त्रिपाठी जनपद अमेठी तृतीय स्थान पर रहे।तदोपरान्त जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में नियुक्त समस्त अनुचरों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

# एएसपी ने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी की गई जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा व्यापारी बन्धुओं को ‟ऑपरेशन दृष्टि" के तहत जागरुक कराते हुये सुरक्षा के दृष्टिगत अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया।तदोपरान्त व्यापारियों द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक स्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## एसडीएम से मिले मंत्री प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंत्री प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने उप जिला अधिकारी सदर श्रद्धा सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों एवं क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के बारे में बातचीत की है।

इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान की बात कही है। मंत्री प्रतिनिधि और उप जिला अधिकारी ने समस्याओं के समाधान के बारे में बातचीत की है।साथ ही इस मुलाकात से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी और विकास कार्यों को गति देने में एवं क्षेत्रवासियों को सहायता मिलेगी।

## पुलिस ने चोरी के ई रिक्शा के साथ एक युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने विकास भवन प्रतापगढ़ के पास से चोरी किये गये ई रिक्शा के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मालती नदी पुल के पास विशेषरगंज की तरफ से आ रहे बिना नम्बर प्लेट ई रिक्शा को रोककर चालक का नाम पता पूंछा गया तो चालक ने अपना नाम श्रीराम उर्फ सियाराम पुत्र पारसनाथ विश्वकर्मा निवासी रामचन्द्र का पुरवा मजरे टेवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी बताया।बिना नंबर प्लेट ई रिक्शा के बारे में पूंछने पर उसने बताया कि वह ई रिक्शा बीती तेइस मई को कोतवाली प्रतापगढ़ क्षेत्र से विकास भवन के पास सगरा ढलईया से चोरी किया था।बरामदगी के आधार पर थाना संग्रामपुर पुलिस ने अभियोग दर्जकर शातिर अपराधी को जेल भेज दिया है।

## मोहनगंज पुलिस ने दो सौ ग्राम स्मैक के साथ दो कारोबारियों को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये दो सौ ग्राम स्मैक के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान विनोद गुप्ता पुत्र राम सुमिरन निवासी ग्राम नसरतपुर थाना मोहनगंज व इरफान पुत्र जुम्मन निवासी पूरे काशी पुरवा मजरे भदसाना थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में विनोद गुप्ता के कब्जे से एक सौ दस ग्राम स्मैक व इरफान के कब्जे से नब्बे ग्राम स्मैक बरामद हुई।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये कारोबारियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार दोनों शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध विभिन्न जनपदों में गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं।

## शोक संवेदना व्यक्त करने ग्राम प्रधान के घर पहुंचे सपा नेता यूसुफ कादरी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी पीलीभीत के पूर्व ज़िला महासचिव यूसुफ़ क़ादरी के नेतृत्व में विधानसभा पीलीभीत के ग्राम सैजना में ग्राम प्रधान निर्दोष गंगवार के घर पहुंच कर परिवार में हुई विगत दिनों मौत शोक संवेदना व्यक्त की और ग्रामीणों लोगो से मुलाकात की पी0डी0ए के फार्मूले के बारे में बताया यूसुफ़ क़ादरी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान और आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर संविधान की समीक्षा के बहाने आरक्षण समाप्त करने का आरोप लगाया।उन्होंने वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए बेरोजगारी, कानून–व्यवस्था और विभिन्न वर्गों की समस्याओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छात्र, नौजवान, किसान, व्यापारी और सभी परेशान हैं। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। जन प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों पर भी हमले की घटनाएं हो रही हैं।सपा नेता यूसुफ़ क़ादरी ने आगामी विधान सभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को समर्थन देने की अपील की साथ ही उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए सभी से साथ आने का आह्वान किया।पिछड़े और दलित वर्ग पर हो रहे अत्याचार को रोकने की बात कही साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को समर्थन देने की अपील की है।इस मौके पर श्यामा चरण गंगवार,काशीराम सरोज, विवेक यादव, संतोष कुमार पूर्व प्रधान, हरवंश गंगवार पूर्व प्रधान, धीरज पासवान, मुरारी लाल, राम चंद्र, विजय पाल गंगवार, ओम प्रकाश सिंह, तेजपाल, तिलक राम गंगवार, सर्वेश गंगवार,पुष्कर गंगवार, हेम कुमार, अनिल गंगवार, रूप लाल, प्रमोद गंगवार, पुष्कर दत्त, नरेंद्र गंगवार, बसीर अहमद, जाने आलम मौजूद रहे हैं।

# पुलिस आफिस में सिपाही की पत्नी ने फंासी लगाने का किया प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। एसपी ऑफिस के अंदर सिपाही की पत्नी ने फंासी लगाने की कोशिश की। महिला अपने साथ एक साल की बच्ची को लेकर पहुंची और उसे जमीन पर लिटा दिया। ऑफिस कैंपस में लगे एक पेड़ पर फंदा डालकर उसने फांसी लगाने की कोशिश की। महिला पुलिस कर्मियों ने किसी तरह उसे समझाकर वहां से उठाया। दोपहर करीब 1 बजे सड़क पर एक सिपाही की पत्नी ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। पहले वह रोते हुए बीच सड़क पर बैठ गई। महिला ने गोद में एक साल की एक बच्ची को ले रखा था। उसे पुलिस कर्मी किसी तरह एसपी ऑफिस के अंदर लेकर गईं, जहां उसने आत्महत्या की कोशिश की। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने महिला एसओ को बुलाकर महिला को उनके हवाले किया है, जो अब पूरे मामले की जांच कर रही हैं। बता दें कि बल्दीराय थाने के वल्लीपुर चौकी पर सिपाही अभिषेक यादव की तैनाती है। महिला वर्षा यादव ने बताया कि 2 साल पहले मेरी अभिषेक से शादी हुई थी। एक साल पहले मेरी एक बेटी हुई। मेरे पति का एक दूसरी लड़की से अफ़ेयर है। इसे लेकर बहुत झगड़ा हुआ। मैंने न्याय के लिए थाने से लेकर पुलिस ऑफिस में अधिकारियों तक के काफी चक्कर काटे। जब कही पर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो अब हमने यह कदम उठाया है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा मैं यहां से नहीं जाऊंगी। महिला पुलिसकर्मी काफी देर तक महिला को समझाती रहीं। इसके बाद उसे लेकर ऑफिस के अंदर गईं। महिला ने बताया कि पति दूसरी लड़की के साथ रहने की जिद पर अड़ा है। मुझे साथ रखने को तैयार नहीं है न ही किसी तरह का खर्चा देता है। कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन उसकी पुलिस में पहचान होने के बाद भी मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। मैं कब तक मायके में बच्ची को लेकर रहूं। मैं जब सभी तरह से हार गई तब यह कदम उठाने का सोचा है। अगर न्याय नहीं मिला तो यहीं सबके सामने फंासी लगाकर जान दे दूंगी। इसके बाद महिला ने कैंपस में लगे एक पेड़ पर दुपट्टा डालकर फंासी लगाने की कोशिश की। इस दौरान मासूम बच्ची जमीन पर पड़ी रही और लोग वीडियो बनाते दिखे। बच्ची को रोते देख महिला पुलिस कर्मी पहुंचीं। पुलिस कर्मियों ने महिला को रोका और बच्ची को गोद में उठाकर ऑफिस के अंदर ले गईं। पुलिस अधिकारियों ने महिला थाने की एसओ को बुलाकर महिला को उनके हवाले किया है। जहां वो महिला को लेकर थाने पर गई हैं। महिला एसओ ने बताया कि सिपाही को बुलाया गया है। जहां दोनों पक्ष से पूछताछ की जा रही है। महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हंसमती ने बताया महिला की काउंसलिंग की जा रही है। उसके पति को थाने पर बुलाया गया है। समझा बुझाकर मामले को हल कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शारदा नदी ने शुरू किया कटान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के ट्रांस शारदा इलाके में शारदा नदी की बाढ़ और कटान से ग्रामीण हर साल तबाही का दंश झेल रहे हैं। खेत-खलिहान बह रहे हैं, हजारों बीघा जमीन नदी में समा रही है किसान रोज़ी-रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। इसी समस्या के स्थायी समाधान को लेकर ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौपा है। ज्ञापन में नदी के दोनों किनारों पर मजबूत तटबंध निर्माण की मांग की है। शारदा नदी हर साल अपना रुख बदलकर सिद्धनगर और हजारा सहित दर्जनों गांवों की जमीन काट रही है। फसल बर्बाद होने से किसान कर्ज में डूब रहे हैं। और परिवारों को पलायन की नौबत आ रही है।

## चारों तरफ मचा हाहाकार प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

लाखों की आबादी असुरक्षा की चपेट में है। प्रधानों ने बताया कि अब तक करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चलाई गईं लेकिन बाढ़ और कटान की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्राम प्रधानों ने स्पष्ट किया है।कि यदि प्रस्तावित तटबंध का निर्माण जल्द नहीं हुआ तो यह क्षेत्र हर साल बर्बादी का शिकार होता रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सेतु निर्माण की योजनाओं पर तो करोड़ों खर्च किए गए, लेकिन कटान रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं किए गए। ज्ञापन में कहा गया है कि 1991-92 से लेकर अब तक ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ और कटान से गांवों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ चुका है।

## किसान तोरिया का निःशुल्क बीज करे प्राप्तः जिला कृषि अधिकारी

पीलीभीत। जिन क्षेत्रों में विभिन्न प्राकृतिक परिस्थितियोंवश कृषकों द्वारा खरीफ की फसल की बुवाई नहीं की जा सकी या बुवाई की गयी फसल नष्ट हो गई है। ऐसे क्षेत्र के कृषकों द्वारा रबी फसल की बुवाई से पूर्व इस अवधि में तोरिया लाही फसल की बुवाई सफलतापूर्वक सितम्बर माह के प्रथम पखवारे में की जा सकती है। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट विवरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत तोरिया लाही फसफ का दो किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु दिनांक 31.08.2025 तक पोर्टल खोला गया है। कृषकों द्वारा पोर्टल पर तोरिया बीज मिनीकिट की बुकिंग की जा सकती है।आनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त की दशा में आनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा।

# रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं होती : डॉ. आरके मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राजयोगिनी दादी प्रकाश मणि जी की पुण्य स्मृति में विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा भारत देश में किया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सुल्तानपुर केंद्र पर सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ रक्तदान कर सीआरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान करने वालों को संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र सीआरपीएफ को जवानों को प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके मिश्रा के द्वारा दिया गया। डॉ मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होती। सभी नवयुवकों को वर्ष में तीन बार रक्तदान करना चाहिए रक्तदान करने से हृदय रोग की बीमारी में भी कमी आती है। संस्था प्रमुख नीला जी ने कहां कि राज योगिनी दादी जी की स्मृति में पूरे देश भर में रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्म कुमारी संस्था द्वारा किया जा रहा है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों ने पूरे भारतवर्ष में रक्तदान कर दिया है जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। संस्था के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता देशभर में जगह-जगह रक्तदान कर रहे हैंव संस्था के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की उपस्थिति रहे। रक्तदान में प्रमुख रूप से रक्तकोष प्रभारी डॉ. संजय सिंह डॉ रवींद्र यादव एलटी विजय चौधरी संजू डॉ आरपी सिंह की उपस्थिति रही।

## लापरवाहीः जिला अस्पताल के डॉक्टर की लापरवाही से मासूम का हाथ टेढ़ा पीड़ित पिता ने की कार्रवाई की मांग

पूरनपुर।नगर क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी अजीजुल हसन पुत्र असलम खां ने अपने तीन वर्षीय बेटे के इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। सोमवार पीड़ित पिता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। अजीजुल हसन ने बताया कि उनका तीन वर्षीय पुत्र हसनैन ई-रिक्शा से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में उसका हाथ फैक्चर हो गया, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों ने बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आरोप है कि जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर ने हसनैन के हाथ पर गलत तरीके से प्लास्टर चढ़ा दिया। प्लास्टर खुलने के बाद परिजनों को पता चला कि बच्चे का हाथ टेढ़ा हो चुका है। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। जब उन्होंने डॉक्टर से इस बारे में सवाल किया तो डॉक्टर ने उन्हें अपने चैंबर से भगा दिया और धमकी भरे लहजे में कहा कि वे उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

# वालीबाल प्रतियोगिता में सुल्तानपुर टीम विजेता, अलीगंज रही उपविजेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। कुडवार विकास खंड क्षेत्र के हकुहा खोखीपुर में एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। खेल भावना और जोश से भरे इस आयोजन में आसपास के कई जनपदों की नामचीन टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम शंकर यादव रहे। उन्होंने खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि आपसी भाईचारे और अनुशासन की भी सीख मिलती है।प्रतियोगिता में इलाहाबाद, प्रयागराज, फैजाबाद, धरावा, खोखीपुर, अलीगंज, पिपरी, सुल्तानपुर, दाऊतपुर और हकुहा समेत करीब दो दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल मैच अलीगंज बनाम सुल्तानपुर के बीच खेला गया।इस निर्णायक मुकाबले में सुल्तानपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और विजेता बनी,जबकि अलीगंज की टीम ने कड़ा संघर्ष करते हुए उपविजेता स्थान हासिल किया।इस मौके पर समीम अहमद, अभिषेक यादव, मोहम्मद एहसान, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद शहरेयार, मोहम्मद तौहीद, जनकजीत, रामनारायण यादव, मोहम्मद जुबैर, कंधई यादव, वसीम अहमद और कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद शादाब सहित क्षेत्र के सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# गजब ! अवैध निर्माण पर एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के गांव पूरे फल्लू पाण्डेय मजरे महोना पूरब में सरकार की सुरक्षित बेशकीमती खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण किये जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने अभियोग दर्ज कराया गया है। हल्का लेखपाल ने अपने गुनाहों पर पर्दा डालने के लिये महिलाओं और बेटियों तक को मुल्जिम बना दिया है जो कि राजस्व महकमे की करतूतों की कलई खोल रहा है और मातहतों की करतूतों पर आला अधिकारी मौनधारण किये हुये है।मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के गांव महोना पूरब के हल्का लेखपाल राम समुझ द्वारा थाना शुकुल बाजार पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि सरकारी अभिलेखों में खलिहान के नाम अंकित भूमि गाटा संख्या 1843/0.063 हेक्टेयर के आंशिक भाग रकबा 0.015 हेक्टेयर पर तेज बहादुर सहित कई अन्य लोगों द्वारा पक्के मकान का निर्माण कर कब्जा किया गया है। हल्का लेखपाल ने इन अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की तो पुलिस ने भी आनन फानन में अभियोग दर्ज कर लिया।बताते चलें कि हल्का लेखपाल द्वारा जिन अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है वह सब एक ही परिवार के है जिसमें घर की महिलाओं और बेटियों के भी नाम शामिल किये गये हैं जो कि सरासर गलत है। अब सवाल यह उठता है कि जब निर्माण किया जा रहा था तब तहसील प्रशासन आखिर कहां था ? इसका जबाब किसी सक्षम अधिकारी के पास नही है और निर्माण कार्य करने वाला एक व्यक्ति है और मुल्जिम घर की महिलाओं और बेटियों को आखिर क्यों बनाया गया ? जबकि क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों में सरकार की सुरक्षित बेशकीमती जमीनों पर बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कर लिया गया है लेकिन राजस्व विभाग मूकदर्शक बना देखता रहा और उन पर मुकदमा दर्ज कराने का कोई साहस नही जुटा पा रहा है।

# विद्यार्थी से आरोपी बनते बच्चे

बीते चार-पांच दिनों में अलग-अलग प्रांतों की स्कूलों में हत्या या हत्या की कोशिश के तीन मामले सामने आए हैं। संयोग है कि तीनों ही मामले भाजपाशासित राज्यों के हैं। गुजरात में आठवीं कक्षा के एक बच्चे ने दसवीं में पढ़ने वाले छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी, वह भी स्कूल परिसर में ही। आरोपी बच्चे की अपने एक दोस्त से सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर हुई बातचीत भी अब सामने आई है, जिसमें दोस्त पूछ रहा है कि आज स्कूल में जो हुआ वो सच है क्या और आरोपी छात्र कह रहा है कि हां। मृतक बच्चे से आरोपी की क्या रंजिश थी, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन चौट के अनुसार मृतक बच्चे ने आरोपी से कहा था तू कौन है, क्या कर लेगा। इस चौट से यही समझ आता है कि आरोपी बच्चे ने केवल यह बताने के लिए चाकू मार दिया क्योंकि उसके अहं को चुनौती दी गई थी। इस बड़ी घटना के बाद अभिभावकों का परेशान और नाराज होना स्वाभाविक था। अहमदाबाद के एक निजी स्कूल में हुई इस वारदात के बाद अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन तो किया ही, कुछ हिंदूवादी संगठन भी इसमें शामिल हो गए और तोड़फोड़ को अंजाम दिया। मृत छात्र के शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम की कोशिश भी की गई। क्योंकि खबरों के मुताबिक आरोपी छात्र अल्पसंख्यक समुदाय से है। कई अखबारों और चौनलों में इसी तरह खबर दिखाई गई है। इससे समझ आता है कि अपने नौनिहालों को मौत के मुंह में धकेल कर भी समाज होश में नहीं आ रहा है। दूसरी घटना उत्तरप्रदेश की है, यहां गाजीपुर के एक स्कूल में छात्रों के दो गुटों के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ, जिसमें 10वीं कक्षा के छात्र को चाकू मारकर उसकी जान ले ली गई। वहीं दो अन्य छात्र घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक 14 तारीख को छात्रों का किसी बात पर विवाद हुआ था, फिर 15 और 16 को अवकाश था, लेकिन 17 तारीख को जब स्कूल खुला तो दोनों गुटों के बीच मारपीट हुई, जिसमें एक छात्र की जान ले ली गई। सबसे अच्छे ऑनलाइन कोर्स तीसरी घटना उत्तराखंड की है, इसमें नवमी कक्षा के छात्र ने अपने शिक्षक पर ही गोली चला दी। आरोपी छात्र तमंचे को लंच बॉक्स में छिपा कर लाया था। जब उसके शिक्षक पढ़ा रहे थे, तो उसने कहा सर इधर सुनिए और जैसे ही शिक्षक मुड़े, उसने गोली चला दी। फिलहाल शिक्षक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि शिक्षक ने कुछ दिन पहले सही जवाब देने के बावजूद छात्र को थप्पड़ मार दिया था, जिस वजह से वह बदला लेना चाहता था। इन तीनों घटनाओं के कारण भले अलग हैं, लेकिन इनकी हिंसक प्रवृत्ति समाज के लिए ऐसा अलार्म है, जिसे अब नहीं सुना गया तो फिर बहुत देर हो जाएगी। बल्कि ऐसा लग रहा है कि देर हो चुकी है और हम अब भी नहीं जाग रहे हैं। शायद उदय प्रकाश जी की लिखी एक पंक्ति है कि-चौन से सोना है, तो जाग जाओ। अब वाकई जागने का वक्त आ गया है। हिंसा मनुष्य की आदिम प्रवृत्ति है, लेकिन सभ्य समाज में संयम और नियम से रहकर मनुष्य अपनी इस प्रवृत्ति को वश में रखता है। सरकारें कानून बनाती हैं, अदालतें उन कानूनों के उल्लंघन पर सजा देती हैं, लेकिन इनके बीच कानून का पालन तो समाज की ही जिम्मेदारी है। ऐसा नहीं है कि बच्चों में मारपीट या विवाद पहले नहीं हुआ करते थे। बच्चे तो हमेशा से ही लड़ते-झगड़ते और फिर मिलकर साथ रहना जानते हैं। किशोरावस्था आते-आते जो मानसिक, शारीरिक परिवर्तन होते हैं, उस वजह से उनके आचरण में तब्दीलियां आती हैं। ऊर्ज़ा अपने चरम पर होती है और उसे सही दिशा नहीं मिलती तो वह गलत तरीकों की तरफ मुड़ जाती है। इसलिए स्कूलों में अनुशासन पर जोर दिया जाता है और घर पर भी मां-बाप या अन्य बड़े व अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन व दोस्ताना व्यवहार की जरूरत 14-15 साल के बच्चों को होती है। लेकिन बीते कुछ दशकों में जीवनशैली में बहुत बदलाव आ गए हैं। अब घरों पर आपसी चर्चा का वक्त अमूमन कम हो गया है और उनकी जगह टीवी या स्मार्टफोन्स ने ले ली है। सब अपने-अपने में व्यस्त रहने लगे हैं, ऐसे में अगर बच्चे के व्यवहार में कोई परिवर्तन होता भी है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाता। जरूरतों और महंगाई के बढ़ने के कारण अक्सर मां-बाप दोनों काम पर होते हैं, ऐसे में बच्चों का अकेलापन और बढ़ जाता है। ये तो सामान्य सामाजिक समस्याएं हैं ही, जिन पर अनेक बार विमर्श होते हैं।

# भारत चाहता है यह युद्ध का नहीं, शांति का दौर बने

**भारत द्वारा यूक्रेन के राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण देना केवल शांति प्रयासों का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की चालों को करारा जवाब देने वाला एक कूटनीतिक कदम भी है। हाल के दौर में अमेरिका ने भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाकर और विभिन्न आर्थिक दबाव बनाकर उसकी अर्थव्यवस्था को अस्थिर एवं अस्तव्यस्त करने की कोशिश की है। किंतु मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ कूटनीति से यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ज़ेलेन्स्की को आमंत्रित कर भारत ने यह दिखा दिया कि वह रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद रखकर स्वतंत्र नीति अपनाने में सक्षम है और अमेरिका की अपेक्षाओं के आगे झुकने के बजाय अपनी शांति और संतुलन की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह कदम भारत की आत्मनिर्भर, साहसी और वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है-'यह युद्ध का दौर नहीं है।' यह वाक्य केवल एक कूटनीतिक कथन नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत नीति और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने केवल शब्दों तक ही सीमित भूमिका नहीं निभाई, बल्कि ठोस मानवीय प्रयास भी किए। 'ऑपरेशन गंगा' के अंतर्गत हजारों भारतीय छात्रों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, मानवीय सहायता और राहत सामग्री भेजी। भारत ने रूस और यूक्रेन, दोनों से संवाद बनाए रखा। पिछले साल अगस्त में नरेन्द्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है।**

दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध और हिंसा ने सभ्यता की प्रगति को खतरे में डाल दिया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष इसके ताजे उदाहरण के रूप में हमारे सामने है। इस युद्ध ने न केवल यूरोप की स्थिरता को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग शरणार्थी बने और ऊर्ज़ा तथा खाद्यान्न संकट ने विकासशील देशों को प्रभावित किया। ऐसे कठिन समय में भारत ने अपनी पारंपरिक नीति-अहिंसा, निशस्त्रीकरण और अयुद्ध का परिचय कराते हुए यह स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण देकर भारत ने संकेत दिया है कि युद्ध विराम एवं शांति समझौता कराने में भारत सक्रिय भूमिका निभा सकता है, निश्चित ही इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन को भारत बातचीत की टेबल पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा, इससे युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होगा। भारत द्वारा यूक्रेन के राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण देना केवल शांति प्रयासों का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की चालों को करारा जवाब देने वाला एक कूटनीतिक कदम भी है। हाल के दौर में अमेरिका ने भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाकर और विभिन्न आर्थिक दबाव बनाकर उसकी अर्थव्यवस्था को अस्थिर एवं अस्तव्यस्त करने की कोशिश की है। किंतु मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ कूटनीति से यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ज़ेलेन्स्की को आमंत्रित कर भारत ने यह दिखा दिया कि वह रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद रखकर स्वतंत्र नीति अपनाने में सक्षम है और अमेरिका की अपेक्षाओं के आगे झुकने के बजाय अपनी शांति और संतुलन की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह कदम भारत की आत्मनिर्भर, साहसी और वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है-'यह युद्ध का दौर नहीं है।' यह वाक्य केवल एक कूटनीतिक कथन नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत नीति और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने केवल शब्दों तक ही सीमित भूमिका नहीं निभाई, बल्कि ठोस मानवीय प्रयास भी किए। 'ऑपरेशन गंगा' के अंतर्गत हजारों भारतीय छात्रों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, मानवीय सहायता और राहत सामग्री भेजी। भारत ने रूस और यूक्रेन, दोनों से संवाद बनाए रखा। पिछले साल अगस्त में नरेन्द्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं रूसी राष्ट्रपति पूतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत किया और कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने एवं युद्ध विराम का रास्ता है। रूस और यूक्रेन के बीच यदि कभी बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसमें भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। आज भारत की छवि एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में उभरी है। भारत न केवल जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के लिहाज से बड़ा देश है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से भी विश्व में एक अलग पहचान रखता है। गांधी की भूमि, बुद्ध की करुणा और महावीर की अहिंसा से प्रेरित यह राष्ट्र यदि शांति का झंडा उठाता है, तो उसकी आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि पूरी दुनिया आज भारत से अपेक्षा कर रही है कि वह शांति का नेतृत्व करे। भारत की यह भूमिका उसे केवल एक उभरती महाशक्ति ही नहीं बनाती, बल्कि 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करती है। क्योंकि भारत जानता है-'शांति ही मानवता का वास्तविक मार्ग है, और अहिंसा ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति।' भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफगानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से कहा कि मानवता के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि सहयोग-शांति-सौहार्द से मिलेगा। उन्होंने विकासशील देशों की पीड़ा और युद्ध से उत्पन्न आर्थिक संकट को सामने रखकर यह स्पष्ट किया कि युद्ध का खामियाजा गरीब और छोटे देशों को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ता है। आज की दुनिया में हथियारों की होड़ और सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि तकनीकी, साइबर और आर्थिक क्षेत्रों में भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे समय में भारत की अहिंसा और अयुद्ध की नीति मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ का काम कर रही है। भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा-अहिंसा परमो धर्मः। गौतम बुद्ध ने करुणा और मैत्री का संदेश दिया और पूरी एशिया भूमि को 'शांति क्षेत्र' बनाने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी परंपरा को आधुनिक राजनीति में रूपांतरित किया। उन्होंने दिखाया कि सत्य और अहिंसा के आधार पर साम्राज्यवाद जैसी शक्तिशाली सत्ता को भी परास्त किया जा सकता है। भारत की आत्मा में यह विश्वास गहराई से निहित है कि हिंसा केवल विनाश लाती है और शांति ही स्थायी समाधान है। इसी विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है। 2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध तेज हुआ, तब संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर मोदी ने दृढ़ता से कहा-'आज का समय युद्ध का नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का है।' भारत ने इस सत्य को समय रहते समझा और दुनिया को यह संदेश दिया कि 'शांति ही भविष्य है, युद्ध नहीं।' इसे आधुनिक कूटनीति में उतारकर यह साबित किया है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई। शीत युद्ध के समय जब दुनिया अमेरिका और सोवियत संघ के दो खेमों में बंटी हुई थी, तब भारत ने यह साहस दिखाया कि वह किसी एक महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं बनेगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति टिटो और मिस्र के राष्ट्रपति नासिर ने मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। इसका उद्देश्य था-दुनिया के देशों को युद्ध की राजनीति से दूर रखना और शांति व सहयोग की नई राह खोलना। भारत की अहिंसा की नीति कहती है कि स्थायी समाधान केवल शांति और संवाद में है। अयुद्ध की नीति कहती है कि किसी भी गुट का पिछलग्गू बने बिना स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना ही असली ताकत है। भारत ने दिखाया है कि यह नीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि व्यावहारिक कूटनीति भी है। जब पूरी दुनिया किसी एक पक्ष में बंट रही हो, तब भारत जैसे देश का संतुलित रुख ही शांति की संभावना को जीवित रख सकता है। आज, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देश और रूस आमने-सामने खड़े हैं, भारत ने उसी गुटनिरपेक्ष दृष्टिकोण को अपनाया है। भारत न तो रूस के पक्ष में खड़ा हुआ है और न ही अंधाधुंध रूप से पश्चिम का समर्थन कर रहा है। उसने संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता बताया है। यही भारत की 'अयुद्ध नीति' है-जहां किसी से शत्रुता नहीं, बल्कि सबके साथ संतुलित संबंध रखकर शांति के लिए काम करना है। भारत ने अमेरिकी और यूरोपीय दबाव के बावजूद कभी भी केवल एक पक्ष का समर्थन नहीं किया। यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अमेरिका और पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत खुले रूप से रूस की निंदा करे और उस पर प्रतिबंध लगाए। किंतु भारत ने साफ कहा कि उसका दृष्टिकोण 'तटस्थ' ही नहीं, बल्कि 'शांति-उन्मुख' है। भारत का लक्ष्य किसी के खिलाफ खड़ा होना नहीं, बल्कि सबको शांति की राह पर लाना है। यही कारण है कि रूस और यूक्रेन, दोनों भारत पर भरोसा करते हैं। दोनों मानते हैं कि भारत बिना पूर्वाग्रह के समाधान का मार्ग खोज सकता है। **–ललित गर्ग**

# युवा और ओबीसी की बातों को अनसुना न करे सरकार

**अमर बहादुर**

उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का जो वर्तमान हालात सामाजिक न्याय और राजनीतिक समन्वय का है उससे यह स्पष्ट है की भाजपा का सबका साथ, सबका विकास का नारा चुनावी जुमलाश बनकर रह गया। बिगड़ते सामाजिक व राजनितिक समन्वय और सामाजिक न्याय के हालात से युवा वर्ग तो नाराज है ही, साथ ही भाजपा गठबंधन में शामिल सहयोगी दल के पिछड़ा दलित समाज के नेता भी खुश नहीं हैं। पिछड़े दलित वंचित वर्ग का युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहा है। न्याय की गुहार लगा रहा है। लेकिन कहीं भी उसकी बातों को सुना नहीं जा रहा। कहीं कोई सुन भी ले रहा है तो केवल आश्वासन देकर छोड़ देता है। पिछले दिनों विधानसभा के सामने दिव्यांग लोगों ने सरकार के नीतियों से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उच्च अधिकारियों से बात होने पर दिव्यांगों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। ऐसे ही उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती मामले को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी वर्ष 2020 से लगातार आंदोलन कर रहे हैं अभ्यर्थियों का आरोप है कि 69000 शिक्षक भर्ती में ओबीसी और एससी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का लाभ ठीक प्रकार से नहीं दिया गया। जिस कारण से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। आंदोलन करने वाले अभ्यर्थी इस मामले को कोर्ट में भी लेकर गए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की डबल बेंच ने अपना फैसला सुनाते हुए भर्ती की नई चयन सूची बनाने का आदेश दिया। इसे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने अपनी जीत माना। उन्हें इंतजार था की नई सूची बनेगी और नौकरी मिल जाएगी। लेकिन सरकार और अधिकारियों की लापरवाही ने इस मामले पर ब्रेक लगा दिया। वही नौकरी से बाहर होने की आशंका को लेकर कुछ सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गए। अब यह प्रकरण पिछले लगभग एक साल से सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है सुनवाई नहीं हो पा रही। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सुनवाई न होने का आरोप सरकार लगाते हुए कहते हैं की सरकार सुनवाई में लापरवाही कर रही हैं। यह प्रकारण अभी तक निस्तारण की ओर बढ़ नहीं पाया। इसके अलावा तमाम युवा अन्य भर्तियों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कुछ विभागों में भर्ती को लेकर विज्ञापन आए तो उनकी परीक्षाओं में पूछे गए सवालों पर सावल खड़े हो गए। उसके लिए भी आंदोलन अभ्यर्थियों को करना पड़ा। परीक्षाओं की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हुए। लेकिन सरकार नौजवानों की बात को टालती रही यही कारण है युवा वर्ग वर्तमान भाजपा सरकार से नाराज है। अधिकारीयों के गलत फैसले के कारण सरकार को कई मामलो में मुंह की खानी पड़ी। अधिकारीयों के ऐसे निर्णय रहे जो युवाओं के हित में नहीं थे। समीक्षा अधिकारी जैसी परीक्षा दो शिफ्ट में कराए जाने की घोषणा की गई लेकिन युवाओं के बड़े और लंबे आंदोलन के कारण सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा। इससे पहले भी शिक्षकों के अटेंडेंस मामले में भी सरकार को अपना कदम पीछे लेना पड़ा। प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर पर भी कर को अपने फैसले में बदलाव करना पड़ा। इन निर्णयों से यह बात तो स्पष्ट है कि सरकार जन मन की बात बिना समझे उस पर थोप रही थी। इसलिए विरोध का सामना उसे करना पड़ा। साथ ही छवि भी धूमिल हुई। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनती है। सरकार बनाने के वक्त से ही सामाजिक न्याय का चादर ओढ़ कर दिखवा करती हैं और राजनीतिक समन्वय स्थापित करने के लिए विभिन्न जातियों से आए नेताओं को मंत्री बनाती है। लेकिन उन्हीं मंत्रियों के समाज से आने वाली समस्याओं को तब भाजपा सरकार नजर अंदाज कर देती है जब वहाँ सामाजिक न्याय की बात आती हैं। ओबीसी सामाज के नेता आशीष पटेल जब सामाजिक न्याय सामाजिक समरसता की बात करने की कोशिश करते हैं तो उनकी बातों को हल्के में ले लिया जाता है। ऊपर जो 69000 शिक्षक भर्ती आंदोलन का जिक्र इस लेख में किया गया हैं, आशीष पटेल सरकार में रहते हुए सरकार से इस विषय के समाधान के लिए लगातार प्रयत्न किया लेकिन उनकी बातों को इग्नोर कर दिया गया। इसका परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ा और लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद स्वयं आशीष पटेल ने टीवी चौनल पर बोलते हुए इस शिक्षक भर्ती प्रकरण के समाधान न होने का ठीकरा भाजपा पर फोडा था। वहीं जब शिक्षक भर्ती प्रकरण पर हाई कोर्ट डबल बेंच का आदेश आया तब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की लड़ाई जीत बताया था। ऐसे दिग्गज और बड़े नेताओं के बयान से एक बात तो स्पष्ट है भाजपा ने सामाजिक समन्वय और न्याय की आड़ में जो राजनीतिक समन्वय स्थापित किया था वह बिगड़ चुका हैं।

## सेहत मंत्र

# तेजी से गिर रहा है वजन, तो यह है किसी बड़ी बीमारी होने का संकेत

वर्तमान समय में, हर व्यक्ति एक आकर्षक शरीर पाने की चाह रखता है और इसके लिए लोग अपने वजन को कम करने या बढ़ाने की फिराक में लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपका वजन लगातार और तेजी से गिर रहा हो तो यह खुश होने का समय नहीं है, बल्कि आपको सतर्क हो जाने की आवश्यकता है। दरअसल, लगातार वजन गिरना सामान्य नहीं होता। यह दर्शाता है कि आप कुछ गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए हैं। तो चलिए जानते हैं उन बीमारियों के बारे में, जिनके शुरूआती लक्षण वजन गिरना होता है? आज के समय में थॉयराइड की समस्या बेहद आम है। इसे आप अपने वजन के घटने या बढ़ने के आधार पर पता लगा सकते हैं। आमतौर पर थॉयराइड दो प्रकार का होता है? हाइपरथॉयराइड और हाइपोथॉयराइड। जब आपका वजन तेजी से गिरता है तो यह संकेत है कि आप हाइपरथॉयराइड की चपेट में आ गए है। हाइपरथॉयराइड होने पर आपकी थॉयराइड ग्रंथि अति सक्रिय हो जाती है। इस बीमारी में आपका वजन तो तेजी से गिरता है ही, साथ ही आपको सोने में भी परेशानी होती है और आपको हमेशा ही गर्मी का अहसास होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो एक बार थॉयराइड का टेस्ट अवश्य करवाइए। आज के समय में भारत विश्व की डायबिटीक कैपिटल बन गया है। भारत में न सिर्फ अधिकतर लोग मधुमेह पीड़ित हैं, बल्कि इसके लक्षणों के बारे में न पता होने के कारण वे इसकी चपेट में आ जाते हैं। अगर आपका लगातार वजन गिर रहा है और आपको बार-बार प्यास लगती है। साथ ही आपको बार-बार पेशाब जाना पड़ता है तो यह संकेत हैं कि आपके शरीर में इंसुलिन का स्तर गड़बड़ा गया है। काम का बढ़ता बोझ लोगों के लिए कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। कभी-कभी अत्यधिक काम, या फिर पर्सनल व प्रोफ़ेशनल लाइफ में परेशानियों के चलते व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है और उसे खुद भी इसका पता नहीं चलता।

## धर्म मंत्र

# धर्म और पृथ्वी संरक्षण का संदेश देता है वराह अवतार

वराह जयन्ती भगवान विष्णु के तीसरे अवतार वराह के अवतरण दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने वराह (सूकर) रूप धारण कर पृथ्वी को हिरण्याक्ष नामक दैत्य से मुक्त कराया था। पुराणों के अनुसार, हिरण्याक्ष नामक असुर ने पृथ्वी को पाताल लोक में ले जाकर समुद्र में डुबो दिया था। तब सृष्टि का संतुलन बिगड़ गया और देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण कर अपने दाँतों (दंत) पर पृथ्वी को उठाया और असुर का वध कर पुनः पृथ्वी को उसके स्थान पर स्थापित किया। इस प्रकार, भगवान वराह ने धरती को विनाश से बचाया। वराह अवतार यह दर्शाता है कि जब-जब धरती या धर्म संकट में पड़ता है, भगवान स्वयं अवतार लेकर उसे बचाते हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए भगवान सदैव उपस्थित रहते हैं। वराह जयन्ती केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण और पृथ्वी संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस दिन श्रद्धालु भगवान विष्णु के वराह अवतार की पूजा कर पृथ्वी माता की रक्षा का संकल्प लेते हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि पृथ्वी हमारी माता है और उसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।

## पर्यटन



# शोरगुल और भीड़ से दूर माशोबरा के जंगलों में घूमने का अलग ही है मजा

शिमला जिले में स्थित माशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। जहां आपको घूमने के कई सारे ऑप्शन मिलेंगे। समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। मशोबरा एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल ये जगह एडवेंचर के साथ-साथ रिलैक्सिंग और एन्जॉयमेंट के लिए भी बेस्ट है। एडवेंचर के लिए ये हैं ऑप्शन्सः यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। जाखू मंदिरः शिमला में 8500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित हनुमान जी के इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि ये रामायण के वक्त से है। इतनी ऊंचाई पर बने होने की वजह से शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के दर्शन कर सकते हैं। जाखू पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने हुए इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 किमी का सफर तय करना पड़ता है। महासू देवता मंदिरः भगवान शिव को माशोबरा और आसपास के इलाके के लोग महासू देवता के नाम से पुकारते हैं। हर साल मई महीने के तीसरे मंगलवार को यहां 2 दिनों का महासू जत्रा उत्सव मनाया जाता है। जिसमें यहां के स्थानीय लोग अपने लोक गीत, नृत्य और तीरंदाजी का प्रदर्शन करते हैं। तो अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो मई महीने में अपना ट्रिप प्लान करें। रिज़र्व फॉरेस्ट सेंचुरीः नेचर लवर्स के लिए मशोबरा का यात्रा इसलिए भी यादगार साबित हो सकती है क्योंकि यहां की इस फॉरेस्ट सेंचुरी में आपको अलग-अलग तरह के बहुत सारे पक्षी देखने को मिलते हैं। चीड़, देवदार के घने जंगलों में पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको किसी भी प्रकार का दूसरा शोर सुनाई नहीं देगा. ट्रैकिंग के अलावा कैंपिग और पिकनिक जैसी कई एक्टिविटीज़ यहां कर सकते हैं।

# निदेशक ने परखा आजीविका मिशन की जमीनी हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। आजीविका मिशन योजना के तहत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों की हकीकत जानने के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन टीम के साथ ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैया स्थित अन्न प्राशन प्रेरणा महिला उद्योग केंद्र का जायजा लिया और पंचायत भवन चंदवारा मे स्वयं सहायता समूह की महिलाओ से संवाद भी किया।

अन्न प्राशन प्रेरणा महिला उद्योग केंद्र पहुंची आजीविका मिशन निदेशक दीपा रंजन ने प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित अन्नप्राशन प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का जायजा लिया तथा उद्योग केंद्र मे बनने वाली 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चो के लिए बनने वाली रेशपी, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चो, गर्भवती एव धात्री महिलाओ के लिए आटा वेशन हलुआ, बर्फी व मूंग दाल खिचड़ी व कुपोषित बच्चो के लिए ऊ.र्जा युक्त हलुआ सामग्री का जायजा लिया तथा उद्योग केंद्र की संचालिका ममता वर्मा, किरन मौर्य, गुड्डी से जानकारी ली। उल्लेखनीय हो कि विकास खंड मसौली एव बंकी के कुल तीन सौ समूहों को मिलाकर संचालित किये जा रहे उद्योग केंद्र से विकास खंड मसौली एव बंकी के आंगनवाड़ी केन्द्रो को आपूर्ति की जाती है ।

पंचायत भवन चंदवारा मे आजीविका मिशन से जुड़ी हुई स्वय सहायता समूह की महिलाओ से रूबरू होते हुए आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है. अपनी मेहनत और लगन से महिलाएं कामयाबी की राह पर आगे बढ़ रही हैं। साथ ही आत्मनिर्भर बनकर घर परिवार चल रही हैं। सरकार और प्रशासन की ओर से मिल रहे मौके के कारण महिलाओं को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार का जरिया बनाने में कामयाब हो रही है. राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर विशेष लाभ उठा रही हैं और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बिना ब्याज के 1 लाख से 5 लाख तक का लोन प्रदान किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, खाद्य पदार्थ निर्माण, कृषि, और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

ये योजना महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने या मौजूदा व्यवसाय को विस्तार देने में मदद करती है।

योजना के तहत कम लागत में बीमा सुविधा भी उपलब्ध है, जो व्यवसाय को सुरक्षित बनाती है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला, परियोजना निदेशक राकेश सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार बी .के मोहन, खण्ड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, ग्राम प्रधान रमेश जयसवाल, ए डी ओ कृषि विजय कुमार, ब्लाक मैनेजर आजीविका मिशन जितेंद्र पटेल, सचिव अजय वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार पप्पू जयसवाल, जैसराम , संजीव सिंह, उत्तम वर्मा, बीना मौर्य, अलमास रिज़वी, राम प्रताप, वीरेंद्र प्रकाश सरोज, टी ए अजय वर्मा, सहित की महिलाएं उपस्थित रहे।

## कोटेदार के विरुद्ध जांच करने पहुँचे अफसर, सख्त सुरक्षा के बीच हुई जांच



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील बल्दीराय क्षेत्र के ग्रामसभा पीरोसरैया में राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच के लिए शनिवार को एसडीएम विपिन कुमार दूबे, बीडीओ धनपतगंज दिव्या सिंह व एआरओ हेमंत कुमार पहुँचे। जांच टीम ने निर्धारित स्थल कंपोजिट विद्यालय में राशनकार्ड धारकों से बयान दर्ज किए। जांच के दौरान परिसर में तीन थानों की पुलिस तैनात रही और राशनकार्ड धारकों के अलावा किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक-एक लाभार्थी से अलग-अलग बयान दर्ज कर हस्ताक्षर भी करवाए गए। गौरतलब है कि कुल नौ शिकायतकर्ताओं में सात शिकायतकर्ता कई महीनों से कोटेदार से राशन नहीं ले रहे हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष धनपतगंज प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही।

### कजरी तीज, शिव विवाह का भव्य आयोजन

मसौली बाराबंकी। कजरी तीज के मौके पर विगत वर्षो की भांति होने वाले शिव विवाह कार्यक्रम को लेकर सोमवार की देर शाम ग्राम प्रधान चिलौकी सोमनाथ राजपूत सैकड़ो लोगो के साथ तिलक लेकर सफदरगंज स्थित शिवाला पहुँचे जहाँ पर सफदरगंज प्रधान अजय वर्मा सहित तमाम लोगों ने स्वागत किया और विधि विधान से तिलक कार्यक्रम सम्पन हुआ। बताते चले कि प्रति वर्ष ग्राम पंचायत सफदरगंज स्थित शिवाला मंदिर से चिलौकी स्थित पार्वती मंदिर को कजरी तीज के दिन शिव बारात जाती है उससे एक दिन पहले चिलौकी से तिलक शिवाला मंदिर जाता है। सोमवार की देर शाम हुए इस कार्यक्रम में हजारों लोगों की भीड़ शिवाला मंदिर पर रही तथा तिलक चढ़ाया गया। तथा भन्डारे का आयोजन किया गया।

## बाढ़ पीड़ितों की राहत सेवा में सरकार कृत संकल्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ प्रभावितों क्षेत्रों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार ने संवेदनशील कदम उठाया है। विधानसभा दरियाबाद अंतर्गत तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम गुनौली में घाघरा नदी की कटान के चलते नदी में समाहित हो चुके मकानों के प्रभावितों को आवास क्षतिपूर्ति सहायता राशि प्रदान की गई। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने बाढ़ पीड़ितो बाबादीन, नन्दलाल, भगवन्त, रामफ़ेर, परमला, फूलमती, मंगला और सुरे उर्फ रामेश्वर–को ?1,20,000 प्रति लाभार्थी की दर से कुल ?9,60,000 की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि योगी सरकार पीड़ितों की पीड़ा को समझती है और हर संभव मदद करेगी।

# रेठ नदी में प्रदूषण व अतिक्रमण, जन समस्याऐ, किसानों का विशाल प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (आर) लोकतांत्रिक के बैनर तले तहसील फतेहपुर क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर औद्योगिक क्षेत्र उमरा में आयोजित में किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

महा पंचायत में आए हजार किसानों ने जिलाधिकारी से रेठ नदी में फैक्ट्रियों का दूषित पानी व जानवरों के रक्त प्रवाह को रोकने तथा नदी की सफाई कराकर उसका मूल स्वरूप बहाल कराने की जोरदार मांग की। साथ ही कुर्सी पावर हाउस क्षेत्र में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई।

किसानों ने औद्योगिक क्षेत्र उमरा की फैक्ट्रियों में स्थानीय युवाओं को योग्यता अनुसार रोजगार देने, अमरून फूड फैक्ट्री द्वारा आसपास के गाँव को गोद लेने तथा गुग्गौर ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि (गाटा संख्या 437, 435 व 453) पर हुए अवैध कब्जा हटवाने की मांग की।

इसके अलावा रेठ नदी की भूमि पर बनी अवैध पक्की सड़क को हटाने, फैक्ट्रियों द्वारा भूजल के अत्यधिक दोहन पर रोक लगाने, किसानों को भूमि अधिग्रहण का पूरा मुआवजा दिलाने और ग्राम पंचायत अनवारी व अमरसंडा में चकमार्ग, तालाब व बंजर भूमि से अवैध कब्जे हटवाने की मांग की गई।

महापंचायत में यह भी कहा गया कि प्रभावित गाँवों में सरकारी नलकूप की स्थापना की जाए और शिविर लगाकर पात्र ग्रामीणों को पेंशन का लाभ दिलाया जाए।

किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी बिंदुओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक धरना जारी रहेगा। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू लोकतांत्रिक राकेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष लखनऊ अतुल कुमार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश अवस्थी दद्दू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा राम लोधी, प्रदेश सचिव विकास यादव,जिला सचिव रोहित यादव, प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र लोधी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। एडीएम न्यायिक इंद्रसेन व एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह धरना स्थल पहुंचकर किसानों से वार्ता की। समाचार प्रेषण तक वार्ता किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची थी।

## कजरी तीज की पूर्व संध्या पर शिव मय हुआ लोधेश्वर तीर्थ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। सुहागिनों व किशोरियों द्वारा बहुत प्रतिक्षित कजरी तीज पर्व की पूर्व संध्या पर सोमवार को श्रीलोधेश्वर महादेवा में आस्था एवं भक्ति का अद्‌भुत संगम देखने को मिला।खराब मौसम के बाद भी लाखों श्रद्धालुओं ने दरबार में हाजिरी लगाई।अयोध्या जिले से आए 80 शिवभक्तों का जत्था 16 अगस्त को नंगे पांव पदयात्रा कर बिठूर गंगा तट पर पहुंचा जहां पवित्र गंगाजल भरकर महादेवा के लिए कांवर धारण कर यात्रा आरम्भ की ।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने बलखंडेश्वर महादेव सीता कुंड भूमिश्वर महादेव और बजरंगबली स्थान पर दर्शन पूजन किया।इसके बाद जत्था लखनऊ पहुंचा जहां बुद्धेश्वर महादेव और बाराबंकी जनपद में नागेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के पश्चात रविवार की महादेवा ऑडिटोरियम में पहुंचा।रविवार रात 12 बजे जैसे ही मंदिर के कपाट खुले सभी शिवभक्तों ने गंगाजल व फूलों से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।शिवभक्त सोमनाथ आशीष कुमार व सहज राम ने बताया कि वे बीते 40 वर्षों से लगातार कजरी तीज पर लोधेश्वर धाम आ रहे हैं।उनका विश्वास है कि यहां जलाभिषेक करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है।भोलेनाथ कभी किसी भक्त को खाली नहीं लौटाते।मनौती पूर्ण होने पर हम महादेव को विशेष भेंट अर्पित करते हैं।इस अवसर पर सोमनाथ शुभम कसौधन जगन्नाथ बालकरण जानकी प्रसाद सहज राम बच्चू लाल राजेंद्र देवी दिन तेजराम जुबली महेश सहित सैकड़ों शिवभक्त कांवड़ लेकर लोधेश्वर धाम पहुंचे।महादेवा धाम में आकर हजारों व्रती महिलाएं व किशोरियां प्रतिवर्ष अपना व्रत पूर्ण करती हैं व इस दौरान सभी लोधेश्वर महादेवजी की पूजा में तल्लीन रहती हैं।

## क्षय रोगियों को गोद लेकर वितरित की पोषक सामग्री




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सोमवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र स्थित हर्ष महिला महाविद्यालय में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विकास खंड बल्दीराय के 30 और विकास खंड धनपतगंज के 20 क्षय रोगियों को हर्ष महिला महाविद्यालय प्रबंधक विकास शुक्ला ने गोद लिया।गोद लिए गए सभी रोगियों को पोषक सामग्री वितरित की गई और उन्हें नियमित दवा सेवन व संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर हर्ष ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन विकास शुक्ला ने रोगियों को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर.के. कनोजिया, सीएचसी धनपतगंज अधीक्षक डॉ. अरुणेश सिंह, सीएचसी बल्दीराय अधीक्षक डॉ. अजय प्रताप सिंह,आशीष शुक्ला, विवेक मिश्रा एवं दिनेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने अपने संबोधन में कहाकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य और देश से क्षयरोग के समूल नाश के लिए सभी के सहयोग से ही कामयाबी हासिल होगी।

### भाजपा नेता के भतीजे को रोडवेज बस ने मारी टककर, मौके पर हुई मौत

बेहजम खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुबह घर से ड्यूटी के लिए निकले भाजपा नेता के भतीजे की रोडवेज बस की टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गयी। नीमगांव थाना क्षेत्र के लखीमपुर–मैगलगञ्ज रोड, बेहजम चौराहे पर भाजपा नेता का भतीजे रोहित वर्मा बाइक से सवार होकर ड्यूटी के लिए जा रहा था तभी दिल्ली से गोला जा रही रोडवेज बस ने बाइक को टककर मार दी। बस की टककर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गयी और चेहरा इतना क्षतिग्रस्त हुआ कि पहचानना भी मुश्किल हो गया। युवक को टककर मारकर बस का चालक मौके से फरार हो गया। देखते देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी और तुरंत ही बेहजम चौकी प्रभारी सिद्धांत पवार अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लिया। मृतक रोहित वर्मा बेहजम चौकी क्षेत्र के मिर्ज़ापुर का निवासी था और भाजपा नेता का भतीजा था जोकि हरदोई प्राइवेट फाइनेंस कम्पनी मे काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर दिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मासूम छात्रों को रसोईया ने बनाया हवश का शिकार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय के रसोईया ने दो मासूमों से अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।कुर्सी पुलिस ने पीड़ितो के पिता की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर उसे दबोच लिया ।कुर्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 65 वर्षीय नागेश्वर यादव पुत्र रतन एक प्राथमिक विद्यालय में रसोईया का काम करता है ।उसी स्कूल में कक्षा पांच के दो छात्रों को धमका कर रसोईया ने अप्राकृतिक दुष्कर्म का शिकार बनाया। कुर्सी पुलिस को पीड़ित मासूमों की पिता की ओर से दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी एक छात्र के साथ करीब डेढ़ वर्ष से एवं दूसरे के साथ एक माह से कुकर्म कर रहा था। आरोप है कि छुट्टी के बाद रसाईया मासूमों को विद्यालय में बुलाकर शौचालय में कुकर्म करता था, और कहीं बताने पर मारने की धमकी देता था। तहरीर में बताया कि आरोपी को कुकर्म करते बीते 23 अगस्त को स्कूली बच्चों ने देख लिया। जिसके बाद पीड़ितों के परिजनों तक मामले की जानकारी पहुंची।कुर्सी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों के पिता तहरीर पर एससी–एसटी ,पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### नेत्र रोगियों की 17 वर्षो से सेवा कर रहे हैं तफज्जुल

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत निवासी व बुनकर अधिकार संगठन के नगर अध्यक्ष एवं हाजी दरोगा मेमोरियल स्कूल प्रबंधक तफज्जुल हुसैन द्वारा कस्बा के वसी नगर स्थित हाजी दरोगा मार्केट में इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को परंपरागत नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

श्री तफज्जुल के अनुसार कैंप में अब तक लगभग 17000 मरीज का सफल ऑपरेशन कराया जा चुका है। जिसमें आज तक किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई।बताते चले की सभासद बुनकर अधिकार संगठन के नेता श्री तफज्जुल क्षेत्र की बिजली समस्याओं को लेकर शासन तक संघर्षरत रहते हैं।

इस अवसर पर हाजी जाकिर हुसैन सादिक अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से ऑटो चालक की मौत, दो लोगों के नाले में बहने की आशंका

जौनपुर। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मछली शहर पड़ाव स्थित हीरो होंडा एजेंसी के सामने सोमवार शाम हो रही तेज बारिश के दौरान एक विद्युत पोल में करेंट उतरने से बारिश के दौरान एक महिला करेंट की चपेट में आ गई। वहीं से गुजर रहे एक ऑटो चालक ने उन्हें बचाने की कोशिश किया तो वो भी विद्युत की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोगों के नाले में बहने की बात प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच गए और नगर पालिका परिषद द्वारा नालियों में जेसीबी मशीनों को लगाकर नाले में बहे लोगों की तलाश कराया जा रहा है। हालांकि अभी तक कोई बॉडी बरामद नहीं हुई है। घटना की सूचना पर पहुंचे जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि आज पूरे जनपद में बहुत तेज बारिश हुई है। शहर के मछलीशहर पड़ाव स्थित होंडा एजेंसी के पास जल भराव के कारण यह घटना घटित हुई है। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, सीआरओ एसपी सिटी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है।

## विकास भवन में लगेगी लिफ्ट, शासन ने दी 1.88 करोड़ की स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विकास भवन में अब दिव्यांगों और कर्मचारियों को सुविधा दिलाने की गरज से लिफ्ट लगवाने के लिये लगभग 1 करोड़ 88 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस धनराशि से विकास भवन में लिफ्ट लगाई जाएगी। यह जानकारी सीडीओ अंकुर कौशिक ने जी, उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों व बुजुर्ग कर्मचारियों को ऊपर जाने में किसी प्रकार की असुविधा नही होगी। सीडीओ अंकुर कौशिक ने विकास भवन को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किया है। इसी क्रम में उन्होंने शासन को पत्र लिखकर लिफ्ट लगाने की मांग की थी, जिस पर अब अमल शुरू हो गया है। जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी ने विकास भवन परिसर का निरीक्षण कर लिफ्ट के लिए स्थान चिन्हित किया। इस दौरान ग्रामीण अभियंत्रण



विभाग के अवर अभियंता ऋषभ पटेल और नाजिर मनोज श्रीवास्तव मौजूद रहे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि लिफ्ट का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। निरीक्षण के दौरान यह भी तय हुआ कि विकास भवन में लंबे समय से खराब पड़े शौचालयों का भी उच्च स्तरीय मरम्मत कराई जाएगी। इन्हें हाईटेक बनाया जाएगा और प्रतिदिन सफाई कर्मियों की तैनाती कर इन्हें साफ-सुथरा रखा जाएगा। इससे महिला व पुरुष दोनों कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी।

## लापता हुए छात्र को गुमशुदगी दर्ज होने के 12 घंटे के अंदर किया सकुशल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लंभुआ/सुलतानपुर। लंभुआ थाना क्षेत्र से शनिवार को ट्यूशन पढ़ने गया कक्षा 9 वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। छात्र के पिता ने रविवार शाम बेटे के गायब होने की गुमशुदगी भी दर्ज कराई। गुमशुदगी दर्ज होने के 12 घंटे के अंदर लंभुआ पुलिस ने छात्र को ढूंढ निकाला। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत लंभुआ के तुलसी नगर वार्ड(शाहपुर पुरन) निवासी प्रवीण कुमार यादव उर्फ मुन्नर का 14 वर्षीय बेटा आकाश यादव 23 अगस्त 2025 को शाम करीब चार बजे हीरो स्प्लेंडर बाइक से लंभुआ कस्बे में ही ट्यूशन पढ़ने के लिए गया था। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने सभी जगह तलाश किया,लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। रविवार को देर शाम लापता छात्र




के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर बरामदगी की मांग की थी। लंभुआ पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र मिश्रा ने बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए रातभर पुलिस टीम को गठित कर दौड़ाए रखा। इंस्पेक्टर खुद इस केस की मॉनीटरिंग करते रहे। बच्चे की चांदा थाना क्षेत्र में लोकेशन मिलने के बाद पुलिस ने बच्चे को शकुशल बरामद कर राहत की सांस ली। पुलिस की पूछताछ में छात्र ने बताया कि पिताजी की डांट से नाराज होकर घर से बाहर चला गया था। छात्र के परिजनों को पुलिस ने सूचना देकर विधिक कार्रवाई करते हुए सकुशल बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया। वहीं परिजनों ने बच्चे को सकुशल पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस इंस्पेक्टर श्री मिश्रा की कुशल निर्देशन में 12 घंटे के अंदर छात्र के बरामदगी की क्षेत्र में प्रशंसा भी हो रही है।

# शार्वरी शेंडे ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी



विन्निपेग (कनाडा)। शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान समाप्त किया।

शेंडे ने रविवार को खेले गये फाइनल में कोरिया गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त किम येवोन को हराया। उन्होंने 5-5 से बराबरी पर छूटे मैच के बाद शूट-ऑफ में अपना संयम बनाए रखते हुए 10-9 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने पहले ही दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त किम मिनजियोंग को 7-3 से हरा दिया था। इससे पहले 16 वर्षीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने (2011) और कोमलिका बारी ने (2021) में इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। शेंडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाया।। इस जीत के साथ ही वह महिला अंडर-18 रिकर्व वर्ग में केवल तीसरी भारतीय विश्व चैंपियन बनीं। 16 वर्षीय भारतीय तीरंदाज ने फाइनल जीतने के बाद कहा, ल्लक्या मैं सचमुच विश्व चैंपियन हूं। हे भगवान, यह अद्भुत था। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगी। एक तीर ही तय करेगा कि मैं विश्व चैंपियन बनूंगी या नहीं। मेरे कोच मुझसे कह रहे थे कि आत्मविश्वास रखो, खुद पर विश्वास रखो, तुम चैंपियन बनोगे। इसी सप्ताह की शुरुआत में शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी मदद की। अंतिम दिन गाथा खडके और अगस्तय सिंह ने अंडर-18 मिश्रित रिकर्व वर्ग में चीनी ताइपे को हराकर एक और कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत के कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत ने इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।

# मुरली श्रीशंकर ने लंबी कूद और रोहित यादव ने भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता

एजेंसी



चेन्नई। मुरली श्रीशंकर ने अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लंबी कूद तथा रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.06 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने इस सीजन में अपनी सभी स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हालांकि वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की लंबी कूद के 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए। एस लोकेश (7.71 मीटर) और स्वामीनाथन आर (7.70 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। 8.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले श्रीशंकर ने अपने करियर में पांच बार 8.27 मीटर की छलांग लगाई है। टोक्यो 25 के लिए अधिकांश क्वालीफिकेशन विंडो चूकने के बाद, श्रीशंकर के लिए रैंकिंग के माध्यम से आगामी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो सकता है।

योग्य एथलीटों की अंतिम सूची 27 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सचिन यादव (83.20 मीटर) दूसरे और शिवम लोहाकारे (80.20 मीटर) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रोड टू टोक्यो 25 में 57वें स्थान पर रहे रोहित को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए 85.50 मीटर के प्रवेश मानक को पार करना था। गत विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के टोक्यो में जगह पक्की होने के साथ, भारत से टोक्यो में कम से कम तीन थ्रोअर उतारने की उम्मीद है। सचिन यादव (22वें) और यश वीर सिंह (30वें) वर्तमान में कट-ऑफ रैंकिंग में हैं। यश वीर सिंह ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 76.22 मीटर की दूरी तय करके चौथा स्थान हासिल किया।

# यूएस ओपन 2025: पहले ही दौर में मेदवेदेव बाहर, बोनजी ने किया बड़ा उलटफ़ेर

एजेंसी

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन 2025 के पहले ही दिन जबरदस्त ड्रामा और हंगामा देखने को मिला। 2021 के चैंपियन डानिल मेदवेदेव को फ्रांस के बेंजामिन बोनजी ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। यह मैच सिर्फ नतीजे के लिहाज से ही नहीं, बल्कि कोर्ट पर मचे बवाल के कारण भी सुर्खियों में रहा। तीसरे सेट में मैच प्वॉइंट के दौरान एक फोटोग्राफर कोर्ट पर आ गया, जिससे खेल कुछ देर के लिए रुक गया। चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने इस व्यवधान के बाद बोनजी को पहला सर्व दोहराने का मौका दिया, जिस पर मेदवेदेव भड़क उठे। रूसी खिलाड़ी ने अंपायर पर जमकर चिल्लाया और यहां तक कह डाला ऽ क्या आप मर्द हैं? क्यों कांप रहे हैं? लगभग छह मिनट तक मैच रुका रहा और स्टेडियम में हूटिंग, सीटियां और दर्शकों की आवाजाही का शोर गूंजता रहा। यूएसटीए ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फोटोग्राफर की मान्यता रद्द कर दी और उसे कोर्ट से बाहर कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम से मेदवेदेव को कुछ राहत मिली। उन्होंने तीसरे सेट में वापसी करते हुए टाईब्रेकर जीता और चौथे सेट में 6-0 से बोनजी को परास्त कर मैच को बराबरी पर ला दिया। हालांकि निर्णायक सेट में बोनजी ने हिम्मत दिखाई और शानदार प्रदर्शन के साथ जीत पक्की कर ली। मैच खत्म होने के बाद बोनजी ने कहा, ये पागलपन भरा अनुभव था। शायद मुझे कुछ नए फैन मिले और कुछ गैर-फैन भी। माहौल इतना शोरगुल वाला था कि मैच प्वॉइंट पर हमें लगभग पांच मिनट इंतजार करना पड़ा, लेकिन इस ऊर्जा ने मुझे जीत की ताकत दी। विश्व रैंकिंग में 51वें नंबर के बोनजी ने ग्रैंड स्लैम में लगातार तीसरी बार मेदवेदेव को पहले ही दौर में हराया है।

# खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल: डल झील से शुरू हुई वैश्विक सफलता की नई यात्रा

एजेंसी



नई दिल्ली। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल 2025 का समापन भले ही हो चुका है, लेकिन तीन दिन तक डल झील पर चली रोमांचक प्रतिस्पर्धाओं ने भारतीय जल क्रीड़ा इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के संयुक्त आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों बल्कि कोचों में भी उत्साह भर दिया है। अब लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 और लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में पदक जीतना है। इससे पहले राष्ट्रीय स्तर के खुले आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 24 स्वर्ण पदकों का फैसला हुआ, जिनमें से 10 रोइंग के ओलंपिक इवेंट थे। मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल शीर्ष तीन राज्यों के रूप में उभरे। भोपाल की झील, ओडिशा का जगतपुर ट्रेनिंग सेंटर और केरल के अलप्पुझा का साई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चर्चा में रहे क्योंकि यहां से तैयार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश ने 24 में से 10 स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा साबित किया। कोच अंकुश शर्मा ने कहा, ल्लयह महीनों की सख्त तैयारी, अनुशासन और खिलाड़ियों के विश्वास का परिणाम है। हर पैडल स्ट्रोक में उद्देश्य था। सहायक कोच चंपा मौर्य ने जोड़ा कि खिलाड़ियों की मानसिक मजबूती पर भी काम किया गया, जिससे वे दबाव में निखरे। ओडिशा ने जगतपुर सेंटर से उतरे खिलाड़ियों के दम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोच लैशराम जॉनसन सिंह ने कहा, ल्लयह तो बस शुरुआत है। हमारे पास प्रतिभा अपार है। सही निवेश और समर्थन मिले तो हम शीर्ष पर होंगे। आज रजत है, कल स्वर्ण जरूर होगा। केरल ने 3 स्वर्ण सहित कुल 7 पदक जीतकर तीसरा स्थान पाया। कोच पृथ्वीराज नंदकुमार शिंदे ने कहा, केरल का जल क्रीड़ा से जुड़ा गौरवशाली अतीत है। इस बार हमने उसमें नया अध्याय जोड़ा है। फ़ेस्टिवल में 47 साई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और 15 सदस्यीय जगतपुर दल ने ही 3 स्वर्ण व 5 रजत दिलाए। उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वालों में रश्मिता साहू, विद्या देवी ओइनाम, श्रुति चौगुले, डैली बिश्नोई, शिखा चौहान, पल्लवी जगताप और उत्तराखंड के विशाल डांगी शामिल रहे। साई के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर दिलिप बेनिवाल ने इसे जल क्रीड़ा विशेषकर कायाकिंग और कैनोइंग के लिए ''स्प्रिंगबोर्ड'' करार दिया। उनके अनुसार, हमारे पास रोइंग में ओलंपिक प्रतिनिधि हैं, अब कायाकिंग और कैनोइंग में भी भारत वैश्विक स्तर पर चमक सकता है। स्पोर्ट्स मंत्रालय की खेलो भारत नीति, टॉप्स और टॉरगेट एशियन गेम्स ग्रुप जैसी योजनाओं के साथ यह फ़ेस्टिवल खिलाड़ियों को नई ऊर्जा दे रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि एशियाई और ओलंपिक खेलों में 30 से अधिक स्वर्ण पदक दांव पर होते हैं और अब भारत की राह वहां तक निश्चित रूप से खुल गई है।

## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप मनु भाकर चौथे स्थान पर, ईशा सिंह रहीं छठे नंबर पर

शिमकेंट (कजाखस्तान)। भारत की डबल ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। वहीं, उनकी साथी ईशा सिंह आठ सदस्यीय फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। भाकर ने फाइनल में कुल 25 अंक बनाए, जो वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक कम रहे। त्रिन्ह ने 29 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। चीन की यूएयूए झांग और जियारुइक्सुआन शिआओ ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। दोनों 39-39 अंकों पर बराबरी पर रहीं, जिसके बाद शूट-ऑफ में झांग ने 4-3 से जीत दर्ज की। टीम इवेंट में भारत की मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर बराड़ की तिकड़ी ने कुल 1749 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। भारत चीन और दक्षिण कोरिया से पीछे रहा। ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया था।

# शुल्क, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच वृद्धि पर है आरबीआई की नजर: मल्होत्रा

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि शुल्क अनिश्चितताओं एवं भू-राजनीतिक चिंताओं से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निवेश को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट तथा बैंकों को एक साथ आने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बैंक अब भी वृद्धि के लक्ष्य पर नजर गड़ाए हुए है। वार्षिक फिबैक कार्यक्रम में यहां गवर्नर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका और भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के बीच जारी बातचीत से ऐसा निर्णय निकलेगा जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था पर शुल्क का प्रभाव ''न्यूनतम'' हो जाएगा। भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के अमेरिकी कदम और कपड़ा, झींगा आदि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच मल्होत्रा ने भरोसा दिलाया कि यदि अर्थव्यवस्था के कुछ वर्गों को परेशानी होती है तो क्षेत्र-विशेष को मदद दी जाएगी। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि कि मौद्रिक नीति में मुद्रास्फीति एवं वृद्धि दोनों की गतिशीलता को ध्यान में रखा जाएगा और कहा, '' हम भू-राजनीतिक मोर्चे और शुल्क से उत्पन्न चुनौतियों के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। साथ ही आर्थिक विस्तार सुनिश्चित करने के तरीकों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '' ऐसे समय में जब बैंकों एवं कॉरपोरेट के बही-खाते अपने सबसे अच्छे स्तर पर है, उन्हें एक साथ आना चाहिए और निवेश चक्र बनाने की भावना को बढ़ावा देना चाहिए, जो इस समय बेहद महत्वपूर्ण है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता और मूल्य स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने से वृद्धि में कोई बाधा नहीं आती है। साथ ही वित्तीय स्थिरता एवं वृद्धि के बीच कोई ''संघर्ष'' नहीं है। वित्त वर्ष 2024-25 में कर्ज वृद्धि दर के तीन साल के निचले स्तर पर आने के बीच मल्होत्रा ने कहा, '' हम विभिन्न क्षेत्रों में बैंक ऋण का विस्तार करने के उपायों पर विचार कर रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ''बैंक ऋण बढ़ाने के तरीकों पर गौर किया जा रहा ही है।'' हालांकि, उन्होंने योजनाबद्ध कदमों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि कंपनियों की ओर से ऋण की मांग कम हो गई है, क्योंकि कंपनियां अपनी वित्तपोषण आवश्यकताओं के लिए निजी ऋण एवं पूंजी बाजारों का रुख कर रही हैं। शेट्टी उद्योग लॉबी समूह आईबीए का भी नेतृत्व करते हैं। एसबीआई चेयरमैन ने बैंकों को कम से कम शीर्ष कंपनियों के लिए अधिग्रहण वित्तपोषण की अनुमति देने का भी अनुरोध किया। यह एक ऐसा क्षेत्र जहां अबतक उन्हें प्रतिबंधित किया गया है। परामर्श कंपनी बीसीजी के रुचिन गोयल ने कहा कि पिछले कुछ समय में कॉरपोरेट ऋण में कमी आई है।

# फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम में अनकैप्ड ऐमन फातिमा

लाहौर। पाकिस्तान ने 30 सितंबर से शुरु होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज ऐमन फ़ातिमा को शामिल किया है। आगामी विश्वकप की तैयारी के तहत यही टीम 16 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। यह पहली बार होगा जब सना किसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम की कप्तानी करेंगी। उन्होंने इस साल की शुरुआत में लाहौर में हुए विश्व कप क्वालिफायर में भी पाकिस्तान की कप्तानी की थी। ऐमन फातिमा ने इस महीने की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन उन्हें तीन मैचों में केवल दो बार बल्लेबाजी का अवसर मिला था और उन्होंने 23 और 4 रन बनाए थे। 15 सदस्यीय मुख्य टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले 29 अगस्त से शुरु होने वाले 14 दिनों के शिविर में हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 सितंबर को लाहौर पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत दो अक्तूबर को बंगलादेश के खिलाफ करेगा और उसके बाद पांच अक्तूबर को भारत से भिड़ेगा। पाकिस्तान अपने सभी सात लीग मैच कोलंबो में खेलेगा और अगर वह नॉकआउट में पहुंचता है तो सेमीफाइनल भी कोलंबो में ही खेलेगा। दूसरा सेमीफाइनल नवी मुंबई में होगा। फाइनल दो नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान नॉकआउट में पहुंचता है या नहीं। एकदिवसीय विश्वकप और दक्षिण अफ्रीका के साथ एकदिवसीय सीरीज के लिए पाकिस्तान महिला टीम इस प्रकार है:- फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी (उप-कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नाश्रा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल ज़ुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर) और सैयदा अरूब शाह।

## संक्षिप्त समाचार

### आइवा को हराकर पाओलिनी यूएस ओपन के दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी आइवा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गये मुकाबले में पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने डेस्टेनी आइवा पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की। पाओलिनी ने शुरुआत में ही घबराहट दिखाई और 168वीं रैंकिंग वाली आइवा के खिलाफ अपना पहला सर्विस गेम गंवा दिया। 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दबाव में अपने मजबूत फ़ोरहैंड और आत्मविश्वास से भरे ऐस के साथ कुछ समय के लिए आशाजनक प्रदर्शन किया, लेकिन बेसलाइन पर उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने पाओलिनी को तुरंत वापसी करने का मौका दिया। जमने के बाद 29 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने अपना रणनीतिक खेल दिखाया और पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने सर्विस ब्रेक के दौरान कई गलतियां कीं। ऐवा ने अपने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक के दम पर मुकाबले को टाईब्रेकर तक पहुंचाया। हालाँकि, पाओलिनी का संयम निर्णायक साबित हुआ क्योंकि उन्होंने 3-0 की बढ़त बना ली और अंततः 4-5 के स्कोर पर ऐवा के फोरहैंड पर गलत शॉट लगाने के बाद पाओलिनी ने मैच जीत लिया। पाओलिनी का दूसरे दौर में मुकाबला बेलारूस की अलियाकसांद्रा सासनोविच या अमेरिकी किशोरी इवा जोविक से होगा।

### नेक्स्ट्रा ने 2024-25 में कार्बन उत्सर्जन कम किया

**नयी दिल्ली।** निजी दूरसंचार सेवा कंपनी भारती एयरटेल की सहायक कंपनी नेक्स्ट्रा डेटा लिमिटेड (नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल) ने वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में कार्बन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत अधिक कमी करने में सफलता प्राप्त की है। एयरटेल ने अपनी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2024-25 में यह जानकारी दी है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस रिपोर्ट में सस्टेनेबिलिटी के तीन स्तंभों में नेक्स्ट्रा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है - स्वच्छ ऊर्जा और स्मार्ट संचालन के माध्यम से पर्यावरणीय असर कम करना, सामाजिक समावेश और सुरक्षा को बढ़ावा देना और पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ बेहतर कॉरपोरेट प्रशासन सुनिश्चित करना। नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष अरोड़ा ने कहा, ल्लनेक्स्ट्रा में, सस्टेनेबिलिटी एक मुख्य व्यावसायिक आवश्यकता है, जो हमारे हर डिजाइन, निर्माण और संचालन निर्णय में शामिल है। इस साल, हमने आरई100 पहल में शामिल होने वाले देश के पहले डेटा सेंटर और केवल 14वीं कंपनी बनकर उद्योग के लिए नये बेंचमार्क स्थापित किये हैं, साथ ही अपने सभी परिचालनों के लिए 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्ज़ा के उपयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ऊर्ज़ा दक्षता और बेहतर परिचालन प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाले देश के पहले डेटा सेंटर भी हैं। नेक्स्ट्रा ने 2024-25 में 4,82,800 मेगावाट आवर नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्रोत से प्राप्त करने के लिए अनुबंध किया जो 2020-21 के आधार वर्ष से तीन गुना अधिक है। वित्त वर्ष 2020-21 के आधार वर्ष की तुलना में औसत ऊर्ज़ा उपयोगिता प्रभाव (पीयूई) को 10 प्रतिशत कम किया।

### त्योहारी मौसम की तैयारी में फ्लिपकार्ट में 2.2 लाख लोगों को मिले अल्पकालिक रोजगार

**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन की तैयारी के तहत अपने कार्यबल में विस्तार किया है और 2.2 लाख से अधिक लोगों को अल्पकालिक रोजगार देने की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 'द बिग बिलियन डेज' सेल के लिए वह अपने कार्यबल, साझेदारों और अखिल भारतीय लॉजिस्टिक्स को मजबूत कर रही है। वह 28 राज्यों में रोजगार के अवसरों और बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है। उसने बताया कि इस प्रयास में 2.2 लाख से अधिक अल्पकालिक रोजगार के अवसर सृजित हुये हैं। इसमें पिकर, पैकर, सॉर्टर और डिलीवरी एक्जीक्यूटिव की भूमिकाएं शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''फ्लिपकार्ट यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसकी आपूर्ति श्रृंखला न केवल तेज हो बल्कि भविष्य के लिए भी तैयार हो।'' कंपनी ने बताया कि वह सिलीगुड़ी, कुंडली, जाखड़ जैसे शहरों में त्यौहारों के लिए 650 नये डिलीवरी केंद्रों का विस्तार करेगी, जिसमें मझौले और छोटे शहर भी शामिल हैं।उसने बताया कि कार्यबल में नये लोगों की भर्ती में समावेशन और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला संचालन में महिलाओं और दिव्यांगों की भर्ती में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# चालू वित्त वर्ष में दोपहिया वाहन खंड में छह से नौ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू दोपहिया वाहन खंड में चालू वित्त वर्ष 2025-25 में सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया स्थिर प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) मांग, शहरी खपत में सुधार, सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में संभावित कमी से वृद्धि को समर्थन मिलने की संभावना है। इक्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है, जिसे अनुकूल मांग से सहायता मिलेगी तथा अनुमानित जीएसटी कटौती से वृद्धि को गति देने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकता है। इसमें कहा गया कि जुलाई, 2025 में दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 15 लाख इकाई हो गई। मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने आगामी त्योहारों से पहले आपूर्ति में सुधार किया है। इक्रा ने कहा कि पिछले महीने खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की कमी आई, क्योंकि कमजोर शहरी मांग एवं भारी वर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही प्रभावित हुई जिससे बिक्री पर असर पड़ा। इसमें कहा गया कि निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है तथा जुलाई में इसमें वार्षिक आधार पर 32 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों (ई2डब्ल्यू) की बिक्री क्रमिक आधार पर धीमी रही। यह जुलाई में दो प्रतिशत घटकर 1,02,900 इकाई रही।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में 100 रुपये से लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आई है। इसके विपरीत चांदी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम महंगा हो गया है। कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये से लेकर 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 93,100 रुपये से लेकर 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,21,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा

# विधायी संस्थाओं की गरिमा कम होना चिंतनीय : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि विधायी संस्थाओं की गरिमा कम होना सभी जनप्रतिनिधियों के लिए चिंता का विषय है।

श्री बिरला ने महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल के केन्द्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचन के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर आज दिल्ली विधान सभा में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के समापन भाषण सम्मेलन में कहा कि हाल के दिनों में विधायी निकायों की गरिमा कम हुई है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी वर्ष पर, जनप्रतिनिधियों को विधायी निकायों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और गरिमापूर्ण चर्चा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को समझना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना चाहिए कि विधायी निकायों में विचारों की स्पष्ट अभिव्यक्ति जारी रहे, तथा सहमति



और असहमति दोनों के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत किया जाए।

उन्होंने विधिनिर्माताओं से उचित आचार संहिता का पालन करने का आह्वान किया और कहा कि जनता सदन के अंदर और बाहर उनके कार्यों और आचरण को देखती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को यह याद रखना चाहिए कि उनकी भाषा, विचार और अभिव्यक्ति लोकतंत्र की ताकत हैं और उन्हें सम्मानजनक और गरिमापूर्ण बनाए रखना आवश्यक है। विधायी निकायों के सदस्यों को अपने निकायों के नियमों, परंपराओं और परम्पराओं को बनाए रखना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि सदन को सदैव जनता की आवाज बनना चाहिए तथा सदन में बनाए गए कानून जनहित में होने चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि इस संबंध में पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान और भावी पीठासीन अधिकारी सदन की कार्यवाही को स्वतंत्र, निष्पक्ष और गरिमापूर्ण बनाए रखेंगे।

उन्होंने कहा कि यह सदन उन नेताओं के विचारों और अभिव्यक्ति का साक्षी रहा है जिन्होंने विधायी माध्यमों से स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। इस शताब्दी वर्ष पर, श्री विट्ठलभाई पटेल का व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन; अध्यक्ष के रूप में और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका हर भारतीय के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने जोर दिया कि श्री विट्ठलभाई पटेल ने अपने कार्यकाल में अध्यक्ष के अधीन एक स्वतंत्र सचिवालय की स्थापना की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जनता तक सही ढंग से पहुंच सके। यह प्रणाली आज भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। श्री पटेल की विरासत का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि उनके द्वारा स्थापित परंपराओं को बाद में भारत के संविधान में शामिल किया गया तथा राज्यसभा और लोकसभा दोनों के अपने स्वतंत्र सचिवालय हैं। संविधान निर्माताओं ने संसद सदस्यों और विधान सभाओं के विशेषाधिकार के रूप में सदन के भीतर सरकार की आलोचना करने की पूरी स्वतंत्रता दी। तथापि उन्होंने यह भी कहा कि इस विशेषाधिकार के साथ ही उचित आचरण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। श्री बिरला ने सभी राजनीतिक दलों से विधायी संस्थाओं में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने का आह्वान किया और कहा कि संवाद, चर्चा, सहमति और असहमति भारतीय लोकतंत्र की ताकत बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सहमति और असहमति जितनी अधिक विविधतापूर्ण होगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर श्री विट्ठलभाई पटेल की विरासत न केवल राष्ट्र को प्रेरित करेगी बल्कि उसे एक नयी दिशा की ओर भी ले जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पीठासीन अधिकारी श्री पटेल के पदचिन्हों पर चलने का ईमानदारी से प्रयास करेंगे।

# भारत और फिजी ने स्वास्थ्य और कृषि सहित कई क्षेत्रों में सात समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और फिजी ने रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार और निवेश, संस्कृति, खेल, शिक्षा तथा कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में व्यापक, समावेशी तथा दूरदर्शी और मजबूत साझेदारी के प्रति वचनबद्धता व्यक्त करते हुए सात समझौतों तथा समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए कई घोषणाएं भी की।

भारत यात्रा पर आये फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने श्री राबुका और उनके साथ आये शिष्टमंडल के सम्मान में भोज का आयोजन किया। राष्ट्रपति राबुका का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मिलने का कार्यक्रम है।

दोनों देशों के बीच जिन समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये उनमें फिजी में 100 बैड के एक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल के डिज़ाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए समझौता ज्ञापन प्रमुख है। जन औषधि योजना के अंतर्गत फिजी में सस्ती दवाओं की आपूर्ति पर भी समझौता किया गया है।

व्यापार, सहकारिता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और संचार मंत्रालय के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो और फिजी के राष्ट्रीय मापन एवं मानक विभाग ) के बीच फिजी की ओर से मानकीकरण के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और फिजी वाणिज्य एवं नियोक्ता संघ के बीच समझौता ज्ञापन के साथ साथ राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और फिजी विकास बैंक के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये गये हैं। दोनों देशों ने मानव क्षमता कौशल में वृद्धि के क्षेत्र में सहयोग के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), भारत और पैसिफिक पॉलीटेक फिजी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। उन्होंने त्वरित प्रभाव परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये हैं।

# चुनाव पारदर्शिता पर आयोग की ओर से छह माह में दलों के साथ 4700 से अधिक बैठकें

एजेंसी

नयी दिल्ली। मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) को लेकर मचे शोर-शराबे के बीच चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने और चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पिछले छह महीने में सभी दलों के साथ संवाद की नयी व्यवस्था के साथ 28 ठोस कदम उठाए गए हैं जिससे बिहार में सूची की सफाई का काम सहज ढंग से चल रहा है ।

आयोग ने पिछले छह महीने से राजनीतिक दलों के साथ उप-मंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ व्यवस्थित बैठक का कार्यक्रम चलाया है। मार्च में सभी राज्यों में उप-मंडल पर मतदाता-पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) से लेकर राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारियों ने राजनीति दलों के साथ 4719 बैठकें आयोजित की । इनमें विभिन्न दलों के कुल 28,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें 40 बैठकें मुख्य चुनाव अधिकारियों ने, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों और 3879 मतदाता पंजीयन ने ली थी। राजनीतिक दलों के साथ आयोग की ओर से सुव्यवस्थित बैठकों की यह परंपरा मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी के नेतृत्व में शुरू की गयी है और इसकी जरूरत बहुत पहले से महसूस की जा रही थी। आयोग पहले भी राजनीतिक दलों के साथ बैठकें करता था लेकिन वे मुख्य रूप से राजनीति दलों की पहल पर ही हुआ करती थीं। आयोग ने छह मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के प्रमुखों को भी मई में अलग अलग यहां अपने मुख्यालय पर आमंत्रित किया जिसमें अब तक कांग्रेस को छोड़ कर सभी दलों के प्रमुखों के साथ बैठके हो चुकी हैं। कांग्रेस पार्टी को 15 मई को बैठक करने के लिए आमंत्रित किया गया था। आयोग के अनुसार पार्टी ने उसे टाल दिया था, और बाद में किसी और तिथि पर बैठक तय करने के लिए आयोग की ओर से भेजे गए पत्र का जवाब नहीं दिया। राष्ट्रीय दलों में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती आयोग में छह मई को आयी थीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ आठ मई को, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव एमए बेबी के साथ 10 मई को , नेशनल पीपुल्स पार्टी के कॉनराड के संगमा के साथ 13 मई को और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ 15 मई को बैठक हुई थी।

# प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ संबंधों और विकास साझेदारी को मज़बूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है भारत: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत अपने विशेष भागीदार फिजी सहित सभी प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ संबंधों और विकास साझेदारी को मज़बूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत यात्रा पर आये फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्त्त के बाद राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की।

राष्ट्रपति ने श्री राबुका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ अपने संबंधों और विकास साझेदारी को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनमें फिजी एक विशेष भागीदार है। उन्होंने फिजी में एक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन पर



हस्ताक्षर किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह स्वास्थ्य सेवा सहयोग को बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण में एक मील का पत्थर है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि क्षमता निर्माण हमेशा से भारत-फिजी संबंधों का महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है, जिसमें भारतीय संस्थानों में फिजी के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीकों ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है, और हमें यूपीआई भुगतान प्रणाली, 'जन धन' और आधार जैसी पहलों में अपने अनुभव फिजी के साथ साझा करने में खुशी होगी। राष्ट्रपति ने भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि गिरमिटिया समुदाय का योगदान न केवल हमारे मजबूत संबंधों को बनाए रखने में, बल्कि फिजी की बहुसांस्कृतिक पहचान, विविध समाज और अर्थव्यवस्था को आकार देने में भी महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक और बहुआयामी साझेदारी के रूप में भारत फिजी के सामाजिक-आर्थिक विकास में भागीदार है। इसमें स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण, तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन जैसी फिजी की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्रीमती मुर्मु ने 2024 में फिजी की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात और स्थानीय जनजातीय बुजुर्गों द्वारा सुंदर पारंपरिक स्वागत को याद किया। उन्होंने जीवंत भारतीय मूल के समुदाय के सदस्यों के साथ अपनी बातचीत को भी याद किया और दोनों देशों के बीच समझ तथा मित्रता को गहरा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

# पेज एक का शेष

## जो मोमेंटम हमने बनाया...

धैर्य रखें, जिससे आपका लक्ष्य आपको दिखे। मीडिया से मुखातिब शुभांशु ने कहा अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव काफी यूनिक था। उस दृश्य को इमेजिन करना बड़ा मुश्किल है। बगैर ग्रेविटी के रहना अपने आप में एक चुनौती है। वहां पर ग्रेविटी ना होकर शरीर को काफी एडजस्ट करना पड़ता है। एडजस्टमेंट के बाद वहां पर वातावरण नॉर्मल हो जाता है। उन्होंने कहा माइक्रोग्रैविटी भारत के लिए नए द्वार खोलती है। सिर्फ अंतरिक्ष विज्ञान में ही नहीं, बल्कि चिकित्सा, सामग्री अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में भी। जब हम यह समझते हैं कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में मानव शरीर और वस्तुयें कैसे व्यवहार करती हैं, तो हमें ऐसे नवाचार मिलते हैं जो धरती पर जीवन को बदल सकते हैं। भारत के लिए यह केवल अन्वेषण नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने वाले समाधान खोजने का अवसर है। शुभांशु ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत अच्छा दिखता है। अंतरिक्ष में जाने का मिशन अपने आप में चैलेंज है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि एस्ट्रोनॉट तो सामने देखते हैं लेकिन उनके पीछे बहुत बड़ी टीम होती है। उन्होंने कहा कि यह बहुत चुनौती भरा होता है। इनको अचीव करते समय आप बहुत सारी प्रॉब्लम सॉल्व करते हैं। जिनके बारे में आपको मालूम नहीं था कि आप कर सकते हैं। एक्सपेरिमेंट के चलते माइक्रो गो की प्रॉब्लम खत्म होगी। उन्होंने कहा मुझे लगता है की पहली बार भारतीय एक्सपेरिमेंट वहां पर जाकर किये हैं। उन्होंने कहा कि बदलते भारत और विकसित भारत का जो 2047 का सपना है। वह किसी एक चीज से अचीव नहीं होगा। बल्कि उसके लिए विभिन्न पहलुओं के जरिये रोड मैप मिलेगा की जहां जाना चाहते हैं वहां हम कैसे पहुंचे। इसके लिए स्पेस मिशन का हर एक्सपेक्ट को इस्तेमाल किया जा सकता है। टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में, यूथ को इंस्पायर करने में, साइंस टेक्नोलॉजी में। मुझे लगता है कि अगर हम हर पहलू को देखेंगे तो उससे हमें एक रोड मैप मिलेगा। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा मेरी आस्था मेरी टीम में है। मुझे लगता है कि ग्राउंड पर जो इतनी बड़ी टीम लगी है, कितनी बड़ी आस्था उनकी भी लगी है। मैं कुछ समय पहले दिल्ली आया था। वहां पर काफी लोगों से मुलाकात हुई और वहां पर भी सम्मान हुआ। मैं जब से लखनऊ वापस आया हूं, मुझे जिस तरीके का सपोर्ट मिल रहा है। मैंने कल्पना नहीं की थी। हमें आगे जो काम करना है, उसके लिए आज मुझे काफी साहस मिला है। इससे पूर्व छात्रों के साथ मुखातिब होते हुए शुभांशु शुक्ला ने छात्रों को अंतरिक्ष यात्रा की चुनौतियों और सीख के बारे में बताया। उन्होंने कहा ल्ह आप सब ही हमारी अनोखी ताकत हैं, आप हमें ग्लोबल स्पेस एक्सपीडिशन में मदद करेंगे। जब कोई अंतरिक्ष में जाता है तो वह एक नए जीवन की तरह होता है। शरीर ने कभी भी शून्य गुरुत्वाकर्षण का अनुभव नहीं किया होता। वहाँ पहुँचकर दिल धीरे-धीरे धड़कना शुरू करता है। मानव शरीर एक उपन्यास की तरह है, जो बहुत जल्दी नए वातावरण में ढल सकता है। शुक्ला ने बताया कि मिशन के दौरान सात भारतीय और चार वैश्विक प्रयोग किए गए, जिनका मकसद वैज्ञानिक खोजों को आगे बढ़ाना था। आपात स्थितियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में खतरे अचानक उत्पन्न हो सकते हैंजैसे फायर अलार्म बजना, फॉल्स अलार्म आना, ज़मीन से चेतावनी मिलना, या फिर छोटी-छोटी तैरती वस्तुएँ जो कभी-कभी नुकीली हो सकती हैं। धरती पर लौटने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, जब आप वापस आते हैं तो दिमाग भूल जाता है कि कितनी मेहनत करनी पड़ती है। सब कुछ बहुत भारी लगने लगता है।

## दुनिया में हर...

ने कहा कि 60-65 साल देश पर राज करने वाली कांग्रेस ने भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रखा, जिससे वो सरकार में बैठे-बैठे इंपोर्ट में भी घोटाले कर सकें। लेकिन आज भारत ने आत्मनिर्भरता को विकसित भारत के निर्माण का आधार बना दिया है। किसानों, मछुआरो, उद्यमियों के दम पर भारत तेज़ी से विकास के रास्ते पर चल रहा है। आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी...

कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने को तैयार है, लेकिन आरटीआई अधिनियम के तहत 'अजनबियों द्वारा जांच' के लिए उन्हें पब्लिक नहीं किया जा सकता है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने तर्क दिया कि वह छात्रों की जानकारी को एक नैतिक दायित्व के मुताबिक सुरक्षित रखता है और जनहित के अभाव में 'केवल जिज्ञासा' के आधार पर, आरटीआई कानून के तहत निजी जानकारी मांगने का औचित्य नहीं बनता। विश्वविद्यालय ने तर्क दिया, ''धारा 6 में यह अनिवार्य प्रावधान है कि जानकारी देनी होगी, यही मकसद है, लेकिन आरटीआई अधिनियम किसी की जिज्ञासा को शांत करने के लिए नहीं है। हालांकि, विश्वविद्यालय की तरफ से अदालत को बताया गया कि वह प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री रिकॉर्ड अदालत में पेश करने को तैयार है, लेकिन आरटीआई अधिनियम के तहत 'अजनबियों द्वारा जांच' के लिए उन्हें पब्लिक नहीं कर सकता। आरटीआई आवेदक नीरज शर्मा की तरफ से पेश हुई सीनियर वकील संजय हेगड़े ने सीआईसी के आदेश का बचाव करते हुए तर्क दिया कि सूचना का अधिकार अधिनियम व्यापक जनहित में प्रधानमंत्री के शैक्षिक रिकॉर्ड के खुलासे की अनुमति देता है। उन्होंने यह भी कहा कि आरटीआई द्वारा मांगी गई जानकारी आमतौर पर किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित की जाती है और पहले इसे नोटिस बोर्ड, उसकी वेबसाइट और यहां तक कि समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाता था। जस्टिस सचिन दत्ता ने विश्वविद्यालय की अपील स्वीकार कर ली और आयुक्त के आदेश को रद्द कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षिक योग्यताएं भी राजनीतिक विवाद का विषय बन गई हैं, जहां आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी दल उनकी डिग्रियों की प्रामाणिकता पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, बीजेपी ने डिग्रियों की प्रतियां प्रस्तुत कीं और विश्वविद्यालयों ने सार्वजनिक रूप से उनकी वैधता की पुष्टि की, फिर भी कानूनी लड़ाई जारी रही।

## भूस्वामियों को ...

कहा कि राज्य का झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र (सुधार, निकासी और पुनर्विकास) अधिनियम, 1971 (''झुग्गी-झोपड़ी अधिनियम'') के अध्याय 1-क में यह बात साफ तौर पर कही गई है। साथ ही इस अधिनियम की धारा 14 कहती है कि राज्य, ऐसी जमीन के अधिग्रहण के मामले तब तक कोई कार्रवाई नहीं कर सकेगा जब तक कि भूस्वामी का जमीन पर बना रहता है। इस मामले में विचाराधीन भूमि 1970 से इंडियन कॉर्क मिल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की थी। समय के साथ, इस पर झोपड़ीवासियों ने अतिक्रमण कर लिया और बाद में सरकार ने इसके एक हिस्से को मलिन बस्ती क्षेत्र घोषित कर दिया। बाद में निवासियों ने 2002 में ताराबाई नगर हाउसिंग सोसाइटी का गठन किया। जब सोसाइटी ने पुनर्विकास के लिए अधिग्रहण का अनुरोध किया, तो राज्य ने कार्यवाही शुरू करते हुए 2016 की एक अधिसूचना के तहत भूमि का अधिग्रहण किया। कंपनी ने बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने अधिग्रहण को रद्द कर दिया। इस निर्णय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई। अदालत ने 2017 के यथास्थिति आदेश को रद्द कर दिया और कंपनी को भूमि के पुनर्विकास के लिए अपनी झुग्गी पुनर्वास योजना प्रस्तुत करने के लिए 120 दिन का समय दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान...

बताया। श्री सिंह ने रक्षा एवं खेल अकादमी जैसी पहलों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है। दृढ़ता, अनुशासन, धैर्य और दृढ़ संकल्प जैसे गुण एक सैनिक के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने एक खिलाड़ी के लिए। रक्षा, शिक्षा और खेल के इस संगम से निकले छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया जो ज्ञान, संस्कृति और शक्ति के मामले में दुनिया में अग्रणी हो। रक्षा मंत्री ने देश की रक्षा में राजस्थान के सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि इस क्षेत्र में जवानों के अनुपात में अधिकारी नहीं बन रहे हैं। उन्होंने लोगों से सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में शामिल होने और राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने में योगदान देने का आग्रह किया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

बुलंदशहर में सड़क...

पुलिस ने घायलों को कैलाश खुर्ज़ा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिये भेजा जिसमें गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। वर्तमान में 10 घायलों का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व 10 घायलों का जिला अस्पताल बुलन्दशहर तथा अन्य 23 घायलों का कैलाश अस्पताल खुर्ज़ा में इलाज चल रहा है। घायलों में दो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है एवं अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना करने वाला ट्रक संध्या पत्नी संदीप निवासी फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत है जिसको कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है, जो कि धान की भूसी लादकर जा रहा था। मृतकों में ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40),रामबेटी (65),चांदनी (12),.घनीराम (50), मोक्षी(40),शिवांश (06) योगेश (50),सोरेन सिंह (45) और विनोद (45) शामिल हैं। इस दौरान उपचार के दौरा नेम सिंह की मृत्यु हो गयी। घटनास्थल पर पहुँचीं और एम्बुलेंस तथा राहगीरों की मदद से घायलों को पास के अस्पतालों में पहुँचाया। कुल 29 घायलों को कैलाश अस्पताल, 18 को मुनि सीएचसी और 10 को जटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैलाश अस्पताल के डॉक्टरों ने दो बच्चों समेत छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि मुनि सीएचसी में दो और लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी श्रुति और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह स्थिति का जायजा लेने और घायलों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए घटनास्थल पर पहुँचे। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह ने तीर्थयात्रियों के विवरण और घटनाक्रम की पुष्टि की। पुलिस अधीक्षक (अपराध) शंकर प्रसाद, एडीएम प्रमोद कुमार पांडे, एसडीएम प्रतीक्षा पांडे, सीओ पूर्णिमा सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी और चार थानों की पुलिस बल बचाव और समन्वय प्रयासों के लिए घटनास्थल पर पहुँची।

## जेल से सरकार चलाना...

तो कार्रवाई अवश्य होगी। उन्होंने कहा, ल्हमारे शासनकाल में भी अदालतों के आदेश पर कई मामले दर्ज हुए हैं। यह कहना कि भाजपा केवल विपक्षी दलों को निशाना बनाती है, जनता को गुमराह करने का प्रयास है। शाह ने विपक्ष द्वारा जेपीसी के बहिष्कार पर कहा कि यदि विपक्ष इस प्रक्रिया से बाहर होता है, तो यह सीधा-सीधा संवैधानिक व्यवस्था को नकारने जैसा है। उन्होंने कहा, ल्हजेपीसी का काम बिना विपक्ष के भी चलेगा, लेकिन देश की जनता गवाह है कि कौन लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है और कौन अवरोध पैदा कर रहा है। अपने ऊपर विपक्ष के आरोपों पर शाह ने कहा कि जब उन पर केस दर्ज हुआ था, तो उन्होंने तुरंत इस्तीफ़ा दे दिया और अदालत से निर्दोष साबित होने तक कोई पद स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा, ल्हकांग्रेस मुझे नैतिकता न सिखाए। मैंने खुद को न्यायिक प्रक्रिया के सामने प्रस्तुत किया और अदालत से बरी हुआ। जबकि आज विपक्ष सत्ता बचाने के लिए जेल से सरकार चलाने की संस्कृति को वैध ठहराना चाहता है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि यह कानून अदालतों को भी त्वरित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करेगा। शाह ने कहा, ल्हयदि किसी का पद दांव पर हो, तो अदालतें निश्चित रूप से संवेदनशील होकर समय पर जमानत पर निर्णय देंगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया तेज़ होगी।ङ्क उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट मत है कि कोई भी मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या मंत्री जेल में रहकर सरकार नहीं चला सकता। यह कानून लोकतंत्र की गरिमा और नैतिक मूल्यों को मज़बूत करेगा।

## जेपीसी का बहिष्कार होने ...

गृह मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि श्री शाह का मानना है कि देश में कोई भी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री हो, वे जेल में रहकर सरकार नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि 130वें संविधान संशोधन में यह प्रावधान किया गया है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भारत सरकार के मंत्री या राज्य सरकार के मंत्री किसी भी गंभीर आरोप में गिरफ्तार होते हैं और 30 दिन तक उन्हें ज़मानत नहीं मिलती है तो उन्हें उनके पद से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनी हुई सरकार संसद में कोई भी विधेयक या संविधान संशोधन लाए उस पर विपक्ष का कोई विरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत चाहिए और जब इस पर मतदान हो तो सब दल इस पर अपना मत दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर जेपीसी बनाने का निर्णय होने के बाद भी कोई पार्टी इसका बहिष्कार करती है तो सरकार के पास कोई विकल्प नहीं है। विधेयक को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के सदस्यों से मशविरा करने के बाद एक सोची समझी राय जेपीसी के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष को बात रखने का मौका देती है लेकिन अगर विपक्ष अपनी बात रखना ही नहीं चाहता तो देश की जनता भी यह सब देख रही है। गृह मंत्री ने कहा अगर कोई भ्रष्टाचार में गर्दन तक डूबा है तो फिर वह अरेस्ट भी होगा, जेल भी जाना पड़ेगा और इस्तीफा भी देना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विधेयक पारित हो जाएगा और विपक्ष में कई लोग ऐसे होंगे जो नैतिकता के आधार पर इसका समर्थन करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि विधेयक केवल विपक्ष के लिए ही नहीं बल्कि सत्तारूढ पार्टी के मुख्यमंत्रियों के लिए भी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह कहकर कि सरकार के लोगों के खिलाफ प्राथमिकी नहीं होती है, जनता को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा , ल्ह इसमें 30 दिन तक जमानत का प्रावधान किया गया है और अगर फर्जी केस होगा तो देश की अदालतें आंखें मूंद कर नहीं बैठेंगी। किसी भी केस में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को जमानत देने का अधिकार है और अगर ज़मानत नहीं मिलती है तो पद छोड़ना पड़ेगा। क्या कोई मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या मंत्री जेल में रह कर सरकार चला सकता है। क्या ये देश के लोकतंत्र के लिए शोभनीय है। तीस दिन के बाद ज़मानत मिल जाती है तो वे फिर शपथ ले सकते हैं। श्री शाह ने कहा कि जेल में डालने का प्रावधान उनकी सरकार ने नहीं बनाया वह सालों से चलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि 130वें संविधान संशोधन में गंभीर अपराध की व्याख्या की गई है कि जहां पांच साल से अधिक सज़ा का प्रावधान है वहां पद छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून में प्रावधान है कि किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को दो साल या अधिक की सज़ा होती है तो वह सांसद के रूप में अपने स्थान से मुक्त हो जाएगा। श्री शाह ने कहा कि आज़ादी से अब तक कई नेता, मंत्री और मुख्यमंत्री इस्तीफा देकर जेल गए। उन्होंने कहा अब यह ट्रेंड शुरू हुआ है कि जेल जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया। तमिलनाडु के कुछ मंत्रियों, दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने इस्तीफा नहीं दिया। क्या सरकार के सचिव, डीजीपी, मुख्य सचिव इनके पास आदेश लेने के लिए जेल में जाएंगे। इस मुद्दे पर चिंता और चर्चा होनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं अपने आप को इस संविधान संशोधन के तहत रखा है। उन्होंने कहा कि मुख्य विपक्षी दल की तत्कालीन प्रधानमंत्री 39वां संविधान संशोधन लेकर आई थीं जिसमें उन्होंने खुद को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के साथ मुकदमों के दायरे से बाहर रखा था। उन्होंने कहा ,ल्ह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने खिलाफ खुद संविधान संशोधन लेकर आए हैं कि अगर प्रधानमंत्री भी जेल जाएगा तो उसे इस्तीफा देना होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में कोर्ट में कोई देरी नहीं होगी क्योंकि कोर्ट को तुरंत इंटरवीन करना होगा। इससे फैसला जल्दी होगा क्योंकि हमारी अदालतें भी कानून की गंभीरता को समझती हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सीएमडीएफ और एमएलए-एलएडी योजनाओं की समीक्षा बैठक की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री विकास निधि (सीएमडीएफ) और विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास (एमएलए-एलएडी) योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक की। यह जानकारी सीएमओ दिल्ली एक्स अकाउंट पर साझा की गयी।

इसके मुताबिक जिन विधायकों को अपने क्षेत्र में किसी विकास कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता होगी, वह अब इस निधि से राशि ले सकते हैं। एक प्रोजेक्ट की अधिकतम लागत 10 करोड़ रुपये तय की गई है। यह योजना स्थानीय स्तर पर विकास के लिए लचीला और गतिशील तंत्र प्रदान करेगी। इसकी विशेषता यह भी है कि प्रशासनिक विभाग, स्थानीय निकाय और स्वायत्त संस्थाएं (अपने प्रशासनिक सचिवों के माध्यम से) परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के लिए जिम्मेदार होंगी, जो मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आधारित होंगे। योजना विभाग प्रोजेक्ट की कुल राशि का 50 प्रतिशत अग्रिम देगा और शेष 50 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद जारी किया जाएगा। यह भुगतान कार्य की प्रगति, उपयोग प्रमाणपत्र और पूर्णता प्रमाणपत्र के आधार पर संबंधित विभाग या एजेंसी को किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक अपने फंड से विकास कार्य अब दिल्ली नगर निगम से भी करा सकेंगे। पहले यह काम सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग या दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) से ही करवा पाते थे। इसमें समस्या यह आती थी कि छोटे विकास कार्यों में ज्यादा समय लगता था, क्योंकि ये विभाग बड़े काम प्राथमिकता के आधार पर करते हैं। अब छोटे कार्य जल्द ही नगर निगम द्वारा निपटा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विकास निधि का उद्देश्य दिल्ली के बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करना है। इस योजना को 2025-26 में लागू करने के लिए दिल्ली सरकार के योजना विभाग को 1400 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है।

# पंजाब में आतंकी साजिश नाकाम, चार हथगोले दो किलो आरडीएक्स युक्त आईईडी बरामदं

## बटाला से एक आतंकी काबू, एक फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने आईएसआई समर्थित आतंकी माड्यूल को नाकाम करते हुए एक आरोपी की गिरफ्तार करके चार हथगोले तथा एक आरडीएक्स आधारित आईईडी बरामद किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक (डीजीपी ) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र बटाला की पुलिस ने एक आतंकी को गिरफ्तार किया है जबकि उसका दूसरा साथी फरार है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी निशान सिंह उर्फ निशान जोड़िया के इशारे पर काम करता था। निशान सिंह पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकवादी हरविंद्र सिंह रिंदा के निर्देश पर काम कर रहा है। डीजीपी ने बताया कि बटाला के गांव बलपुरा से पुलिस ने चार हथगोले, दो किलोग्राम आरडीएक्स युक्त एक आईईडी बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने कई संचार उपकरण भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि यह खेप ब्रिटेन स्थित बीकेआई आतंकवादी निशान सिंह उर्फ निशान जोडिया के निर्देश पर रखी गई थी, जोकि पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा समर्थित पाक स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देशों पर काम कर रहा था। डीजीपी के अनुसार पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए जाँच जारी है।

# प्रभावितों की सुरक्षा और राहत प्रशासन की प्राथमिकता: एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को आपदा प्रभावित क्षेत्र के चेपडों गांव क जायजा लेते हुए प्रभावितों से भेंट कर उनके हालचाल जाने और प्रशासन की ओर से हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रभावितों की सुरक्षा और राहत कार्य प्रशासन की प्राथमिकता में है। एडीएम ने थराली क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित स्थानों का किया स्थलीय निरीक्षण करते हुए आपदा प्रभावित परिवारों से भेंट कर प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जनपद में जारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए सभी लोग सुरक्षित रहें इसके लिए प्रशासन की ओर से बनाए गए आपदा राहत शिविरों में रहें वहां पर सभी आवश्यक सुविधाएं प्रशासन की ओर से की गई है। उन्होंने बताया कि मलबा साफ कर सड़कों को लगभग सुचारु कर दिया गया है। मौसम अनुकूल रहने पर शीघ्र ही पेयजल व्यवस्था को बहाल कर दिया जाएगा। विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर रहा है और आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उनके साथ एसडीएम अबरार अहमद मौजूद रहे।

# पठानकोट के कई हिस्सों में बाढ़, पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना पुराना पुल चक्की नदी में बहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में शनिवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण पठानकोट ज़िले में बाढ आने के कारण पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना पुराना पुल चक्की नदी में बह गया है। इसके अलावा भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे गाँवों में हालात गंभीर बन गए हैं। उझ नदी, रावी नदी और अन्य जल निकासी नहरों में पानी का बहाव बढ़ने से किसानों की फ़सलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

पठानकोट जिले में मौसम लगातार कहर बरपा रहा है। भारी बारिश के कारण हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। नदियां और छोटी नदियां उफान पर हैं, जिससे पठानकोट के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। बारिश से हुए नुकसान ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ा दी हैं। चक्की नदी सबसे ज्यादा चिंता का विषय बनी हुई है। इस नदी की बाढ़ के कारण पठानकोट को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रेलवे पुल खतरे में नजर आ रहा है। कुछ हिस्सों में नदी का बहता पानी पुल की संरचना को प्रभावित कर रहा है। इसके अलावा पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना पुराना पुल भी चक्की नदी में बहकर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पठानकोट प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की है। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर चक्की नदी पर बने नए पुल को भी बंद कर दिया गया है। इस फैसले के बाद पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग को एक तरफ से बंद कर दिया गया है। दीनानगर-बामियाल मार्ग (बाया कोहलियान ) पर भारी बारिश से भारी नुकसान हुआ है और जलालिया नाले के पास सड़क का लगभग 30 से 40 फ़ुट हिस्सा बह गया है, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। चक्की नदी में बाढ़ के कारण, रविवार को पठानकोट में चक्की नदी पर बना एक पुराने सड़क पुल का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ के पानी में बह गया। हालाँकि यह पुल इस्तेमाल में नहीं है, लेकिन हिमाचल प्रदेश से निकलने वाली नदी में आई बाढ़ के कारण किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने नए पुल के एक तरफ़ को बंद कर दिया है। यह पुल जालंधर से आने वाले यात्रियों के लिए खुला है, जबकि जालंधर जाने वालों के लिए मार्ग बदल दिया गया है। बाढ़ के पानी ने जालंधर-पठानकोट-जम्मू रेल संपर्क पर बने महत्वपूर्ण रेलवे पुल के नीचे नदी के किनारे की मिट्टी को बहा दिया है। यह पुल जम्मू-कश्मीर को पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य राज्यों से जोड़ता है। इस बीच, जिले के मनवाल इलाके में एक मौसमी नाले के किनारे स्थित एक मकान बाढ़ के पानी में बहकर पूरी तरह ढह गया। हालाँकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उधर, प्रशासन ने चक्की नदी के आसपास की आबादी वाले इलाके को खाली करवाकर निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है।

कल रणजीत सागर बांध के फ्लड गेट और एक स्पिलवे गेट खोलकर 6,400 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। स्थिति का जायज़ा लेने और उसके अनुसार कदम उठाने के लिए, कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने प्रभावित स्थलों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पानी कम होते ही सड़क को जल्द से जल्द बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों का ज़मीनी आकलन कर लिया गया है और इस बारिश से हुई फ़सलों के नुकसान की भरपाई पंजाब सरकार करेगी।

# यमुना पुल से कूदा युवक, एनडीआरएफ की टीम कर रही तलाश

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के सनलाइट कॉलोनी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात 21 वर्षीय युवक ने यमुना पुल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की तलाश में एनडीआरएफ और दमकल विभाग की टीमें लगातार जुटी हुई हैं, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार, रात करीब 11:22 बजे थाना सनलाइट कॉलोनी में पीसीआर कॉल सूचना मिली कि एक युवक ने डीएनडी फ्लाईओवर के पास वीडियो कॉल के दौरान यमुना पुल से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस व पीसीआर वैन मौके पर पहुंची। पुल पर एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद हुए। कॉल करने वाली युवती सुमन ने बताया कि पीड़ित युवक ऋतिक (21) उसका भाई है, जो पिछले कुछ महीनों से उसके साथ करोल बाग स्थित मकान में रह रहा था और नौकरी की तलाश कर रहा था।

# भारत कौशल प्रतियोगिता के लिए 30 सितंबर तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला के जिला रोज़गार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी राजन शर्मा ने सोमवार को बताया कि 'भारत कौशल प्रतियोगिता-2025' का आयोजन किया जा रहा है, जिससे युवाओं को वैश्विक स्तर पर अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। श्री शर्मा ने बताया कि ये प्रतियोगितायें पूरे भारत में 04 वर्गों में आयोजित की जायेंगी और इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभाशाली युवाओं को चीन के ज़िंगहाई शहर में जाकर वैश्विक स्तर पर अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी आईटीआई एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, साइबर सिक्योरिटी जैसी 63 प्रकार की कौशल श्रेणियों में अपना हुनर दिखा सकते हैं।

# यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर फायरिंग करने वाले दो शार्प शूटर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर नीरज फरीदपुरियाऽहिमांशु भाऊ गिरोह से जुड़े दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये वही आरोपित हैं जिन्होंने 17 अगस्त को गुरुग्राम में यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। पुलिस ने इनके कब्जे से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार 17 अगस्त की सुबह करीब 5:25 बजे तीन बदमाश मोटरसाइकिल से एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर पहुंचे थे। उनमें से दो ने घर पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जबकि तीसरा बाहर बाइक पर खड़ा रहा। बाद में गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस मामले में गुरुग्राम के थाना सेक्टर-56 में एफआईआर दर्ज की गई थी। डीसीपी के अनुसार, स्पेशल सेल की टीम को पुख्ता सूचना मिली कि इस घटना में शामिल दो आरोपित दिल्ली में फिर से किसी को मारने की साजिश रच रहे हैं। सूचना को पुख्ता कर एसीपी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 24 अगस्त को शाहबाद डेयरी के पास खेड़ा नहर इलाके में जाल बिछाया। दोपहर में दोनों आरोपित वहां पहुंचे। पुलिस ने जब घेराबंदी की तो एक ने पिस्टल से फायर करने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया और दोनों को सुरक्षित पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान फरीदाबाद निवासी गौतम सिंह उर्फ निक्का (22) और फरीदाबाद निवासी आदित्य तिवारी (19) के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि हमले के बाद नेपाल बॉर्डर की ओर दोनों भागे थे। लेकिन गिरोह के सरगना ने उन्हें वापस दिल्ली लौटने का आदेश दिया। पकड़ा गया आरोपित गौरव सिंह उर्फ निक्का ने 10वीं तक पढ़ाई की है। वर्ष 2024 में राजस्थान में एक मूर्ति तोड़फोड़ मामले में वह शामिल था। वहीं आदित्य तिवारी मूल रूप से बिहार के तैमूर जिले का रहने वाला है। वह बीसीए की पढ़ाई कर रहा है। इसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने नीरज फरीदपुरियाऽहिमांशु भाऊ गिरोह के इशारे पर हमला किया था और गिरोह ने ही उन्हें हथियार और रुपये उपलब्ध कराए थे। डीसीपी के अनुसार पुलिस ने इनके खिलाफ स्पेशल सेल थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# कपूरथला जिले में हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कपूरथला जिले में हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

कपूरथला के ज़िला मजिस्ट्रेट-सह-उपायुक्त अमित कुमार पंचाल ने सोमवार को आदेश जारी कर कहा कि यह प्रतिबंध न केवल सार्वजनिक समारोहों और आयोजनों पर लागू होगा, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर भी लागू होगा, जहाँ हथियारों का प्रदर्शन या प्रचार भी प्रतिबंधित होगा। इस कदम का उद्देश्य हिंसा के महिमामंडन को रोकना है, जिसमें आक्रामकता को बढ़ावा देने वाले गाने या हथियारों का प्रदर्शन भी शामिल है। ये प्रतिबंध सार्वजनिक सभाओं, धार्मिक स्थलों, शादियों, पार्टियों और अन्य सामाजिक समारोहों पर भी लागू होंगे, जहाँ हथियार ले जाना या प्रदर्शित करना सख्त वर्जित होगा। इसके अतिरिक्त, किसी विशिष्ट समुदाय को लक्षित करने वाले किसी भी अभद्र भाषा के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस कप्तान और जिले के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को इन आदेशों का पालन सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों को कानूनी परिणाम भुगतने होंगे और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आवश्यक कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा गया है। जिले में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए ये उपाय 21 अक्टूबर तक लागू रहेंगे।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बीपी मंडल को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक दिन (रविवार) के स्वास्थ्य लाभ के बाद सोमवार सुबह से सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री एक के बाद एक कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया, तो वहीं बीपी मंडल की जयंती समारोह में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सबसे पहले बीपी मंडल की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल होने के लिए देश रत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा के पास पहुंचे और बीपी मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद थे। बीपी मंडल को नमन करते के बाद मुख्यमंत्री पटेल गोलंबर से इको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक भूमिगत नाला और चार लेन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 196.80 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होना है। बिहार सरकार के कई मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री 328.52 करोड़ की लागत से पटना शहरी क्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के आधुनिकीकरण और बिजली तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की परियोजना का कार्य आरंभ किया। पटना के डाक बंगला पर इसके लिए विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव सहित कई अन्य मंत्री इस कार्यक्रम में भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना साइंस कॉलेज के न्यूटन हॉस्टल के पास आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए, जिसमें कई योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इसके बाद जेपी गंगा पथ के पास मुख्यमंत्री शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 387.40 करोड़ की लागत से दीघा से गांधी मैदान तक की कई योजनाओं का शिलान्यास किया है। इसी तरह करोड़ों रुपये की कई योजनाओं का तोहफा पटना को दिया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को मुख्यमंत्री को कई कार्यक्रम में शामिल होना था, तैयारी भी हो गई थी। लेकिन अचानक कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम रद्द होने की बात कही। हालांकि, चर्चा यह होने लगी कि मुख्यमंत्री अस्वस्थ हो गए हैं और इसी कारण कार्यक्रम रद्द हुआ है। लेकिन आज सुबह से ही मुख्यमंत्री व्यस्त दिख रहे हैं।

# सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से जनता की सुरक्षा फिर कुत्तों के रहम पर: प्रो चावला

अमृतसर। पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने सोमवार को कहा कि आवारा कुत्तों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले से जनता की सुरक्षा फिर कुत्तों के रहम पर निर्भर हो गयी है। प्रो चावला ने कहा, हम विश्व की बहुत बड़ी सेना के स्वामी हैं, चौथी अर्थव्यवस्था बन गये हैं, पर कुत्तों से हमारी रक्षा कोई नहीं कर सका । केंद्र सरकार बताये कि कितने लोगों को कुत्तों ने मारा और क्या सरकार ने उन्हें कोई राहत दी। केंद्र सरकार ने यह जानकारी तो जनता को दे दी कि पिछले वर्ष 37 लाख से ज्यादा लोगों को कुत्तों ने काटा और सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय भी दे दिया, जो अधिकतर कुत्तों के पक्ष में तो नहीं, लेकिन कुत्ता प्रेमियों को जरूर प्रसन्न कर गया।ङ्क प्रो चावला ने कहा, ह्ल मेरा सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार से भी निवेदन है कि बतायें, पिछले वर्ष या पिछले 10 वर्षों में जो लोग कुत्तों के काटने से मर गये और कुछ अपाहिज भी हो गये, उनके लिए क्या राहत राशि देने का सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है, या केंद्र सरकार दिलाएगी? उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि केंद्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय को यह जानकारी दे कि पिछले 10 वर्षों में कितने लोग कुत्तों के काटने से मारे गये, कितने रेबीज से सक्रंमित हुए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063